जबलपुर
शुक्रवार 27 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष –9
वर्ष : 20, अंक : 325
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राम नवमी की मंगलकामनाएं



harib-



बाबा महाकाल का श्रृंगार किया गया

अष्टमी पर विशेष पूजा व भव्य आरती

# मैहर में आस्था का सैलाब, महाकाल में भस्म आरती देखने श्रद्धालु उमड़े

***अलग-अलग मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखने लायक, सुबह से ही भक्तों की कतारें***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी का दिन पूरे देश में खास श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है और इस बार भी अलग-अलग जगहों पर भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। मैहर में स्थित प्रसिद्ध मां शारदा देवी मंदिर में तो मानो आस्था का सागर उमड़ पड़ा हो। गुरुवार सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और हर कोई माता के दर्शन के लिए आतुर नजर आया। मंदिर में अष्टमी के मौके पर विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रधान पुजारी पवन दाऊ महाराज ने पूरे विधि-विधान से माता की आरती की और भोग अर्पित किया। इधर, चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर गुरुवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दरबार में भक्तों का सैलाब देखने को मिला। सुबह की भस्म आरती के दौरान हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए उमड़े। सबसे पहले भोर में भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेकर मंदिर के कपाट खोले गए। महानिर्वाणी अखाड़े द्वारा पहले बाबा का जलाभिषेक किया गया और बाद में पंचामृत से स्नान करवाया गया। इस पंचामृत में शुद्ध दूध, ताजा दही, देसी घी, शक्कर, शहद और विभिन्न फलों के रस का मिश्रण शामिल था। अभिषेक के बाद भस्म आरती का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बाबा को भस्म चढ़ाई गई और आरती उतारी गई।



मैहर में भारी भीड़ नजर आई



मैहर की मां शारदा

## नवमी-मां सिद्धिदात्री



सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

## संजय टाइगर रिजर्व में मिला तेंदुए का शव

**सीधी।** जिले के संजय टाइगर रिजर्व के मड़वास बफर क्षेत्र में गुरुवार सुबह गश्त के दौरान एक नर तेंदुए का शव मिला। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के तहत मौके को सुरक्षित किया गया।

# ट्रक से टकराई बस, 10 लोगों की मौत, 30 घायल

**छिंदवाड़ा में भीषण सड़क हादसा**

**सीएम के कार्यक्रम से लौट रही बस हादसे की शिकार हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में सेमरिया हनुमान मंदिर मोहखेड़ के पास बस हादसे का शिकार हो गई। छिंदवाड़ा एसपी ने हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है, मृतकों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं व एक बच्चा शामिल है। बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है, हादसे में 41 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बस में सवार सभी लोग सीएम के कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी बस की ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस पलट गई और चीख पुकार मच गई। घटना का पता चलते ही पुलिस व प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा है जो घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटा हुआ है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मची हुई है। बस पलटने की सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। 20 से ज्यादा एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद सड़क पर 4-5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। जो बस हादसे का शिकार हुई है वो भंडारकुंड करेर की बताई जा रही है। हादसे में एक यात्री का हाथ कटकर अलग हो गया और कई के सिर फूटे हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा गुरुवार शाम करीब साढ़े 6 बजे उमरानाला इलाके में हुआ। यह छिंदवाड़ा से उमरानाला की ओर जा रही थी। बस छिंदवाड़ा के पुलिस ग्राउंड में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से वापस लौट रही थी।



टक्कर के बाद बस और ट्रक के परखच्चे उड़ गए

# पीएम आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बड़ी बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में टीम इंडिया की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे। बैठक में वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश में स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हो सकती है। जिन राज्यों में फिलहाल चुनाव चल रहे हैं, वे आचार संहिता के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।



नरेंद्र मोदी



### पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा

# दक्षिण 24 परगना में भाजपा कार्यकर्ताओं को पीटा पुलिस समेत 10 कार्यकर्ता घायल, 8 उपद्रवी गिरफ्तार

दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर भी हमला बोल दिया।

एजेंसी ▶▶ कोलकता

चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल से एक बड़ी खबर है। दक्षिण 24 परगना जिले के बसंती में भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान भीषण हिंसा भड़क उठी। बसंती बाजार के पास उपद्रवियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की और पुलिसकर्मियों पर हमला बोल दिया। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी और कम से कम 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इस घटना के बाद कम से कम 8 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है हिंसा के बाद भारी संख्या में सीएपीएफ और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना दोपहर करीब 1 बजे हुई, जब भाजपा उम्मीदवार बिकाश सरदार चुनाव प्रचार कर रहे थे। सरदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सड़कें जाम कर दीं और पुलिस पर भी हमला किया। तृणमूल ने बीडीओ और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर भाजपा पर हमला करने की कोशिश की है। वे अपनी हार से डरे हुए हैं। मेरे भाई पर भी हमला हुआ और कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

## बिकाश सरदार के प्रचार के दौरान हमला, टीएमसी पर लगा आरोप

### आरएएफ जवान भागा

घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कथित वीडियो में दिखाया गया है कि उपद्रवियों के एक समूह ने एक व्यक्ति को बांस की लाठियों से बुरी तरह पीटा जा रहा है। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। झड़प के दौरान एक आरएएफ जवान को भागते हुए भी देखा गया।



दक्षिण 24 परगना जिले में हमले के बाद जवानों ने स्थिति पर काबू पाया

### हथियार और लाठियों से किया गया हमला

एक घायल भाजपा कार्यकर्ता ने बताया कि लगभग 8-10 भाजपा कार्यकर्ता घायल हुए। मैं पुलिस वैन के साथ था। बसंती बाजार के पास मुझ पर पीछे से हमला किया गया। उपद्रवियों के पास हथियार थे और वे हमें बांस की लाठियों से पीट रहे थे। फिलहाल स्थानीय पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गए हैं और स्थिति को काबू में करने का प्रयास शुरू कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बंगाली-गैर-बंगाली के खिलाफ भ्रष्टाचार-घुसपैठियों का मुद्दा उछला

बंगाल चुनाव से पहले भाजपा एक्शन मोड में है। वह टीएमसी की सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी करने वाली है। गृहमंत्री अमित शाह 28 मार्च को कोलकाता में ममता के खिलाफ चार्जशीट जारी करेंगे। यह चार्जशीट ममता सरकार में हुए भ्रष्टाचार और अपराधों कीसूची है।

### शाह कल जारी करेंगे चार्जशीट



#### भाजपा ने हिंदी पर दिया जोर

टीएमसी ने 'बंगाली-गैर-बंगाली' का नारा इस्तेमाल किया है। लेकिन, भाजपा सूची हिंदी में प्रकाशित की। बंगाल में एसआईआर कराने का मुद्दा छाया रहेगा।

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी पर हमला

भाजपा समेत अन्य विपक्षी दल ममता सरकार पर दो प्रमुख मुद्दों को लेकर हमलावर है। पहला भ्रष्टाचार और दूसरा बेरोजगारी। भाजपा चुनाव अभियान में 'घुसपैठियों' के मुद्दे को प्रमुखता से रखेगी।

#### बंगाल में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन



## भवानीपुर में सुवेंदु ने 'राम राज्य' का नारा दिया

कोलकाता के सबसे चर्चित विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर की सड़कों पर सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में रामनवमी का जुलूस निकाला। इस दौरान अधिकारी ने 'राम राज्य' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सुशासन और रोजगार ही 'राम राज्य' है। बंगाल में राम राज्य आने वाला है। भवानीपुर सिर्फ एक सीट नहीं, बल्कि ममता का इलाका है। यहां सुवेंदु का जुलूस निकालना और हाजरा क्रॉसिंग पर इसका समापन होना, बड़ा सियासी संदेश दे रहा है। भाजपा इस बार 'दीदी' को उन्हीं के घर में घेरने की तैयारी में हैं।

### रेलवे का अनुशासन मामला

#### स्वप्ना बर्मन की राजगंज से उम्मीदवारी पर संकट!

एशियन गेम में स्वर्ण पदक विजेता स्वप्ना बर्मन कानूनी उलझनों में घिर गई है। राजगंज से टीएमसी की उम्मीदवार स्वप्ना पर रेलवे ने अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। रेलवे ने सेवा में रहते हुए राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण कार्रवाई शुरू की है। इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने स्वप्ना को निर्देश दिया था कि वे रेलवे को अपनी गलती स्वीकार करते हुए पत्र सौंपें। उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।



### सुरक्षित लैंडिंग


#### तेज आंधी-बारिश में फंसा ममता का हेलिकॉप्टर

कोलकाता में गुरुवार को तेज आंधी और बारिश के कारण सीएम ममता बेनर्जी का हेलिकॉप्टर लंबे समय तक हवा में फंसा रहा और करीब डेढ़ घंटे बाद सुरक्षित लैंडिंग कर सका। हेलिकॉप्टर ने कई बार उतरने की कोशिश की, लेकिन वापस मुड़ना पड़ा। ममताअंडाल से कोलकाता लौट रही थीं। उनका निजी विमान दोपहर 3 बजकर 39 मिनट पर रवाना हुआ था और करीब 4 बजे उतरना तय था।



### खबर संक्षेप

#### आईआईटी जैम की टॉपर लिस्ट जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे ने 26 मार्च को जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स के सभी विषयों के स्कोरकार्ड और टॉपर्स की सूची जारी कर दी है। परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट पर रिजल्ट और मेरिट लिस्ट देख सकते हैं।केमिस्ट्री में आयुषी अग्रवाल ने पहला स्थान हासिल किया है।

#### पानीपत की फैक्ट्री में 2 चचेरे भाइयों की मौत



**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत में गुरुवार को एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। यहां टैंक की सफाई करने उतरे 2युवकों की जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। दोनों बिना सेफ्टी किट के टैंक में उतरे थे। कुछ देर में ही उन पर बेहोशी छाने लगी। अन्य साथियों ने तुरंत दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वे बेहोश हो चुके थे।

#### दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद आग, 3 जिंदा जले

**बांदा।** महोबा-बांदा नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने की भिड़ंत में 3लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना कस्बा थाना से 3 किमी दूर मुंडेरी मोड़ के पास हुई। कबरई से बांदा जा रहे गिट्टी भरे ट्रक के चालक सुरेश पांडे और महोबा जा रहे ।

### सेना, नौसेना और वायुसेना के जांबाजों के लिए केंद्र का अहम फैसला

# भारत सरकार ने दी वीरता पदक विजेताओं को रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सेना, नौसेना और वायुसेना में वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस आदेश के अनुसार इन वीरता पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ उपलब्ध होगी। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह रियायत देश के बहादुर जवानों के सम्मान में दी गई है। यह योजना उन सभी सैनिकों पर लागू होगी जिन्हें सेना, नौसेना या वायुसेना पदक से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इसमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, जब तक वे पुनर्विवाह नहीं करते। इसके अतिरिक्त, अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी यह सुविधा प्रदान की जाएग

### प्रथम श्रेणी, सेकंड एसी या एसी चेयर कार में एक साथी के साथ मिलेगी सुविधा

**रक्षा अधिकारियों ने दी यह जानकारी**

परिजनों को भी मिले इसमें सहूलियत



### परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता दी

यह कदम देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले और वीरता दिखाने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। इससे इन परिवारों को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भारतीय रेलवे इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगा। यह सुविधा पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मान्य होगी।

#### मनोबल बढ़ाएगा फैसला

### कांप्लीमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी होगा

जानकारों का मानना है कि यह कदम सशस्त्र बलों के जवानों का मनोबल बढ़ाने वाला है। यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि देश की ओर से उन वीरों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की परवाह नहीं की। रेलवे प्रशासन जल्द ही पात्र कांप्लीमेंट्री कॉम्प्लिमेंट्री लाइफटाइम रेल पास/कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### जीवनसाथी, विधवाएं और विधुर और पुनर्विवाह तक अब इसमें पात्र होंगे

इस योजना के तहत सेना, नौसेना और वायुसेना पदक से सम्मानित सभी व्यक्ति पात्र होंगे। पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी, जिनमें विधवाएं और विधुर शामिल हैं, पुनर्विवाह तक पात्र रहेंगे। अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि देश के लिए सेवा करने वाले हर पात्र व्यक्ति को यह सम्मान मिले। रक्षा मंत्रालय जल्द ही विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगा। इससे हौसला बढ़ेगा।

## पहले 6 'चक्र' पुरस्कारों तक सीमित थी यह सुविधा



अब तक आजीवन मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा केवल परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं को मिलती थी। नए आदेश के बाद सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक भी इसी श्रेणी में शामिल कर लिए गए हैं। सेना के जांबाज जवानों को भारतीय रेल में मुफ्त यात्रा की सुविधा पहले भी मिलती थी। पहले आजीवन बिना किसी शुल्क का भुगतान किए रेल यात्रा की सुविधा केवल छह वीरता पुरस्कारों से सम्मानित जवानों और उनके परिजनों को ही मिलती थी। जिंदगी भर मुफ्त रेल यात्रा की श्रेणी में पहले परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, शौर्य चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र के विजेता ही आते थे। भारत सरकार की ओर से जारी किए इस नए आदेश के बाद अब थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के वीरता पदक से सम्मानित जांबाज भी इस सुविधा के दायरे में आ सकेंगे। जवानों के साथ ही उनके परिजनों को भी मुफ्त रेल यात्रा के दायरे में लाए जाने को सेना का मनोबल बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है।

### वंदे भारत में घटिया खाने का दावा

# वीडियो वायरल, दही में रेंगते मिले कीड़े, प्रोवाइडर पर केस



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेज रफ्तार और प्रीमियम सुविधाओं के चलते अक्सर वंदे भारत सुर्खियों में रहती है, लेकिन इस बार वंदे भारत ट्रेन की सुर्खियों में रहने की वजह कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में वंदे भारत के खाने की घटिया क्वालिटी ने यात्रियों को हैरान कर दिया है। वीडियो में वंदे भारत ट्रेन में भरोसे गए खाने की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेन में यात्री को दिए गए दही में कीड़े निकल आए. इस पूरी घटना का वीडियो सामने आते ही इंटरनेट पर हड़कंप मच गया। यह मामला सिर्फ शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के गुस्से और तीखे रिएक्शन का बड़ा मुद्दा भी बन गया।

#### मामला पटना

### टाटानगर का, विभाग पर 10 लाख जुर्माना

यह मामला पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का बताया जा रहा है, जहां एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़े होने का दावा किया। वीडियो में भी साफ देखा जा सकता है कि दही के बाउल में छोटे-छोटे कीड़े नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे क्लिप में यात्री रेलवे स्टाफ को बुलाकर दही के बाउल में कीड़े होने की शिकायत की। रेलवे अधिकारी ने भी दही को करीब से देखा। इस दौरान यात्री भी इस घटना को लेकर नाराज दिखाई दिए। लोगों के नाराजगी बढ़ने के बाद रेल मंत्रालय ने एक्स पर बयान जारी कर इस मामले को गंभीरता से लिया। रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी पर 10 लाख का जुर्माना लगाया है। सर्विस प्रोवाइडर पर 50 लाख का जुर्माना लगाया।

### मीडिया पर भड़का यात्रियों का गुस्सा

वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर एक यूजर कमेंट करता है दही में कीड़े मिले और अटेंडेंट कह रहा है, यह केसर है वाह। वहीं दूसरा यूजर कमेंट करता है अब तो व्हाइट केसर की नई खोज हो गई है। एक और यूजर कमेंट करता है राजधानी एक्सप्रेस का खाना इससे बेहतर है। एक और यूजर कमेंट करता है रेलवे का खाना खाने से अच्छा है, भूखे रहना। एक यूजर ने सवाल उठाते हुए लिखा एक्सपायर दही पर नया स्टिकर लगाकर बेच देते हैं। एक अन्य ने मजाक के अंदाज में लिखा, एक तो कभी जिंदगी में ट्रेन के अंदर ब्रांडेड फूड नहीं देखा, जब देखना शुरू ही हुआ था तो उसमें भी कीड़े निकल आए।

### 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई सामने आई

# 4 राष्ट्रीय दलों के चंदे से भाजपा को मिला 10 गुना से ज्यादा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी बनी है। दूसरा नंबर कांग्रेस का है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता हैं।

### एडीआर की रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स




**बहुजन समाज पार्टी :** जिन दलों को चंदा मिला है, उनमें एक चौंकाने वाला आंकड़ा बहुजन समाज पार्टी का है। पार्टी ने पिछले 19 साल की तरह इस बार भी यही दर्शाया है कि पार्टी को 20,000 से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है।

### पार्टियों को इतना मिला चंदा

*सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 11,343 दानकर्ताओं की तरफ से 6648.563 करोड़ रुपए का चंदा मिला।*

**भारतीय जनता पार्टी :** राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिला। भाजपा ने 6074.015 करोड़ रुपए का दान दिखाया है।

**कांग्रेस:** कांग्रेस ने दान 517.394 करोड़ दिखाया है, जो कि 2501 दानकर्ताओं से मिला है। यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

**आम आदमी पार्टी :** आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपए दर्शाया है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी :** माकपा को 2024-25 में 16.957 करोड़ रुपए का दान मिला, जो कि 741 दानदाताओं से जुटाया गया।

**नेशनल पीपुल्स पार्टी :** पूर्वोत्तर की इस प्रमुख पार्टी ने अपना दान 2.091 करोड़ रुपए दिखाया है, जो कि उसे 25 दानकर्ताओं से मिला।

# गेट कॉप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शानदार खबर है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज यानी 26 मार्च से शुरू हो गई है। ऐसे में जिन इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को इसके लिए आवेदन करना है, वे सभी आधिकारिक वेबसाइट coap2026.iitr.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.IT. NO./PWD-08/PRO No 1030 — **निविदा सूचना (तृतीय)** — Dated- 26.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TID- 2026_UAD_ 493899_1 30/03/2026 | खेरमाई वार्ड अंतर्गत हाजी के घर से लेकर विष्णु सोनकर के घर तक नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>4.22 लाख | 2000/-<br>4220/- | 06/04/2026 |
| 2. | TID- 2026_UAD_ 493899_2 30/03/2026 | खेरमाई वार्ड अंतर्गत मुन्नालाल सोनकर के घर (खटिक) से किशन यादव के घर तक रोड एवं नाला निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>3.38 लाख | 2000/-<br>3882/- | 06/04/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/ कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026



8 ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें



मैट्रो
14 अग्नि हादसों से दहला जबलपुर....


केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की

## होटलों-रेस्तरां में एलपीजी शुल्क वसूलने पर रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर गैस संकट के बाद, देश में होटलों एवं रेस्तरां में ग्राहकों से 'एलपीजी शुल्क' वसूलने पर और इसे अनुचित व्यापार प्रथा करार देते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस सरचार्ज और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले होटलों और रेस्तरांओं का कड़ा संज्ञान लिया है।

**केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने शिकायतों पर संज्ञान लिया**



### यहां करें शिकायत

अगर बिल में ऐसा कोई चार्ज दिखे तो ग्राहक तुरंत उसे हटाने की मांग कर सकते हैं। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 1915 नंबर पर काल कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। एनसीएच मोबाइल एप या ई-जागृति पोर्टल के जरिए भी शिकायत की जा सकती है।

## 320 पेज की शिकायत पर सीबीआई से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भर्ती घोटाले की जांच फिर तेज हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर व्यापमं से संबंधित मामले में कड़ा रुख अपनाया है। व्यापमं घोटाले से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सीबीआई और मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूर्व विधायक पारस सकलेचा की 320 पेज की शिकायत पर अब तक क्या जांच हुई और चार्जशीट में क्या स्थिति है, इसकी स्पष्ट जानकारी देने को कहा है। यह मामला पारस सकलेचा की उस याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने अपनी शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर इंदौर हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उनकी याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि वे सीधे प्रभावित पक्ष नहीं हैं।

बीमार होना पड़ेगा मरीजों को भारी

## 1 अप्रैल से 1000 दवाएं होंगी महंगी छोटी-बड़ी बीमारियों पर होगा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 अप्रैल 2026 से दर्द की दवाएं, एंटीबायोटिक दवाएं और बुखार कम करने वाली कई जरूरी दवाओं के दाम बढ़ जाएंगे। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल 1000 से ज्यादा दवाओं के दामों में मामूली बढ़ोतरी की अनुमति दे दी है। यह बढ़ोतरी डब्ल्यूपीआई के आधार पर हो रही है। एनपीपीए ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में डब्ल्यूपीआई में पिछले साल की तुलना में 0.64956 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**कीमतों में करीब 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही**



### क्यों बढ़ाई गई कीमतें?

दवा कंपनियों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान इजराइल युद्ध के कारण एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) और सॉल्वेंट्स की कीमतें 30-35 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। ग्लिसरीन की कीमत में तो 64 प्रतिशत का उछाल आया है। पैकेजिंग मटेरियल जैसे पॉलीविनाइल क्लोराइड और एल्युमिनियम फॉइल भी 40 प्रतिशत महंगे हो गए हैं।

मप्र हाई कोर्ट का अहम फैसला

## पति-पत्नी के बीच संबंधों पर धारा 377 के तहत अपराध नहीं माना जा सकता

**धारा 377, जिसमें ओरल और एनल सेक्स से जुड़े तथाकथित अप्राकृतिक कृत्यों का उल्लेख है, पति-पत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पतिपत्नी के बीच सहमति या असहमति से जुड़े शारीरिक संबंधों को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत अप्राकृतिक अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना के प्रकरण को निरस्त करने की मांग की थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि धारा 377, जिसमें ओरल और एनल सेक्स से जुड़े तथाकथित अप्राकृतिक कृत्यों का उल्लेख है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती। यानी धारा 377 आईपीसी, जिसे पारंपरिक रूप से 'अप्राकृतिक कृत्य' से जोड़कर देखा गया है, पतिपत्नी के वैवाहिक संबंधों पर लागू नहीं होती। 25 मार्च को दिए गए आदेश में जस्टिस मिलिंद रमेश फड़के ने कहा कि मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार, वैवाहिक संबंधों के दायरे में आने वाले आरोपों पर धारा 377 के तहत अभियोजन नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने धारा 375 आईपीसी में निहित वैवाहिक अपवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में बलात्कार का अपराध भी नहीं बनता, बशर्ते पत्नी नाबालिग न हो।



फाइल फोटो

### कहा- बिना जांच किए कैसे दे दी बड़ी सजा?

**हरिभूमि न्यूज:शाजापुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा जारी उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें बिना विभागीय जांच के एक कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोक दी गई थी। न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई ने 25 मार्च 2026 को सुनवाई करते हुए कलेक्टर से 15 दिन के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

आंध्र प्रदेश में बड़ा बस हादसा

## ट्रक से टक्कर के बाद बस में लगी आग, 14 की मौत, 20 लोग घायल



एजेंसी ▶▶ मार्कपुरम

आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले के रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में स्लैब खदानों के पास एक निजी ट्रैवल बस की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस जगित्याला से कालिगिरी जा रही थी। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आशंका है कि इस घटना में कई यात्री जिंदा जल गए हैं। हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। शुरुआती जांच में सामने आया है कि भीषण टक्कर की वजह से ही बस में आग लग गई थी। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर शोक जताया। उन्होंने घटना की जांच के लिए निर्देश दिए। बस तेलंगाना राज्य के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। पीड़ितों की सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने हादसे में मारे गए लोगों के लिए दुख जताते हुए मुआवजे का ऐलान किया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### कार ने स्कूटी सवारों को रौंदा, मासूम की मौत

**मंदसौर।** जिले में महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां के सामने 3 साल के मासूम की मौत हो गई। वहीं मां समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मामला फतेहगढ़ गांव का है। मृतक की पहचान जियान के रूप में की गई है। घायलों में शानू (30), नायरा (25) और 3 माह की बच्ची हानिया शामिल हैं। नायरा के सिर, पैर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं शानू के पैर, सिर, मुंह और हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्कूटी सवार चारों लोग उछलकर दूर जा गिरे।







## इजराइल का बड़ा दावा

# होर्मुज बंद करने वाले ईरानी नौसेना प्रमुख की हमले में हुई मौत
# ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को 'बंद' करने की दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी एक



हवाई हमले में मारे गए। इजराइली मीडिया ने एक अधिकारी के हवाले से यह दावा किया। हालांकि, इस हमले की न तो ईरान की तरफ से और न ही इजराइली सेना (आईडीएफ) की ओर से आधिकारिक पुष्टि की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीसी आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख थे और उन्हें होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है।

### *रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से गुजरता है*

### *सालाना करीब 94 लाख करोड़ रुपए का कारोबार यहां से*

#### ईरान की मदद कर सकते हैं हूती विद्रोही



ईरान की ओर से यूएई में दागी गई मिसाइल

*अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट को जोड़ने वाला अहम समुद्री रास्ता है। हर साल करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 94 लाख करोड़ रुपए) का सामान इस रास्ते से गुजरता है। रोजाना लगभग 45 लाख बैरल तेल यहां से ट्रांसपोर्ट होता है। हालांकि, इसे बंद करना ईरान के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह स्ट्रेट ईरान से करीब 2500 किमी दूर है। हालांकि यह यमन के पास स्थित है, जहां ईरान समर्थित हूती विद्रोही मौजूद हैं। पहले भी गाजा युद्ध के दौरान हूती ने ड्रोन और मिसाइल से जहाजों को निशाना बनाया था, जिससे रेड सी का ट्रैफिक प्रभावित हुआ था।*

#### ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत किए हमले

*वहीं, आईआरजीसी और ईरानी सेना ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत बुधवार को कई जगह सैन्य कार्रवाई की। यह अभियान अमेरिका और इजराइल के हमलों के तुरंत बाद शुरू किया गया था। ईरानी सशस्त्र बलों ने अब तक 82 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए हैं, जिनमें आधुनिक हथियारों इस्तेमाल हुआ। इन हमलों में इजराइल के सैन्य ठिकाने और पश्चिम एशिया में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे रहे हैं। इस संघर्ष में लेबनान का हिजबुल्ला और इराक का इस्लामी रेजिस्टेंट समूह भी शामिल हो गए हैं और उन्होंने अपने दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है।*

#### जमीनी हमला किया तो गंभीर नतीजे होंगे

*आईआरजीसी ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी भी दी कि अगर ईरान की जमीन पर जमीनी हमला किया गया, तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू और ट्रंप के बहकावे में आकर अपने बच्चों को जंग में न भेजें, क्योंकि हमला करने वाले सैनिक ईरान की जनता के बीच घिर जाएंगे और मारे जाएंगे। आईआरजीसी ने अमेरिकी लोगों से सीधे अपील करते हुए कहा कि उन्हें झूठ और गलत जानकारी के जरिये गुमराह किया जा रहा है। इस जंग की सच्चाई अमेरिका में पेट्रोल पंपों, ईरान की सड़कों और तेल अवीव व हाइफा के आसमान में देखी जा सकती है।*

#### यूएन ने जताई चिंता

### *संघर्ष का सबसे बुरा असर गरीबों और कमजोरों परः गुटेरेस*

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव सबसे गरीब और सबसे



कमजोर आबादी पर पड़ रहा है। उन्होंने युद्ध को तत्काल खत्म करने और कूटनीति के लिए एक नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में गुटेरेस ने कहा कि संघर्ष के मानवीय परिणाम उन नागरिकों द्वारा भुगते जा रहे हैं जिनकी इस संघर्ष में कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के झटके उन लोगों को सबसे अधिक लग रही हैं जिनकी कोई जिम्मेदारी नहीं हैः सबसे गरीब और सबसे कमजोर।

#### युद्ध को जल्द खत्म करें

गुटेरेस ने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की आपूर्ति रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।

### लेबनान से शुरू करेंगे बफर जोन बढ़ाने की योजनाः इजराइल

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान की सीमा पर देश के बफर जोन को बढ़ाने की योजनाओं का ऐलान किया है। नेतन्याहू ने बफर जोन बढ़ाने के इन उपायों



के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हर मायने में सीमाओं को तोड़ने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इजराइल सरकार इन कार्रवाइयों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बता दें, बफर जोन वह क्षेत्र होता है जो दो विरोधी देशों, सेनाओं या विवादित सीमाओं के बीच बनाया जाता है।

### इजराइली सेना दिखा रही ताकत, लेबनान में 2 की मौत, 8 घायल

दक्षिणी लेबनान के नबातियेह जिले के हारूफ कस्बे में इजराइल के हवाई हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य घायल हुए। हमले के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इससे पहले दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में 3 लोगों की मौत और 11 घायल हुए थे। वहीं, इजराइली सेना ने बताया कि दक्षिणी लेबनान में चल रहे उसके अभियान के दौरान एक सैनिक शहीद हो गया है। सेना ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि गोलानी ब्रिगेड के 21 वर्षीय सैनिक ओरी ग्रीनबर्ग शहीद हो गए।

### ईरान के हमले से अबू धाबी में 2 की मौत

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश में मिसाइल और ड्रोन हमलों की कोशिशें की जा रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने नागरिकों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और सतर्क रहने की अपील की है। अबू धाबी में एक मिसाइल हमले को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, मिसाइल का मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई।*


### ईरान पर जारी हमले में दो किशोरों की मौत

बुधवार शाम को शिराज क्षेत्र के काफ्री गांव में एक आवासीय क्षेत्र पर अमेरिकी-इजराइली हमले में दो किशोर लड़कों की मौत हो गई। हमले में मारे गए लड़कों की पहचान इल्या और अमीर हुसैन शराफी के रूप में हुई है। ईरान के दक्षिण-पश्चिमी फार्स प्रांत स्थित लमर्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अमेरिकी और इजराइली हमले में प्रोजेक्टाइल गिरे। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और नुकसान सीमित है। इससे पहले लमर्ड क्षेत्र में हुए हमलों में नागरिक हताहत हुए थे, जिससे इलाके की संवेदनशीलता बढ़ गई है।

#### ट्रंप का नई युद्धनीति

### ईरान में उतर सकती है 82वीं एयरबोर्न डिवीजन टुकड़ी

*मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को भी ईरान में उतारने की तैयारी कर रहा है, ताकि संघर्ष में अपने कुछ लक्ष्यों को तुरंत पूरा किया जा सके। इस डिवीजन के कुछ हिस्से को क्षेत्र में तैनात किया जा सकता है। अमेरिका खर्ग द्वीप पर संभावित जमीनी हमले पर*



*विचार कर रहा है। 82वीं एयरबोर्न डिवीजन को दुनियाभर में अपनी तेजी के लिए जाना जाता है। आदेश मिलने के महज 18 घंटे के अंदर यह डिवीजन अपने लगभग 3,000 सैनिकों यानी एक पूरी ब्रिगेड को दुनिया में कहीं भी तैनात करने में सक्षम है। इसकी भूमिका पारंपरिक सैन्य बलों से भी अलग होती है और आमतौर पर आपात स्थिति में ही इन्हें तैनात किया जाता है। इनका काम सबसे पहले घुसकर शुरुआती अनिश्चित माहौल को स्थिर करना और पीछे से आ रही भारी सेना (जैसे मरीन या बख्तरबंद बल) के लिए सुरक्षित रास्ता बनाना होता है। इसके सैनिक पैदल सेना को मिलने वाले मानक हथियारों, टैंक-रोधी प्रणाली और पोर्टेबल संचार उपकरणों से लैस होते हैं।*

### होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है ईरान!

आरोप है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूल रहा है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ जहाजों से प्रति यात्रा करीब 20 लाख डॉलर तक का शुल्क मांगा जा रहा है। यह वसूली किसी तय नियम के तहत नहीं, बल्कि अलग-अलग मामलों में की जा रही है। कुछ जहाजों ने यह भुगतान भी किया है, हालांकि भुगतान की प्रक्रिया और मुद्रा को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि ईरान भविष्य में इस शुल्क को आधिकारिक रूप देने की योजना बना सकता है। हाल ही में वहां के एक सांसद ने प्रस्ताव दिया था कि जो देश इस मार्ग का इस्तेमाल करें, उनसे शुल्क लिया जाए। अगर ऐसा होता है तो यह वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

### युद्ध लक्ष्य में अमेरिका फेलः अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने प्रमुख युद्ध लक्ष्यों में विफल रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिका न तो तेज सैन्य जीत हासिल कर पाया और न ही तेहरान में शासन परिवर्तन ला सका।




अराघची ने ईरान के पड़ोसी देशों से अमेरिका से दूरी बनाने का आग्रह किया और कहा कि ईरान की प्रतिक्रिया ने पूरी दुनिया को दिखा दिया कि कोई भी देश इसकी सुरक्षा को धमकी नहीं दे सकता।

### *ट्रंप ने ईरान को समझौते की दी धमकी, कहा- जल्द फैसला लें*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान को जल्द गंभीर होकर फैसला लेना होगा, वरना हालात ऐसे हो जाएंगे जहां से वापसी संभव नहीं होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरान के वार्ताकार अजीब हैं और समझौते के लिए भीख मांग रहे हैं, लेकिन सार्वजनिक तौर पर इनकार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई के बाद ईरान सैन्य रूप से कमजोर हो चुका है और उसके पास वापसी का कोई मौका नहीं है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने जल्द फैसला नहीं लिया तो वापसी का रास्ता बंद हो जाएगा।

#### अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं

ट्रंप ने कहा कि इस संकट के समय नाटो देशों ने



अमेरिका का साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नाटो देश ईरान के खिलाफ कार्रवाई में शामिल नहीं हुए और केवल तेल की कीमतों को लेकर शिकायत करते रहे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को नाटो की जरूरत नहीं है और सहयोगी देशों को इस समय को कभी नहीं भूलना चाहिए।

---

## खबर संक्षेप

### डेनमार्क के पीएम का हार के बाद इस्तीफा

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने चुनाव में हार के बाद इस्तीफा दे दिया है। चुनाव में



उनकी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को सिर्फ 38 सीटें ही मिलीं। वह जून 2019 में डेनमार्क की पीएम बनीं और 2022 में दोबारा जीत हासिल की। मेटे 41 साल की उम्र में पद संभालने वाली देश की सबसे कम उम्र की पीएम बनी थीं। ग्रीनलैंड के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अड़ गई थीं।

### क्रिप्टो के जरिए हारिश को कर रहे थे टेरर फंडिंग

**मुरादाबाद।** संदिग्ध आतंकी हारिश मुरादाबाद समेत पश्चिम यूपी के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क



खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ जोड़ रहा था। हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिए लाखों रुपए भेजे गए थे। एटीएस पूछताछ में खुलासा हुआ है।

### नीरव मोदी को ब्रिटिश कोर्ट से करारा झटका

**लंदन।** लंदन हाई कोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के उस आवेदन को खारिज कर दिया,



जिसमें उन्होंने भारत प्रत्यर्पण के मामले को दोबारा खोलने की मांग की थी। नीरव मोदी पर भारत में करीब 13,000 करोड़ रुपए के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का आरोप है। कोर्ट में भारत की तरफ से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने मजबूत दलीलें पेश कीं।

---

## कई देशों के साथ करेंगे द्विपक्षीय बातचीत, कई वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

# दो दिवसीय फ्रांस दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, जी-7 बैठक में लेंगे हिस्सा

**होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान देंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए गुरुवार को फ्रांस रवाना हुए। वे एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्ने की यात्रा करेंगे। जयशंकर जी-7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। विदेश मंत्रालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. जयशंकर फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट के बुलावे पर बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान, उनके अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करने की भी उम्मीद है।

इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में यूक्रेन में चल रहे युद्ध, पुनर्निर्माण की कोशिशों, समुद्री सुरक्षा की चिंताओं और ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम में सुधार जैसे कई जरूरी वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होनी है।



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

#### फ्रांस ने भारत को आमंत्रित किया

*हालांकि भारत जी7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है।*

#### समुद्री सुरक्षा पर जोर

*यूरोपीय बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट जैसे संस्थान की भूमिका पर भी जोर दिए जाने की उम्मीद है, खासकर यूक्रेन की रिकवरी के लिए इन्वेस्टमेंट जुटाने में। मीटिंग में मैरीटाइम सिक्योरिटी और सप्लाई चेन रेजिलिएंस पर भी बात होगी। एक अलग सत्र में मैरीटाइम रूट और नेविगेशन की आजादी पक्का करने पर भी फोकस किए जाने की उम्मीद है। गवर्नेंस के मुद्दे पर, जी-7 मल्टीलेटरल सिस्टम को मजबूत करने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है। ग्लोबल गवर्नेंस फ्रेमवर्क को मॉडर्न बनाने की कोशिशों की ओर इशारा करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि आम तौर पर, इससे अलग-अलग देशों की संप्रभुता को खतरे में डालने वाले हॉरिजॉन्टल खतरों को जोड़ने के लिए और नए तरीके अपनाए जाएंगे।*

#### जी-7 लीडर्स समिट की तैयारी पर भी होगा विचार

(यूएनएचआरसी) के प्रवक्ता पास्कल कॉन्फावरेक्स ने कहा कि यह बैठक यूएन जनरल असेंबली के दौरान हुई इनफॉर्मल कंसल्टेशन के तुरंत बाद हो रही है और आने वाले जी-7 लीडर्स समिट के लिए तैयारी का मंच होगा। यह सब इवियन समिट की तैयारी में खत्म होगा। यह 13 से 15 जून के बीच होगा। मंत्री स्तर पर चर्चा से नेताओं की बातचीत के नतीजों को आकार देने में मदद मिलेगी। बैठक में वैश्विक संकट और लंबे समय की स्ट्रक्चरल चुनौतियों, दोनों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

#### पश्चिम एशिया संकट पर अलग सत्र

फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे। इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए। प्रवक्ता पास्कल ने कहा कि एक बड़ा फोकस एरिया यूक्रेन होगा, जिसमें रिकंस्ट्रक्शन और क्षेत्रीय सुरक्षा पर खास सेशन होंगे।

---

## ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म

# अफगानिस्तान-पाक में फिर झड़प 2 की मौत, सेना की चौकियां ध्वस्त

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर अस्थायी युद्धविराम खत्म होने के बाद बुधवार को एक बार फिर हमले शुरू हो गए। इस संघर्ष में अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में कम से कम दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सूचना और संस्कृति विभाग के प्रवक्ता जिया-उर-रहमान स्पिंगहर ने बताया कि मुस्लिमों के त्योहार ईद-उल-फितर से पहले दोनों पक्षों ने संक्षिप्त संघर्षविराम की घोषणा की थी। इसके खत्म होते ही पाकिस्तानी बलों ने नराई और सरकानो जिलों में दर्जनों तोप के गोले दागे, जिससे दो नागरिकों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए, जिसके बाद अफगान सीमा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। स्पिंगहर ने दावा किया कि उन्होंने पाकिस्तान की तीन सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया और एक व्यक्ति को मार गिराया। हालांकि, उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।



17 मार्च को हुआ हमला फाइल फोटो

### पाक ने कई क्षेत्रों में की गोलाबारी

इस बीच, उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान के एक स्थानीय अधिकारी ने अफगान बलों पर कई क्षेत्रों में गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया। बता दें, सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के अनुरोध पर अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों पर रोक को लेकर दोनों पक्षों के सहमति जताने के करीब एक सप्ताह बाद ये हमले हुए हैं। इससे पहले 17 मार्च की रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे। हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हुए कहा कि हमला गोला-बारूद के भंडार पर था।

---

## बांग्लादेश में दर्दनाक हादसा

# बस के नदी में गिरने से 24 लोगों की मौत, इनमें 11 महिलाएं और 5 बच्चे भी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक बस के परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश के दौरान नदी में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण-पश्चिमी राजबारी जिले में दौलाडिया टर्मिनल पर बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे पद्मा नदी में गिर गई। ढाका जा रही इस बस में बच्चों समेत करीब 40 यात्री सवार थे और उनमें से अधिकतर ईद की छुट्टियां मनाकर राजधानी लौट रहे थे। स्थानीय अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, 24 शव बरामद किए गए हैं। बस के अंदर से 11 महिलाओं, 6 पुरुषों और 5 बच्चों समेत 22 लोगों के शव



नदी में गिर गई बस

मिले। दमकल सेवा के अधिकारी सोहेल राणा ने कहा कि हमजा (बचाव पोत) ने क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि गोताखोरों ने इससे पहले दो महिलाओं के शव बरामद किए थे और शेष 22 शव खराब मौसम के बीच छह घंटे के प्रयास के बाद बस को नदी से बाहर निकाले जाने पर बुधवार मध्यरात्रि के करीब मिले।

---

## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल का ऐतिहासिक पल गवाह बना

# श्रीनगर के रघुनाथ मंदिर में 36 साल बाद राम नवमी पूजा

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

श्रीनगर के हब्बा कदल इलाके में स्थित रघुनाथ मंदिर गुरुवार को एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब 36 वर्ष बाद इस सौ साल पुराने मंदिर में राम नवमी की पहली पूजा आयोजित की। इस खास अवसर पर न सिर्फ हिंदू श्रद्धालु जुटे, बल्कि उनके मुस्लिम पड़ोसी भी साथ खड़े नजर आए, जिससे माहौल भाईचारे और सौहार्द से भर उठा। हालांकि, मंदिर में अभी मरम्मत और पुनर्निर्माण का काम जारी है, फिर भी मंदिर प्रबंधन समिति ने इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए पूजा का आयोजन किया। राम नवमी के अवसर पर शहर के अन्य मंदिरों, जैसे शंकराचार्य मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पर्यटकों और सुरक्षा बलों ने भी स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ मिलकर उत्सव में भाग लिया।



रघुनाथ मंदिर

### दान से पुनर्निर्माण में सहयोग

समिति के महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि 36 साल बाद यहां राम नवमी की पूजा हो रही है। हममें से कुछ लोग जम्मू से आए हैं, लेकिन देश-विदेश से कई लोगों ने दान देकर मंदिर के पुनर्निर्माण में सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण अभी मूर्ति स्थापना नहीं हो सकी है।

### कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी

कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के सवाल पर सुनील कुमार ने कहा कि यह तब तक संभव नहीं है, जब तक कश्मीरी मुस्लिम समुदाय का सहयोग न मिले। उन्होंने कहा, "सरकार हमें एक साल में बसाकर पुनर्वास कर सकती है, लेकिन हमारी वापसी के लिए कश्मीरी मुसलमानों का साथ जरूरी है। इस अवसर पर स्थानीय मुस्लिम निवासी गुलाम हसन भी मंदिर पहुंचे और उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडित और मुसलमान भाई-भाई हैं। हम दशकों से साथ रहते आए हैं।

### *वैष्णो देवी मंदिर में 2.69 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे*

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान 2.69 लाख से



अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में प्रार्थना की। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि 25 मार्च तक 2,69,716 श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। हालांकि, यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च को 31,815 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए, जबकि 20 मार्च को 34,805, 21 मार्च को 41,078, 22 मार्च को 43,482, 23 मार्च को 45,478, 24 मार्च को 38,158 और 25 मार्च को 34,900 श्रद्धालुओं ने मंदिर का दौरा किया।

4.80% मंहगी हुई बिजली , आम उपभोक्ता की जेब पर सीधा वार

# करंट का करारा झटकाः बिजली फिर महंगी, "राहत" के दावे हवा-हवाई

हरिभूमि, जबलपुर।

महंगाई की मार झेल रही जनता को अब बिजली के बढ़े दामों ने एक और झटका दे दिया है। वर्ष 2026-27 के लिए जारी नए टैरिफ आदेश में भले ही बिजली कंपनियों की 10.19% बढ़ोतरी की मांग को घटाकर 4.80% किया गया हो, लेकिन "कम बढ़ोतरी" का यह तर्क आम आदमी को राहत देने में नाकाफी साबित हो रहा है। हर महीने का बिजली बिल अब और भारी होगा, जिससे मध्यम वर्ग और छोटे उपभोक्ता सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।



### राहत के नाम पर बढ़ोतरी, जनता ठगी-सी महसूस कर रही

सरकार और नियामक आयोग इसे संतुलित फैसला बता रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। पहले से ही महंगे बिजली बिल से परेशान लोग अब 4.80% की नई बढ़ोतरी को सीधा आर्थिक बोझ मान रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि आय नहीं बढ़ रही, लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

### कंपनियों की मांग घटी, लेकिन बोझ कायम

बिजली कंपनियों ने 10.19% टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे घटाकर नियामक आयोग ने 4.80% किया गया। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या आम आदमी के लिए यह बढ़ोतरी वाकई "राहत" है? विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी भी स्तर की बढ़ोतरी अंततः उपभोक्ता की जेब पर असर डालती है।

### छूट और प्रोत्साहनः दिखावा ज्यादा, फायदा कम

टैरिफ आदेश में मीटरिंग चार्ज खत्म करने, ऑनलाइन भुगतान पर छूट और प्रीपेड उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन जैसी बातें जरूर कही गई हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ सीमित उपभोक्ताओं तक ही सिमटा रहेगा। स्मार्ट मीटर पर 20% छूट जैसी योजनाएं भी अभी व्यापक स्तर पर लागू नहीं हैं।

### उद्योग को राहत, घरेलू उपभोक्ता पर भार

जहां हाई वोल्टेज और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न छूट और प्रोत्साहन योजनाएं यथावत रखी गई हैं, वहीं घरेलू उपभोक्ता को सीधे बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या नीतियां उद्योगों के पक्ष में ज्यादा झुकी हुई हैं?

### हर साल बढ़ते दाम, कब थमेगा सिलसिला?

बिजली, पेट्रोल, रसोई गैस—हर क्षेत्र में बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। ऐसे में बिजली टैरिफ में बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। उपभोक्ता अब पूछ रहे हैं कि आखिर कब उन्हें स्थायी राहत मिलेगी।

## समाधान योजना में 25 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना में अब तक 25 लाख 75 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। कुल 1231 करोड़ 68 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 420 करोड़ 93 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 9 लाख 62 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 275 करोड़ 46 लाख रूपये जमा हुए हैं, जबकि 83 करोड़ 77 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 63 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 701 करोड़ 91 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 301 करोड़ 22 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है।

प्रथम दिवस 'नारद मोह' लीला का मंचन

## दो दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव का भव्य शुभारंभ आज से

**जबलपुर** । श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के तत्वावधान में आयोजित 36वें दो दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव का शुभारंभ आज 27 मार्च को सायं 7 बजे धनवंतरी नगर साईं कॉलोनी गेट के सामने होगा। कार्यक्रम का प्रारंभ समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय एवं निर्देशक राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 'नारद मोह' लीला के मंचन के साथ किया जाएगा।कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 28 मार्च को सायं 7 बजे संत अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर परम पूज्य जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सुधीर रंजन दुबे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो धनवंतरी नगर साईं कॉलोनी गेट से प्रारंभ होकर मडफया पुरवा,पंडा की मड़िया, गढ़ा बाजार होते हुए सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में समापन करेगी।आयोजन के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी श्री रामफल मिश्रा एवं श्री सर्वेश सक्सेना का समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा।समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्यासी सहित अशोक बघेल "दादा भाई", डॉ. भूपेंद्र उपाध्याय, राकेश पाठक, हरीश मनोध्याय, नीरज दुबे, सुरेश तिवारी, मुकेश मिश्रा, नरेश मिश्रा, गणपत कोस्टा एवं हनुमत सिंह रघुवंशी ने धनवंतरी नगर एवं संस्कारधानी के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**जबलपुर**। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जीआरपी थाना जबलपुर एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।अभियान के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, महिला यात्रियों एवं आमजन को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए ओटीपी, बैंकिंग डिटेल्स एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित रखने हेतु टू-फैक्टर



ऑथेंटिकेशन (2FA) का उपयोग करने एवं मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी गई।जागरूकता कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किसी संस्था के हेल्पलाइन नंबर को सीधे गूगल से खोजकर उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे साइबर ठगी का खतरा बढ़ सकता है। संबंधित संस्था से जुड़े अधिकृत व्यक्ति या आधिकारिक माध्यम से ही संपर्क नंबर प्राप्त करें।साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने या नजदीकी साइबर थाना से संपर्क करने की अपील की गई।कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्रीमती संजीवनी राजपूत, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक रवि कुमार, प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय, आरक्षक पिंटू पाल सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

इस प्रकार अभियान के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।

## केबिन कल्चर वाले कैफों पर कार्रवाई की मांग

**जबलपुर**। शहर में बढ़ते केबिन कल्चर वाले कैफों को लेकर कांग्रेस महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की शहर अध्यक्ष शोभा उपाध्याय ने सख्त आपत्ति जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय नगर व बरगी क्षेत्र के कई कैफों में अनियमितताएं, अत्यधिक वसूली और आपत्तिजनक गतिविधियां बढ़ रही हैं। साथ ही, ब्लैकमेलिंग जैसे मामले भी सामने आने की बात कही। उपाध्याय ने प्रशासन से जांच कर ऐसे कैफों पर कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

# शहर की यातायात व्यवस्था होगी सुगम

### कलेक्टर, एसपी और निगमायुक्त ने किया सड़कों का सघन निरीक्षण

**जबलपुर**। शहर में बढ़ते यातायात दबाव और रोजाना लगने वाले जाम से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नगर निगम ने संयुक्त अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने प्रशासनिक अमले के साथ शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छोटी लाइन फाटक से गुरुद्वारा होते हुए गौरीघाट तक के व्यस्त मार्ग का बारीकी से अवलोकन किया। यह क्षेत्र प्रतिदिन भारी यातायात दबाव झेलता है और अतिक्रमण के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती है।

निरीक्षण में पाया गया कि कई स्थानों पर भवन स्वामियों और व्यापारियों ने निर्धारित सीमा से आगे बढ़कर निर्माण कर लिया है। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई है और आवागमन प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क सीमा का उल्लंघन करने वाले किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने राजस्व और नगर निगम अमले को ऐसे निर्माणों को चिन्हित कर तत्काल हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी और अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के विशेष इंतजाम किए जाएंगे।निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। पहले चिन्हांकन और नोटिस की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## करदाताओं के लिए सुनहरा अवसर, 31 मार्च तक बकाया टैक्स जमा करने पर मिलेगी भारी छूट

**जबलपुर** । शहर के विकास में सहभागी बनने और अपने बकाया करों के बोझ को कम करने के लिए शासन के निर्देशानुसार नगर निगम ने करदाताओं को एक विशेष अवसर प्रदान किया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान की समीक्षा बैठक करते हुए यह स्पष्ट किया है कि जो करदाता 31 मार्च तक अपने बकाया करों का भुगतान करेंगे, उन्हें नियमानुसार विशेष छूट का लाभ दिया जाएगा।राजस्व विभाग की बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुँचाया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अब केवल 5 दिन शेष बचे हैं, अतः अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना जल्द से जल्द अपने करों का भुगतान कर इस वित्तीय छूट का लाभ उठाएं।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने न केवल राजस्व वसूली पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि लोक कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की।

### *लक्ष्य निर्धारण*

सभी संभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले निर्धारित टारगेट को पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं, साथ ही निगमायुक्त ने 'पीएम स्वनिधि योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए, ताकि शहर के छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके।निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना है, और इसमें करदाताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बकाया राशि पर छूट का यह प्रावधान नागरिकों को राहत देने के लिए है। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वी एन बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा के साथ सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्रिकेट के मैदान पर दिखाया दम, लगाए चौके-छक्के

## भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर हुआ आयोजन

**जबलपुर**। जियो और जीने दो' के प्रवर्तक एवं 24 वें तीर्थकर परमात्मा भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के दूसरे दिन सकल जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा श्री महावीर प्रीमियर लीग का आयोजन टर्फ ग्राउंड शहीद स्मारक गोलबाजार में किया गया।

पहला मैच गोरखपुर ग्लेडिएटर्स और सदर स्ट्राइकर के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर ग्लेडिएटर्स विजेता रही। मैन ऑफ़ द मैच अजय चोपड़ा को मिला, जिन्होंने आठ गेंद में 24 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली और दो ओवर में तीन विकेट हासिल किए। दूसरा मैच सदर स्ट्राइकर और केजेएस वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें सदर स्ट्राइकर विजेता रही। मैन ऑफ द मैच आकाश गोलछा को मिला, जिन्होंने 18 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। वे नॉट आउट रहे, उन्होंने एक ही ओवर में दो विकेट भी लिए। तीसरा मैच गोरखपुर ग्लेडिएटर्स और



सराफा धुरंधर के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर ग्लेडिएटर्स विजेता रही। मैन ऑफ द मैच चिराग जैन को मिला, जिन्होंने 8 गेंद पर 25 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली और दो ओवर में एक विकेट लिया।आज मैच में बड़ी संख्या मे महिलाओं ने मैच का लुफ्त उठाया,आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र आलिजार, उपाध्यक्ष मुकेश चंद टाटिया, उपाध्यक्ष तिलक विनायकिया, सचिव आशीष कोठारी, कोषाध्यक्ष दीपक गोलछा, सहसचिव संतोष पोकरणा, सहकोषाध्यक्ष दिनेश बैद आदि उपस्थित रहे। आयोजन में मोहित पगारिया, कपिल गोलछा आदि का सहयोग रहा। 27 मार्च को सभी जिनालयों में स्नात्र पूजा प्रातः 7:00 बजे होगी। रात्रि 8:00 बजे फाइनल मैच खेला जाएगा। श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति एवं जैन सोशल ग्रुप यूनिक द्वारा फन फीस्ट का आयोजन गुजराती मंडल जयंती कॉम्प्लेक्स के सामने प्रातः 11 से शाम 6:00 बजे तक आयोजित किया गया है।

संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप भव्य और दिव्य होंगी श्रीराम कथा

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी की विलक्षण स्मृति, दिव्य ज्ञान और ओजस्वी वाणी से नौ दिनों प्रवाहित होगा रामरस

**जबलपुर**। भगवान श्रीराम की कथा जब तुलसीपीठाधीश्वर परम पूज्य जगद्गुरु रामनान्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से हो तब सनातन गौरव, राष्ट्रबोध और भक्ति का अद्भुत अनुभव हमें मिलता है और निश्चित रूप से आगामी 5 अप्रेल से होने वाली श्रीराम कथा संस्कराधानी की गरिमा के अनुरूप भव्य और दिव्य होंगी ऐसा हम सभी का विश्वास है, यह बात वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति श्री कैलाश गुप्ता ने समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जीवन गाथा पर नौ दिवसीय\श्रीराम कथा\ की आयोजन एवं स्वागत समिति की बैठक के अवसर पर शास्त्री ब्रिज स्थित कार्यालय में कही। उल्लेखनीय है कि समरसता सेवा संगठन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जीवन गाथा पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन आगामी 5 अप्रेल से 13 अप्रेल तक माँ नर्मदा तट गौरीघाट स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज मैदान में होने जा रहा है, इसलिए सन्दर्भ में कार्यक्रम की आयोजन समिति एवं स्वागत समिति की बैठक का



आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित गणमान्य जनों ने आयोजन को लेकर विचार व्यक्त करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

आयोजन एवं स्वागत समिति के सदस्यों ने एक स्वर में श्रीराम कथा के आयोजन को भव्य, एतेहासिक और सफल होने की बात करते हुए अपनी सहभागिता और योगदान का आस्वासन दिया।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा विगत 3 वर्ष पूर्व पूज्य जगद्गुरु रामनान्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के कर कमलों से ही समरसता सेवा संगठन का बीज रोंपा गया था जो आप सभी के सहयोग और सहभागिता से आज सभी के साथ मिलकर कार्य कर रहा है और समरस समाज की स्थापना के लिए जिस उदेश्य को लेकर हम चले है उसमे संस्कारधानी के सर्व समाज और गणमान्य जनो का सहयोग मिलता रहा है, पुनः हम सभी के लिए गौरव का अवसर है जब जबलपुर में कई वर्षो के बाद पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से श्रीराम कथा होने जा रही है, और हर आयोजन की तरह इस आयोजन में भी आप सभी के सहयोग से हम भगवान श्रीराम की कथा के सफल कार्यक्रम को करेंगे ऐसा हम सभी का विश्वास है।

एडवांस के बावजूद नहीं मिल रहा ईंधन, प्रशासन मौन; जिम्मेदार अधिकारी भी संपर्क से बाहर

# जबलपुर में HPCL की सप्लाई ध्वस्तः पंप ड्राई, डीलर-आमजन बेहाल

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की बदहाल सप्लाई व्यवस्था ने हालात विस्फोटक बना दिए हैं। तिलवारा के पास विजन महल के आगे, विजय नगर और घमापुर सहित कई इलाकों के पेट्रोल पंप पूरी तरह ड्राई पड़े हैं। नतीजतन, रोजमर्रा की जिंदगी ईंधन संकट की मार झेल रही है। लंबी कतारें, भटकते वाहन चालक और बढ़ती नाराजगी अब आम दृश्य बन गए हैं।

### बीपीसीएल, इंडियन ऑयल में पर्याप्त स्टॉक

हैरानी की बात यह है कि जहां भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल (आईओसीएल) के पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, वहीं एचपीसीएल की सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। कई पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग चुके हैं, जो कंपनी के दावों की पोल खोल रहे हैं।




### एडवांस जमा फिर भी मनाही-

सबसे गंभीर पहलू यह है कि डीलरों ने पहले से ही कंपनी के पास भारी-भरकम एडवांस जमा कर रखा है, इसके बावजूद उन्हें ईंधन नहीं मिल रहा। नाम न छापने की शर्त पर एक डीलर ने बताया करीब 25 लाख रुपये कंपनी में जमा हैं, फिर भी सप्लाई नहीं दी जा रही। ग्राहकों का गुस्सा हम पर उतर रहा है, जबकि गलती हमारी नहीं है। डीलरों का कहना है कि वे आर्थिक दबाव, प्रतिष्ठा के नुकसान और उपभोक्ताओं के आक्रोश के बीच पिस रहे हैं।

### त्रिवेदी-निमिष सिंह का मोबाईल बंद-

इस पूरे मामले में एचपीसीएल प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब कंपनी के जबलपुर सेल्स ऑफिसर मीत त्रिवेदी और चीफ रीजनल मैनेजर निमिष सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो दोनों अधिकारियों के मोबाइल नंबर बंद मिले। संकट की इस घड़ी में जिम्मेदार अधिकारियों का इस तरह संपर्क से बाहर होना स्थिति को और संदिग्ध बना रहा है।

### जिला प्रशासन ने साधा मौन-

चिंताजनक बात यह है कि जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी है। शहर में ईंधन जैसी बुनियादी आवश्यकता का संकट गहराता जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस हस्तक्षेप नजर नहीं आ रहा। न तो स्थिति की निगरानी की जा रही है और न ही कंपनी से जवाब-तलब किया जा रहा है।

### एचपीसीएल की कार्यप्रणाली सवालों में-

आमजन अब सवाल उठा रहे हैं कि आखिर एचपीसीएल की सप्लाई क्यों ठप है? यदि एडवांस भुगतान के बावजूद ईंधन नहीं मिल रहा, तो इसके पीछे क्या कारण हैं? क्या यह कुप्रबंधन है या फिर कोई और गंभीर लापरवाही? यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी, तो यह संकट और विकराल रूप ले सकता है। फिलहाल, शहर में एचपीसीएल की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है और डीलर से लेकर आम उपभोक्ता तक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

## सिद्ध श्री मां दरबार में नवमी पर आज होगा हवन एवं भंडारा

**जबलपुर**। मां जगत जननी की आराधना का नौ दिवसीय महापर्व चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में सिद्ध श्री मां दरबार प्रांगण में भगवती के साधक एवं माता के आराधक दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा के मार्गदर्शन में स्थापना के साथ विशेष अनुष्ठान निरंतर संपन्न हो रहे हैं।नवरात्रि की नवमी तिथि 27 मार्च को सिद्ध श्री मां दरबार में प्रातः 9 बजे से हवन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हवन की शुरुआत उन श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी, जिन्होंने नौ दिनों तक ग्रह शांति एवं मनोकामना पूर्ति के लिए घट स्थापना कर नियमित पूजन-अर्चन किया है। इसके पश्चात अन्य श्रद्धालुओं को भी हवन में आहुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा।दरबार समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे शुद्ध वस्त्र धारण कर हवन में सम्मिलित हों और माता के पावन अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।इस अवसर पर सिद्ध श्री मां दरबार के दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा, पूज्य गुरु माताजी, डॉ. आर.एस. चंडोक, डॉ. संदीप नेमा, खेमचंद पटेल, अजय गुप्ता, देवेंद्र गोटिया, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, सरदार तलविंद्र सिंह ओबेराय, डॉ. विमल शुक्ला, प्रकाश राय, तेजीन्द्र सलूजा, प्रशांत मांडवीकार, मुकेश तिवारी, ओ.पी. साहू, संजय गुप्ता, शंकर सोनी, आनंद तिवारी, विक्रम गौतम, चंद्रशेखर शर्मा (पत्रकार), आदित्य शर्मा, आदेश दुबे, सतीश जसानी, अरविन्द विश्वास, सौरभ शर्मा, गौरव शर्मा, जगदीश अय्यर, श्रीमती स्वाति गोडबोले, डॉ. जी.के. चंडोक, शारदा गुप्ता, ललिता अय्यर, श्रीमती हरजिंदर कौर ओबेराय, सपना शर्मा, निरुपमा शुक्ला, श्रीमती अनीता शर्मा, रजनी शर्मा, श्रीमती सुषमा तिवारी, श्रीमती प्रेमवती साहू, श्रीमती दीपमालिका गुप्ता, श्रीमती नम्रता शर्मा, अंजू गौतम सहित सिद्ध दरबार भक्त मंडल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## नवमीं पर आज होगा जवारों का विसर्जन

**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व की आज नवमीं है। गुरुवार को अष्टमी पर सभी देवी, देवालयों में पूजा अर्चना की गई। माता महागौरी को अठवाई का भोग लगाया गया। कन्याभोजन और भंडारे के आयोजन किए गए। आज भी यह सिलसिला नवमी पूजन पर जारी रहेगा। नवमें दिन माँ भगतवी के नौवें स्वरुप सिद्धीदात्री की पूजा अर्चना की जाएगी। शहर के प्रसिद्ध प्राचीन मठ बड़ी खेरमाई, बूढ़ी खेरमाई, छोटी देवन राइट टाउन, बगलामुखी सिद्धपीठ सिविक सेंटर, श्री वृहत महाकाली कालीधाम गढाफाटक, महाकाली मंदिर सदर, काली मंदिर गोपालबाग, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा में लगातार नौ दिनों तक अनुष्ठान चले। जवारों की स्थापना की गई। आज नवमी में हवन पूजन के बाद जवारों की विसर्जन यात्रा भी निकाली जाएगी। पिछले नौ दिनों से शहर पूरी तरह भक्तिभाव में डूबा रहा। देवी के नौ स्वरूपों की उपासना आराधना की गई। वासंतेय नवरात्र की महाअष्टमी पर घर-घर आठें भरी गईं। देवी को भोग अर्पित किया गया।

# अष्टमी पर घर-घर माता महागौरी को चढ़ाई गई अठवाई

## दुग्ध अभिषेक के साथ गर्भगृह में पुनः विराजीं मां सिद्धेश्वरी

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि के दिन सिद्ध श्री मां दरबार में मां सिद्धेश्वरी का विधि-विधान से दुग्ध एवं दही से अभिषेक कर पुनः गर्भगृह में विराजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। नवरात्रि पर्व पर आयोजित नौ दिवसीय अनुष्ठानिक कार्यक्रम दैवज्ञ पंडित अरुण शर्मा एवं वंदनीय गुरु माताजी के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। अष्टमी के प्रथम सत्र में सर्वदेव आवाहन, श्री गणेश-अंबिका पूजन, षोडश मातृका पूजन, श्रीरामचरितमानस पाठ, अखंड ज्योत एवं कलश पूजन के साथ आरती की गई। द्वितीय सत्र में श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित घटों का पूजन-अर्चन किया गया, जिसमें नवग्रहों—सूर्य, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु के साथ कालसर्प पीठ के घटों का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पंडित अरुण शर्मा ने कहा कि नवरात्रि का पर्व मां भगवती को समर्पित है। अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की पूजा का विशेष महत्व है। उनकी आराधना से मन की शांति, सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम के अंत में मां की आरती, अर्जी-प्रार्थना और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## माँ शारदा आशीष दरबार में हुआ हवन पूजन

सैनिक सोसायटी रामपुर स्थित माँ शारदा आशीष दरबार में मंगलवार महाअष्टमी को हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। पिछले 9 दिनों से यहां धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे। इस अवसर पर मुकेश कुशवाहा, उपाध्यक्ष- मिलन मुखर्जी, सचिव- जयंत, क्षीरसागर, संजय बारहा, पंडित-सुबोध मिश्रा, सरबजीत सिंह तग्गड, संतोष द्विवेदी, मनीष शर्मा, तरनप्रीत सिंह आहलूवालिया, शुभम विश्वकर्मा ,अमनदीप, जे.बी. राय,कौशलेंद्र महाजन आदि उपस्थित रहे।



# मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित

**अशोक सिंह सेंगर बने प्रदेश अध्यक्ष, जबलपुर के शिव पटेल को महामंत्री की जिम्मेदारी**

**जबलपुर।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के अनुभवी और सक्रिय प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपे गए हैं। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर अशोक सिंह सेंगर (उमरिया) को नियुक्त किया गया है। वहीं जबलपुर जिले से शिवप्रसाद पटेल (शिव पटेल) को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में विनोद कुमार त्रिपाठी, पुष्पेंद्र देशमुख, प्रताप सिंह आर्य, अक्का शर्मा, नरेंद्र सिंह चौहान एवं विक्रम सिंह कुंदेला को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश महामंत्री पद पर श्रीलेंद्र सिंह रावत, जितेंद्र रहांगडाले, कृष्ण कुमार झा, दीपा ठाकुर एवं नितेंद्र सेठे को भी नियुक्त किया गया है। प्रदेश मंत्री, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदों पर भी कई सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। परिषद का उद्देश्य पंचायतों में जनभागीदारी बढ़ाना, ग्रामीण विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा करना है।



## कालीधाम में 501 अखंड ज्योति कलशों के दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर में कालीधाम के संस्थापक एवं संचालक पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज एवं महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज के द्वारा कालीधाम शिष्य परिवार की ओर से 501 अखंड मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है, इस शुभ अवसर पर आचार्य पुरोहित द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ, माँ भगवती काली का पूजन अर्चन, श्रृंगार तथा षोडोपचार विधि से पूजन किया जा रहा है। अनिल उसरेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड ज्योति कलश के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ किए गए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ प्राप्त किया।

# जनेकृविवि में प्याज-लहसुन की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी, आधुनिक कृषि किट का वितरण**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में प्याज एवं लहसुन की उन्नत खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद हॉल, कृषि महाविद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से डीन डॉ. जयंत भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत प्याज एवं लहसुन अनुसंधान निदेशालय, पुणे द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वाति बाचें एवं डॉ. अखिलेश तिवारी ने किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया। तकनीकी सत्रों में डॉ. बी. पी. बिसेन, डॉ. यू.के. चंदेरिया, डॉ. रजनी शर्मा एवं डॉ. आर. पी. जायसवाल ने वैज्ञानिक खेती, उन्नत किस्मों और आधुनिक भंडारण तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद पात्र किसानों को कृषि किट वितरित की गई, जिसमें जैव उर्वरक, जल विलेय उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक शामिल थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सौरभ यादव, डॉ. शुभम अहिरवार, हिमांशु वर्मा, अमित कुमार एवं गनपत पटेल का विशेष योगदान रहा।






## सम्राट अशोक जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**जबलपुर।** सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर 26 मार्च को रामपुर चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो अशोक चौक होते हुए गौरीघाट पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सम्राट अशोक की भव्य झांकी रही, जिसमें रथ पर सवार उनके प्रतीकात्मक स्वरूप को देखकर लोगों ने जयघोष किया। इस दौरान वक्ताओं ने सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 304 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र (पटना) में हुआ था और वे मौर्य वंश के प्रमुख शासक रहे। उनके शासनकाल में भारत की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई और अशोक चक्र को भारतीय तिरंगे तथा अशोक स्तंभ को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में अपनाया गया। सम्राट जयंती संयुक्त समिति जबलपुर के बैनर तले निकली इस शोभायात्रा में जिले और नगर की विभिन्न समितियों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में उदयभद्र बौद्ध, धर्मेन्द्र कुशवाहा, शैलेन्द्र कुशवाहा, एनएल राम, वृंदावन वर्मा, संतोष मराठा, अनंत कुमार कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या भोज संपन्न

**जबलपुर।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी के पावन अवसर पर गोरखपुर स्थित कॉम्प्लेक्स में भक्ति और सेवा का संगम देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी हेमंत बड़गैया एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम बड़गैया द्वारा विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी स्वरूपा कन्याओं के पूजन और आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी कन्याओं को अत्यंत श्रद्धा भाव से भोजन कराया गया और उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीलम बड़गैया का अहम योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे सेवनया, मुनिनद्र शुक्ला, नंदनी, पूर्वी, आराध्या राजभर, नूरी, दुर्गा सेन, कनक, शिवानी, नीतू, पायल, नेहा चक्रवर्ती, कमाक्षी सोनकर सहित कन्याओं और क्षेत्रीय नागरिक रूद्र प्रताप सोनकर, बलविंदर सिंह बाजवा की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान रहा। हेमंत बड़गैया ने इस अवसर पर कहा कि कन्या पूजन और सेवा ही मां की सच्ची भक्ति है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और समरसता का संचार होता है।

## सिद्धिदात्री माँ का पूजन एवं श्री राम जन्मोत्सव आज

**दुर्गा-हनुमान मंदिर में होंगे पूजन, हवन, कन्या भोज सहित विविध आयोजन**

**जबलपुर।** सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित श्री दुर्गा-हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्र के अंतर्गत आज नवम् स्वरूप मां सिद्धिदात्री का पूजन-अर्चन एवं श्री राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में पं. वासुदेव शास्त्री एवं पं. वीरेंद्र दुबे के सानिध्य में पूर्व दिवस पर मां महागौरी का पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण संपन्न हुआ। आज प्रातःकाल मां सिद्धिदात्री का विशेष पूजन, मंगल आरती, प्रसाद वितरण एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा सहित सदस्यों ने सभी धर्मानुरागियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## छात्रावास में छात्राओं से दुर्व्यवहार की जांच की मांग

**आदिवासी विकास परिषद ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

**जबलपुर।** आदिवासी कन्या छात्रावास राइट टाउन में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और धमकी के मामले को लेकर मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिषद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तेकाम द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि छात्रावास की सैकड़ों छात्राएं अधीक्षक के व्यवहार और चरित्र पर टिप्पणी किए जाने से आक्रोशित होकर सहायक आयुक्त के पास शिकायत करने पहुंचीं। आरोप है कि वहां भी छात्राओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, जांच के लिए पहुंची टीम ने भी छात्राओं पर मामला दबाने का दबाव बनाया और शिकायत करने पर छात्रावास से निष्कासन की धमकी दी। परिषद ने आरोप लगाया कि जिले के अन्य छात्रावासों में भी अव्यवस्थाएं हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। परिषद ने इस मामले को आदिवासी छात्राओं की अस्मिता से जुड़ा बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। परिषद के शैलेश धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

# श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के सप्तम दिवस उमड़ा जनमानस

**जबलपुर।** सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर धनवंतरी नगर जबलपुर में चल रही सप्तम दिवस की कथा में आज कथा व्यास डॉ. चन्द्र शेखर शास्त्री ने बताया कि देवी भागवत की कथा में उद्धव स्थिति संहारकरणी रूपी आदिशक्ति सीता माता का हरण रावण ने किया। सीता माता में सृजन, पालन और संहार करने की शक्ति है, वे जब तक अयोध्या में विद्यमान थीं तब तक सृजन की स्थिति में थीं, माता का हरण रावण ने किया तब पालक की स्थिति में विद्यमान थीं और जैसे ही लंका में प्रवेश करती हैं तब तक कालरात्रि निशिचा कुल केरी तेहि सीता पर प्रीति घनेरी। रावण को मन्दोदरी समझाती है, रावण बात को नहीं मानता है, सीता माता संहारकारिणी रूप में लंका को विध्वंश कर देती हैं। मुख्य यजमान श्रीमति बेनी शुक्ला, डॉ. अभिलाष शुक्ला, विनीता शुक्ला, नंदकुमार दुबे, किरण दुबे, कपिल दुबे, प्रीति दुबे ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर आरती की। भजन गायक द्वारा मनमोहक भजन सुनकर श्रोतागण भाव विभोर होकर झूम उठे और जय माता दी जयघोष से प्रांगण गूंजता रहा। दुर्गा मंदिर धनवंतरी नगर के अध्यक्ष पंडित के.के. शुक्ला, कैलाश शर्मा, सुनील दुबे, केन्द्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित भारी भीड़ से पूरा कथा प्रांगण खचाखच भरा हुआ था।





**श्री मोहन चंद्र सोनी-** सिहोरा, सिविल अस्पताल वार्ड क्रमांक 3 सिहोरा निवासी श्री मोहन चंद सोनी का 69 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार पुणे में किया गया। वे सुभाष सोनी,अरविंद सोनी के भाई एंव मोहित सोनी के पिता थे।

**श्री द्वारका प्रसाद बेन-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री द्वारका प्रसाद बेन (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज बाई-** बगीचा नं. 98, तीसरे पुल के पास केंट निवासी श्री सुरेंद्र कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ईश्वरी पैगवार-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री रूप नारायण पैगवार की धर्मपत्नी श्रीमती ईश्वरी पैगवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदय सिंह राजपूत-** पुल नं. 2 के पास कवर्धा हाउस निवासी श्री उदय सिंह राजपूत (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बांके लाल सोनकर-** छोटी ओमती निवासी श्री बांके लाल सोनकर (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती केतकी केसरवानी-** गली नं. 13, सदर निवासी श्री लालजी केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती केतकी केसरवानी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय अग्रवाल-** शुक्रवारी बजरिया हनुमानताल निवासी श्री भूपचंद अग्रवाल के पुत्र श्री संजय अग्रवाल (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश बेन-** सदर बाजार सागर निवासी श्री ओम प्रकाश बेन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# सांदीपनि विद्यालय में 'विद्यारंभ' कार्यक्रम आयोजित

**नन्हें बच्चों ने स्कूली शिक्षा की ओर बढ़ाए कदम**

**सिहोरा।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय में 'विद्यारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों ने औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अपने पहले कदम बढ़ाए। कार्यक्रम में ज्योति परस्ते, संध्या दिलीप दुबे, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, अरविंद धुर्वे एवं बृजेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता अशोक उपाध्याय ने की। परियोजना अधिकारी राखी सैयाम ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी से बच्चों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में जोड़ना है।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और 5-6 वर्ष के बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया, प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन रुचि जग्गी ने किया।




**नाम सुधार**
मैं, VIDITYA CHAUHAN S/O OMPRAKASH CHAUHAN R/O VILLAGE - BHAGWANPUR CHATTAVAN, MEERUT - 250001 का रहने वाला हूँ एवं वर्तमान में ARMY NO. 15724636Y RANK Naik UNIT 2TTR (1STC) JABALPUR में सेवारत हूँ। मेरे आर्मी के दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम OMPRAKASH CHAUHAN एवं जन्मतिथि 01/01/1965 दर्ज है जो की गलत व असत्य है। मेरे पिता का सही व सत्य नाम OMPRKASH SINGH एवं जन्मतिथि 12/03/1960 है जो की मेरे पिता के आधार कार्ड क्रमांक 3809 2585 7187 में दर्ज है। मेरे पिता का सही व सत्य नाम OMPRKASH SINGH एवं जन्मतिथि 12/03/1960 को मेरे आर्मी के दस्तावेजों में दर्ज किया जावे व इसी नाम व जन्मतिथि को मान्य किया जावे। शपथ पत्र दिनांक 13/02/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी अखिलेश कुमार, मेरठ, उप्र।
CORRECT NAME-OMPRKASH SINGH
CORRECT DOB-12/03/1960
INCORRECT NAME-OMPRAKASH CHAUHAN
INCORRECT DOB-01/01/1965

# प्रताप टेक्नोक्रेट्स और बीएसएनएल के बीच 8,025 करोड़ रुपए का करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी प्रताप टेक्नोक्रेट्स ने सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल के साथ 8,025 करोड़ रुपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस अनुबंध के तहत वह 'भारतनेट चरण-तीन' के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव का कार्य करेगी।

कंपनी के अनुसार, इस समझौते के तहत प्रताप टेक्नोक्रेट्स राजस्थान, हरियाणा और असम राज्य में संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के हिस्से के रूप में नेटवर्क का विस्तार करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह समझौता भारत के ग्रामीण ब्रॉडबैंड बुनियादी ढांचा कार्यक्रम में उसकी भागीदारी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस समझौते पर बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ए रॉबर्ट जे रवि और प्रताप टेक्नोक्रेट्स के प्रबंध निदेशक शक्ति सिंह शेखावत की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस नए अनुबंध के तहत, कंपनी इन तीन राज्यों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क यानी इंटरनेट की तारों को बिछाने, उन्हें चालू करने और अगले 10 वर्षों तक उनके रखरखाव का काम संभालेगी।

- कंपनी भारतनेट चरण तीन के संचालन व रखरखाव का कार्य करेगी

## ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं बढ़ेगी

भारतनेट के इस विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन सरकारी कामकाज (ई-गवर्नेंस), शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच में सुधार की उम्मीद है।

## तेज रफ्तार इंटरनेट की पहुंच मजबूत होगी

इस कार्य का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तेज रफ्तार इंटरनेट की पहुंच को मजबूत करना है। प्रताप टेक्नोक्रेट्स के चेयरमैन देवेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान, हरियाणा और असम में चरण-तीन का काम मिलना हमारी क्षमता पर भरोसे को दर्शाता है।

# चालकों को प्रशिक्षण देने खुलेंगे स्कूल : गडकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद
- देश में 22 लाख चालकों की कमी, सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं। मंत्री ने कहा, /"हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इस पहल के माध्यम से हम एक करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे।/" सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से यह सच है कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। गडकरी ने कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण भारत को जीडीपी का तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया।गडकरी ने कहा, पहला कारण सड़क डिजाइन और इंजीनियरिंग हैं।

हमने कुछ खराब जगहों की पहचान की है और उन्हें ठीक करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दुर्घटनाओं का दूसरा कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन है। हमने ऐसी 350 जगहों की पहचान की है और लगभग 280 जगहों में सुधार किया गया है।

## एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने 410 करोड़ जुटाए

**मुंबई।** एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट ने मुख्य रूप से देश के प्रमुख बाजारों में लॉजिस्टिक्स और भंडार गृह पोर्टफोलियो के अधिग्रहण के लिए बॉन्ड जारी करके 410 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की। एनडीआर अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने कहा कि इस निर्गम को इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) द्वारा शुरू किया गया था, जिसमें इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) की भागीदारी थी, जिसने कुल निर्गम में 205 करोड़ रुपये की सदस्यता ली थी। बॉन्ड पांच साल की अवधि के साथ सुरक्षित, दिनांकित, सूचीबद्ध, भुनाने योग्य गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **क्र.सं.:01, निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिग.-टेण्डर-2026-10, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल की वर्तमान अप और डाउन मेन लाइनों तथा नई तीसरी लाइन पर हरदुआ (HDU)-न्यू मझगवां फाटक (NMWP) के बीच आई.बी.एस. के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य (सिगनलिंग कार्य), **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में):** ₹4,20,62,461.00, **बयाना राशि रुपये:** ₹8,41,200/-, **निविदा फॉर्म की कीमत (रुपये):** ₹0.00, **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **समापन अवधि (माह):** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 16.04.2026 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। **नोट:** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है। **(हस्ता.)**

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि.**
वन भवन, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, लिंक रोड नं.2, तुलसी नगर, भोपाल

**वनोपज के घोष विक्रय की सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के विभिन्न परियोजना मंडलों के काष्ठागारों में माह अप्रैल 2026 हेतु विभिन्न स्थलों पर विभिन्न तिथियों में इमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे, बांस एवं अन्य सामग्री के नीलाम हेतु तिथियां पूर्व से अधिसूचित हैं। नीलाम की तदर्थ तिथियां, तथा काष्ठागारों में विक्रय हेतु उपलब्ध वनोपज एवं राजसात वाहनों की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की वेबसाइट www.mpsfdc.com पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु नीलाम दिनांक से पूर्व वेबसाइट को देखना सुनिश्चित करें।

म.प्र. माध्यम/125099/2026 प्रबंध संचालक

# देश के प्रमुख शहरों में दफ्तरों की मांग 15 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में दफ्तरों के लिए जगह पट्टे पर लेने की गतिविधि चालू वर्ष की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 15 प्रतिशत बढ़ गई है। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान सातों शहरों में कुल 1.83 करोड़ वर्ग फुट जगह किराए पर ली गई, जो पिछले साल इसी समय 1.59 करोड़ वर्ग फुट थी। इन सात शहरों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता शामिल हैं। विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भारत में अपने केंद्रों का विस्तार किए जाने से दफ्तरों के बाजार में यह तेजी बनी हुई है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म. प्र.)**

प्रकाशन क्र. 020/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)** — दिनांक 24.03.2026

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. /दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में.) | ऑन लाइन निविदा कय / प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 067/ 23.03.2026 | 2026_ PHED_ 493200_1 | Providing Vehicle And Labour For HANDPUMP MAINTENANCE WORK Block Gotegaon Distt. Narsinghpur (1st Call) | 23.70 | 47400.00 | 5000.00 | 08.04.2026 | 365 दिवस वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 068/ 23.03.2026 | 2026_ PHED_ 493285_1 | Providing Vehicle And Labour For HANDPUMP MAINTENANCE WORK Block Narsinghpur Distt. Narsinghpur (1st Call) | 22.23 | 44460.00 | 5000.00 | 08.04.2026 | 365 दिवस वर्षाऋतु सहित |

G-27863/25 — कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म. प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक/559/खनिज/2026 — दिनांक 18/03/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रताप भानू साहू पता - म.नं. 75 के, वार्ड नं. 34 मझौली तहसील मझौली जला जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 22/02/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये किये जाते है। https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | मझौली | मझौली | 409/1 | 4.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकवा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
खनिज शाखा, जिला-जबलपुर (म. प्र.)

G-27872/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**प्रारूप - V**
**( नियम 10 देखे)**
**धारा 19 (1) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यविस्थापन**
**घोषणा का प्रकाशन सचिव, राजस्व विभाग**

क्रमांक 210/अ.वि.अ./भू-अर्जन/2026 — नरसिंहपुर, दिनांक 18/03/2026

**रा.मा.क्र. 0009/अ-82/2024-25**
**ग्राम-समनापुर प.ह.नं.-22/9नं.ब.-543 तहसील-करेली**

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम - समनापुर प.ह.नं.- 22 / 9 नं.ब. - 543 तहसील - करेली जिला नरसिंहपुर में कुल 10.194 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 10.194 हेक्टेयर है ग्राम - समनापुर तहसील करेली जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

**ग्राम-समनापुर प.ह.नं.- 22 / 9 नं.ब. - 543 तहसील - करेली**

| क्र. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | खिम्मा बाई पत्नी बद्रीप्रसाद लुकेश कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद कमला बाई पुत्री बद्रीप्रसाद प्यारीबाई पुत्री बद्रीप्रसाद जाति लोधी पता चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 113/4 (S) | 0.051 |
| | | | 115 (S) | 0.117 |
| 2 | चोखेलाल पिता नारायणसिंह जाति लोधी पता समनापुर चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 12/1 (S) | 0.202 |
| | | | 12/2 (S) | |
| 3 | बतीबाई पति कोदूलाल जाति लोधी सा. समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 12/3 (S) | 0.032 |
| 4 | नारायणसिंह चौहानसिंह कुंजीलाल पूरनलाल पिता कंछेदी जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 8 (S) | 0.072 |
| 5 | किशोरी पिता दलीप रूपसिंह पिता हल्कू जाति राजपूत पता चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 5 (S) | 0.219 |
| 6 | माखन पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/1 (S) | 0.163 |
| | | | 9/3/1 (S) | 0.060 |
| 7 | घनश्याम पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/2 (S) | 0.133 |
| | | | 9/3/2 (S) | 0.060 |
| 8 | एकमसिंह पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/3 (S) | 0.164 |
| | | | 16 (S) | 0.093 |
| | | | 17/1 (S) | 0.067 |
| 9 | जगदीश पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/4 (S) | 0.164 |
| | | | 17/2 (S) | 0.050 |
| | | | 18 (S) | 0.085 |
| | | | 19/1 (S) | 0.024 |
| 10 | घासीबाई पति रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/5 (S) | 0.050 |
| 11 | सुमंत्राबाई पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/6 (S) | 0.069 |
| 12 | चन्नीलाल पिता हल्का जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/1 (S) | 0.143 |
| 13 | राजेन्द्र पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/2 (S) | 0.090 |
| 14 | श्रीचंद पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/3 (S) | 0.042 |
| | | | 9/1/1 (S) | 0.048 |
| 15 | शिवकुमार पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/2 (S) | 0.090 |
| 16 | शारदाबाई पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/3 (S) | 0.089 |
| 17 | प्यारीबाई पति रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/4 (S) | 0.077 |
| | | | 19/2 (S) | 0.012 |
| 18 | चन्नीलाल पिता हल्के जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/2 (S) | 0.225 |
| 19 | नरबदीबाई पति निरनसिंह जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/4 (S) | 0.105 |
| 20 | कस्तूरीबाई पति रोशनलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 10/1 (S) | 0.120 |
| | | | 10/2/1 (S) | 0.054 |
| 21 | महेश पिता रोशनलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 10/2/2 (S) | 0.053 |
| 22 | कमलाबाई पिता रोशनलाल जाति ढीमर पता जबलपुर मध्यप्रदेश | भूमिस्वामी | 10/2/3 (S) | 0.053 |
| 23 | लक्ष्मी पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 19/3 (S) | 0.015 |
| | | | 20/2/5 (S) | 0.012 |
| 24 | कल्याण पिता छोटेलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 19/4 (S) | 0.144 |
| | | | 20/1 (S) | |
| 25 | इमरती बाई बेवा स्व. केदार दशरथ प्रभुनारायण पिता स्व. केदार सेवती बाई पुत्री स्व. केदार जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 15 (S) | 0.136 |
| | | | 29 (S) | 0.413 |
| 26 | रोशनसिंह पिता भोजराज सिंह लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/1 (S) | 0.128 |
| 27 | हरीबाई पति छोटेलाल दुर्गेश पिता छोटेलाल कीर्ति पिता छोटेलाल प्रमोद कुमार नाबालिग पिता छोटेलाल संरक्षक मां. हरिबाई प्रीति नाबालिग पिता छोटेलाल संरक्षक मां हरिबाई जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/2/1 (S) | 0.090 |
| | | | 13 (S) | 0.128 |
| 28 | हेमराज पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/1 (S) | 0.013 |
| 29 | विनय पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/2 (S) | 0.013 |
| 30 | विनोद पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/3 (S) | 0.013 |
| 31 | मायाबाई पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/4 (S) | 0.013 |
| 32 | शांतिबाई बेवा अन्नीलाल जाति ढीमर छिंदवाड़ा नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/3 (S) | 0.056 |
| 33 | पीतम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/1 (S) | 0.094 |
| | | | 22/2/2 (S) | 0.024 |
| 34 | रेवाराम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता घाटपिंडरई नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/2/1 (S) | 0.024 |
| 35 | धनीराम पिता नन्हो बी उर्फ नन्हेलाल मुन्नीबाई पूनाबाई पुत्री नन्हो बी उर्फ नन्हेलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/1 (S) | 0.291 |
| 36 | तुलसीराम पिता करनसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 23 (S) | 0.235 |
| 37 | अरविंद पिता कुन्जीलाल जाति लोधी सा. देह करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/2/2 (S) | 0.010 |
| 38 | हज्जू उर्फ रज्जु पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/2 (S) | 0.086 |
| | | | 22/2/3 (S) | 0.024 |
| 39 | आशाराम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/3 (S) | 0.087 |
| | | | 22/2/4 (S) | 0.024 |
| 40 | पारवतीबाई उर्फ भागवतीबाई पति करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/2/5 (S) | 0.024 |
| 41 | बट्टोबाई पत्नि नब्बू संतु धनाबाई मिंदोबाई द्रोपतीबाई पिता नब्बू शांतिबाई पति गोटीराम अनिल अनीता सुनीता सुषमा पिता गोटीराम घुल्ला उर्फ घुल्ले पिता कोदूलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 24 (S) | 0.256 |
| | | | 25/1 (S) | 0.080 |
| 42 | गनेश वल्द वल्ले जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 25/2 (S) | 0.210 |
| | | | 26/1 (S) | |
| 43 | हाकम पिता भारत वीरेन्द्र पिता टेकम जितेन्द्र पिता कन्हैया लाल जाति लोधी पता समनापुर करेलीं नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 25/3 (S) | 0.130 |
| | | | 26/3 (S) | 0.065 |
| 44 | कन्हैयालाल हाकम सरोज कुजन पिता भारतसिंह वीरेन्द्र पिता टेकम जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 26/3 (S) | 0.036 |
| 45 | मानकुंवर बाई पति गिरवरसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 27 (S) | 0.053 |
| 46 | लालसिंह पिता राजाराम जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 28/1 (S) | 0.180 |
| | | | 28/2 (S) | 0.218 |
| | | | 28/3 (S) | 0.218 |
| | | | 28/4 (S) | 0.180 |
| 47 | फूलसिंह पिता रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/1 (S) | 0.310 |
| | | | 33/1 (S) | |
| 48 | हल्कीबाई पुत्री रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/3 (S) | 0.160 |
| | | | 33/3 (S) | |
| 49 | नन्हे उर्फ नंदू पिता रामचरन जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/5 (S) | 0.202 |
| | | | 33/5 (S) | |
| 50 | कम्मू उर्फ कोमल पिता रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/7 (S) | 0.300 |
| | | | 33/7 (S) | |
| 51 | गजराज बुटटन पितां हुल्कर जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 34/1 (S) | 0.121 |
| | | | 35/2 (S) | |
| | | | 36/1 (S) | |
| 52 | यहवरन चूरामन भीकम जयबाई पिता रूपसिंह जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 37/1 (S) | 0.250 |
| | | | 38/2 (S) | |
| 53 | गजराज पिता हुल्कर जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 37/2 (S) | 0.150 |
| | | | 38/3 (S) | |
| 54 | रूपसिंह पिता रतनसिंह जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 38/1 (S) | 0.275 |
| 55 | सुखराम पिता हुकुम उर्फ बड्डा जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 39/1 (S) | 0.337 |
| 56 | ज्ञानी पिता लालसाहब पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 39/2 (S) | 0.280 |
| 57 | सोमती बाई पति धन्नू बृजेश मुकेश लखन रब्बीबाई अंजोबाई रोशनी पिता धन्नू मुन्नीबाई पिता सुखराम नेतराज गोविंद लज्जाबाई पिता सुखराम बाबूलाल नाबालिग पिता सुखराम संरक्षक मां मुन्नीबाई उमाबाई नाबालिग पिता सुखराम संरक्षक मां मुन्नीबाई जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 40/1 (S) | 0.245 |
| | | | 40/2 (S) | 0.270 |
| | | | 41 (S) | 0.035 |
| 58 | पूरनलाल पिता विजयसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 43/1,2,3,4 (S) | 0.324 |
| | | | 44/1,2,3,4 (S) | |
| | | | 45/1,2,3 (S) | |
| | | | 46 (S) | |
| 59 | वीरन सिंह पिता विजय सिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 43/5 (S) | 0.136 |
| | | | 44/5 (S) | |
| | | | 45/4 (S) | |
| | कुल योग | | | 10.194 |

1. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक-1 में न्यायालय तहसीलदार करेली का प्रकरण क्रमांक 1188-अ - 6 / 2025-26 आदेश दिनांक 26.12.2026 एवं सूची के सरल क्रमांक - 56 न्यायालय तहसीलदार करेली का प्रकरण क्रमांक 0076-अं-27 2025-26 आदेश दिनांक 30.06.2025 के अनुसार हितग्राहियो के नाम संशोधित किये गये है।
2. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 ( 2013 का 30 ) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है।
3. कार्यपालन यंत्री रा. अ.बा.लो. सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अत: इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है।
4. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा ( 2 ) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है।
5. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोडकर आवश्यक नही है।
6. अनुविभागीय अधिकारी ( रा.) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

( मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी सह भू-अर्जन अधिकारी
नरसिंहपुर

(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-27864/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

## चिंतन

# तेल-गैस की कमी नहीं अफवाहों पर ध्यान न दें

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध से खाड़ी देशों में हुए तनाव के कारण दुनिया में तेल और गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि भारत में ऐसे हालात नहीं हैं, लेकिन यह जरूरी है कि लोग तेल और गैस की जमाखोरी न करें, ताकि सप्लाई चेन बनी रहे। जमाखोरी पर अंकुश लगने से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आपूर्ति बनी रहेगी और लोग पैनिक नहीं होंगे। जमाखोरी से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो जाता है और अफवाहें फैलती हैं। इससे दिक्कतें आती हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर तेल और गैस की कीमतों और आपूर्ति पर पड़ता है, परंतु यह मान लेना कि देश में इनकी कमी हो गई है, पूरी तरह से भ्रामक है। ऐसे समय में सबसे बड़ी चुनौती वास्तविक संकट नहीं, बल्कि अफवाहों और उससे उपजी पैनिक की स्थिति होती है। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई चेन को बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न स्त्रोतों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रूस, अर्जेंटीना और ईरान जैसे देशों से आयात बढ़ाकर भारत ने अपने ऊर्जा स्त्रोतों को विविध बनाया है, जिससे किसी एक क्षेत्र में तनाव का सीधा असर देश की ऊर्जा जरूरतों पर न पड़े। इसके बावजूद, कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ या गैस सिलेंडर की अधिक मांग देखने को मिलती है। यह स्थिति वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों और जमाखोरी की प्रवृत्ति के कारण उत्पन्न होती है। जब लोग यह मान लेते हैं कि आगे चलकर कमी हो सकती है, तो वे जरूरत से ज्यादा खरीदने लगते हैं। इससे अस्थायी रूप से सप्लाई प्रभावित होती है और फिर यही स्थिति अफवाहों को और हवा देती है। इस तरह एक कृत्रिम संकट पैदा हो जाता है, जो वास्तव में मौजूद नहीं होता। जमाखोरी केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी हानिकारक है। यह न केवल अन्य लोगों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि पूरे सिस्टम पर दबाव डालती है। यदि हर व्यक्ति अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करे, तो उपलब्ध संसाधन आसानी से सभी तक पहुंच सकते हैं। इसलिए इस समय जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना अत्यंत आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकारें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और समय-समय पर लोगों को अपडेट दे रही हैं। आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों के लिए मार्ग खोलना भी एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर भी स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका के रुख में नरमी और कूटनीतिक प्रयासों के चलते उम्मीद की जा रही है कि यह तनाव जल्द ही कम होगा। जैसे ही हालात सामान्य होंगे, ऊर्जा बाजार में स्थिरता लौट आएगी। कीमतों और आपूर्ति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका भी इस समय महत्वपूर्ण हो जाती है। गलत सूचनाएं और अपुष्ट खबरें लोगों में भय पैदा करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि लोग केवल विश्वसनीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी अफवाह को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाएं। जागरूकता और संयम ही इस स्थिति से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका है।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# ईरान पर ट्रंप की घोषणा को कैसे लें

मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा?

ईरान से जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर तत्काल हमले रोकने और बातचीत के पोस्ट से दुनिया में हलचल मच गई। ट्रंप का पोस्ट सामने आने के साथ ईरान का किसी प्रकार की बातचीत से इनकार करने का बयान कई प्रश्न खड़ा करता है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पिछले दो दिनों में, अमेरिका और ईरान देश के बीच, मध्यपूर्व में हमारी दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में बहुत अच्छी और काम की बातचीत हुई है। इन गहरी, विस्तृत और रचनात्मक बातचीत के अंदाज और लहजे के आधार पर जो पूरे हफ्ते जारी रहेंगी। मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे ईरान के पावर प्लांट और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर किसी भी तरह के सैन्य हमले को पांच दिनों के लिए टाल दें। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चल रही बैठकें और बातचीत कितनी सफल रहती हैं।" इस तरह के पोस्ट से सहसा यह संदेश जाएगा ही कि अमेरिका ने युद्ध रोक दिया है और बातचीत इस अवस्था में पहुंची है कि युद्धविराम हो जाएगा। किंतु यह पोस्ट ही बहुत कुछ कहता है। पोस्ट के बावजूद अमेरिका की ओर से ईरान पर हमले हो रहे हैं और दोनों लड़ रहे हैं। इस पोस्ट में युद्धविराम शब्द का उल्लेख नहीं है।

ध्यान रखिए , ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि वह हार्मूज जलडमरुमध्य को मुक्त करे अन्यथा 48 घंटे बाद उसके ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले होंगे। इसे ही उन्होंने इस पोस्ट के जरिए 5 दिन आगे बढ़ाया। इसमें अगले 5 दिन केवल बिजली और ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमले न करने की बात है। दूसरे, इसमें मध्यपूर्व में दुश्मनी खत्म करने पर बातचीत का अर्थ व्यापक है। मध्य पूर्व में दुश्मनी खत्म करने का न्यूनतम अर्थ इजराइल राष्ट्र को औपचारिक रूप से स्वीकार करना या मान्यता देना, यरुशलम को उसकी राजधानी मानना तथा अरब देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ये कितने कठिन हैं बताने की आवश्यकता नहीं। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही इसका बड़ा लक्ष्य इजराइल का राष्ट्र के रूप में अस्तित्व समाप्त करना है। क्या इस्लामिक राज्य अपने लक्ष्य को छोड़ देगा? क्या येरूसलम पर कब्जा और अल अक्सा मस्जिद को इस्लामी शासन के अंतर्गत लाने के उद्देश्य का परित्याग कर देगा? शिया इस्लामी देश को सर्व शक्तिशाली यानी हर स्तर की सैन्य शक्ति को विस्तारित करने की प्रक्रिया पर विराम लगा देगा? ट्रंप प्रशासन की ओर से दिया गया 15 सूत्री प्रस्ताव इसी की पुष्टि करता है। इसे स्वीकार करने का मतलब होगा ईरान इजराइल केंद्रित अपने सभी गतिविधियां समाप्त करेगा तथा न्यूक्लियर कार्यक्रम एवं सैन्य शक्ति के लिए अमेरिका की इच्छा अनुसार ही आगे काम कर पाएगा। ऐसा करने का मतलब इस्लामी देश के रूप में ईरान को विसर्जित करना होगा। इजरायल को मान्यता दिलाने के लिए ट्रंप ने पहले कार्यकाल में अब्राह्मिक समझौता का प्रारूप लाया था, जिसे कुछ अरब देशों ने स्वीकार किया है। ईरान का इस्लामी शासन इसे स्वीकारने को तैयार नहीं रहा है। कुछ विश्लेषकों का मत है कि ट्रंप पर आंतरिक दबाव है, क्योंकि युद्ध के खर्चे से अर्थव्यवस्था पर उल्टा प्रभाव हो रहा है। चूंकि युद्ध संपूर्ण विश्व को दुष्प्रभावित कर रहा है इसलिए अधिकतर देश इसका अंत चाहते हैं। अमेरिका



में लोगों को संदेह है कि ट्रंप आगे कर लगाएंगे और महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से 200 अरब डॉलर की मांग की है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह युद्ध के लिए नहीं, पहले से प्रस्तावित है और पूरक है। युद्ध का व्यय है और यह सामान्य नहीं हो सकता, लेकिन दबाव अमेरिका पर होगा और ईरान पर नहीं यह तर्क हास्यास्पद है। डेढ़ दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों के कारण ईरान की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल है। युद्ध ने ईरान द्वारा विनाशकारी हथियारों के निर्माण और मिसाइल कार्यक्रम को अनुमान से काफी अधिक विस्तार के आरोपों को सही साबित किया है। अगर वह दियागो गार्सिया में चार हजार किलोमीटर से ज्यादा तक मिसाइल हमले कर सकता है तो इसका अर्थ है ईरान के शास्त्रस्त्रों को लेकर अनेक रक्षा विश्लेषक अमेरिका को झूठा साबित करने की कोशिश कर रहे थे वे सही नहीं थे। इस दृष्टि से भी अमेरिका के लिए उसको कमजोर करना अपरिहार्य हो गया है अन्यथा अरब देश भी रक्षा के लिए नाभिकीय हथियारों की सीमा तक जाने की कोशिश कर सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने ट्रंप के पोस्ट के तीन दिनों पहले कहा था कि उनका युद्ध अमेरिका से अलग है। इजराइल द्वारा ईरान के सबसे बड़े गैस केंद्र वेस्टर्न पोर्स पर हमले की आलोचना के बीच ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। इसके बाद बेंजामिन नेतान्याहू ने बयान दिया था। इसका अर्थ है कि अमेरिका कभी हमले रोकने या युद्ध न करने की घोषणा करे दे तो भी इजराइल उसका अनुपालन करने को बाध्य नहीं है। हालांकि अमेरिका युद्ध न करने का दबाव बना दे तो इजरायल ऐसा कर नहीं सकता किंतु जहां उसके राष्ट्र के अस्तित्व का प्रश्न हो तो कोई उसे कैसे रोक सकता है। युद्ध के कुछ समय तक ट्रंप अकेले पड़े थे । ट्रंप के पोस्ट के पहले कुछ स्थितियां भी बदलीं। उन्होंने नाटो के साथ जापान, चीन आदि देशों से हौर्मूज को खुलवाने में आगे आने की अपील किया था। पहले इसमें आनाकानी थी, पर 22 देशों ने संयुक्त बयान जारी कर ईरान को चेतावनी दिया कि वह हौर्मूज में जहाजों का मुक्त आवागमन कायम करें। साफ कहा गया है कि सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 के अंतर्गत समुद्र में स्वतंत्र नेविगेशन अधिकार है। इस चेतावनी का मतलब ईरान ऐसा नहीं करता तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इन 22 देशों में फ्रांस , ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया आदि शामिल हैं। इनमें ब्रिटेन को छोड़ कोई युद्ध में ट्रंप के साथ नहीं था। 22 में अरब के केवल दो प्रमुख देश सऊदी अरब और बहरीन हैं। इसके पहले 12 इस्लामी देशों ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में बैठक कर संयुक्त बयान जारी किया जिसमें ईरान द्वारा इस्लामी देशों पर हमले रोकने को कहा। तो यह कहना कि अमेरिका पर दबाव है और ईरान पर नहीं यह ग़लत है। इस्लामी देशों के साथ 22 देशों का बयान ईरान को ही कठघरे में खड़ा करता है। दोनों बयानों में अमेरिका या इजराइल के लिए आलोचना का एक शब्द नहीं है। ईरान हौर्मूज और पड़ोसी देशों पर हमले को लेकर अकेला पड़ चुका है। उसके सर्वोच्च नेताओं की बड़ी संख्या मारी जा चुकी है। यह स्थिति न अमेरिका की है और न इजराइल की। ईरान ने इस्लामी शासन को भी शीर्ष से नीचे तक इतनी परिधियों में निर्मित किया है कि उनका ध्वस्त हो जाना अत्यंत कठिन है। अमेरिका तथा इजरायल अभी इस लक्ष्य की ओर शायद ही बढ़ें। किंतु वे सत्ता को इतना दुर्बल अवश्य बनना चाहेंगे ताकि आंतरिक विद्रोह के कारण परिवर्तन की संभावना सशक्त हो और उसमें उनकी भूमिका हो। इसे समझने वालों का निष्कर्ष यही होगा कि ट्रंप के पोस्ट को एकाएक युद्ध रोकने के रूप में नहीं लिया जाए। संभव है उनकी रणनीति हो।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति
अम्बरीष प्रजापति



# अमेरिका और ट्रंप के बयानों के इर्द-गिर्द विपक्ष की राजनीति

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होना न केवल स्वाभाविक है, बल्कि यह एक जीवंत शासन व्यवस्था का लक्षण भी है। परंतु, राजनीति की एक मर्यादा रेखा वहां खिंच जानी चाहिए जहां देश की विदेश नीति और प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय छवि का प्रश्न हो। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में एक चिंताजनक प्रवृत्ति देखी गई है। विदेशी नेताओं के दावों या अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को आधार बनाकर अपने ही देश के नेतृत्व पर प्रहार करना। यह प्रवृत्ति न केवल कूटनीतिक समझ पर प्रश्न चिह्न खड़ा करती है, बल्कि अनजाने में उन विदेशी ताकतों के हाथ मजबूत करती है जो भारत को एक विभाजित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती हैं। अमेरिकी राजनीति अपनी विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती है। जहां नेता अक्सर घरेलू मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति पूर्ण दावे करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया, इसी श्रृंखला का हिस्सा था। विडंबना यह है कि जब स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के पवित्र पटल पर इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, तब भी विपक्ष ने एक विदेशी नेता के इस बयान को पत्थर की लकीर मान लिया। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए बारबार'सरेंडर' या 'कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे शब्दों का प्रयोग करना राजनीतिक अपरिपक्वता दर्शाती है। विचारणीय प्रश्न यह है कि क्या भारत जैसा परमाणु शक्ति संपन्न और विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति किसी एक फोन कॉल पर अपनी रक्षा रणनीतियों से समझौता कर सकता है? विदेशी धरती से आने वाले बयानों पर मुग्ध होकर अपने ही नेतृत्व पर कीचड़ उछालना न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र के स्वाभिमान के। आज की वैश्विक परिस्थितियों को देखें तो विपक्ष के तर्कों की खोखली बुनियाद स्वतः स्पष्ट हो जाती है। जो अमेरिका व ईरान के साथ युद्ध में संघर्ष की स्थिति में है, जिसे नाटो देशों से मदद की गुहार लगानी पड़ी है और जो धमकियां देने के बावजूद युद्ध के मैदान में अनिर्णय की स्थिति में है, क्या वह वास्तव में इस स्थिति में है कि भारत जैसे देश पर अपनी मर्जी थोप सकें? जो स्वयं संकट के समाधान के लिए सहयोगियों की बाट जोह रहा हो, उसके बयानों को आधार बनाकर मोदी सरकार को कॉम्प्रोमाइज्ड कहना तर्कहीनता है। ईरान-अमेरिका संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को हिलाकर रख दिया है। दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित है, लेकिन इस भीषण संकट के बीच भी भारत का सुरक्षित रास्ता निकालना एक बड़ी कूटनीतिक विजय है। यदि भारतीय नेतृत्व वास्तव में 'कॉम्प्रोमाइज्ड' होता, तो होर्मुज जलक्षेत्र से हमारे जहाज शिवालिक और नंदा को सुरक्षित रास्ता कभी न मिलता। वहीं, शिवालिक और नंदा जहाज एलपीजी गैस लेकर भारत पहुंच भी गए। यह किसी दबाव का नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक रणनीति और विदेश नीति का परिणाम है। कूटनीति में रियायतें कमजोरी से नहीं, बल्कि सामर्थ्य से हासिल की जाती हैं। यह बेहद संवेदनशील विषय है कि जब-जब विदेशी मंचों से भारत के विरुद्ध कोई भ्रामक नैरेटिव गढ़ा जाता है, तब हमारा विपक्ष उसी भाषा में प्रतिध्वनि करने लगता है। प्रधानमंत्री के लिए वोट चोर, सरेंडर, कॉम्प्रोमाइज्ड जैसे शब्द विशेषणों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि को ही धुंधला करता है। संकट के समय जब दुनिया भारत की कूटनीतिक कुशलता को देख रही है, तब अपने ही घर में इस तरह की बयानबाजी प्रतिद्वंद्वी देशों के एजेंडे को हवा देती है। राजनीति में विरोध मुद्दों पर होना चाहिए, विदेशी दुष्प्रचार पर नहीं। कूटनीतिक सफलताएं किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। जब हम अपने संस्थानों और संवैधानिक पदों की गरिमा को विदेशी चश्मे से तौलने लगते हैं, तो हम अपनी स्वतंत्रता को ही जोखिम में डालते हैं। यह समझना आवश्यक है कि सत्ताएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन देश की साख और प्रधानमंत्री के पद की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। भारत आज उस मुकाम पर है जहां वह अपनी शर्तें खुद तय करता है। ईरान युद्ध के बीच भारत की रणनीतिक स्थिरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हम किसी के पिछलग्गू नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति हैं। विपक्ष को अब विदेशी चश्मे को उतारकर भारतीय चश्मे से देश की प्रगति को देखना होगा। विदेशी धरती से उठने वाले शोर को अपनी सियासत का एजेंडा बनाना बंद करना ही राष्ट्रहित में है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान के विषयों पर कम से कम देश के भीतर एक सुर होना चाहिए क्योंकि राष्ट्र प्रथम की भावना ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इसलिए सभी दलों को पीएम पद की गरीमा का ध्यान रखना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है। केवल उन पर ध्यान करो और अन्य सब बातें त्याग दो (मुंडकोपनिषद)। जो लोग केवल उन्हीं की चर्चा करते हैं, वे भक्त को मित्र समान प्रतीत होते हैं और जो अन्य लोग अन्य विषयों की चर्चा करते हैं, वे उनको शत्रु समान दिखते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया। जाते समय गाय और उसका मालिक दोनों एक दूसरे की तरफ कृतज्ञता पूर्वक देख रहे थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समान नागरिक संहिता व्यापक बदलाव का संकेत

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से "समान नागरिक कानून" की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है।

*-रविंद्र, रोहतक*

## ट्रेंड

### रामनवमी की शुभकामनाएं



देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना। -**नरेंद्र मोदी,** पीएम

### चुनाव आयोग निष्पक्ष संस्था



भारत देश में चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। अगर किसी के पास चुनाव आयोग के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं तो वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। इस बार टीएमसी बुरी तरह से हारेगी और दो तिहाई बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।
-**सुकांता मजूमदार,** केंद्रीय मंत्री

### सतीशान की प्रतिक्रिया जानें



केरल के धर्मनिरपेक्ष लोगों को विपक्ष के नेता वी डी सतीशान की प्रतिक्रिया जानने का अधिकार है, जिन्होंने 2006 में अपने परवूर निर्वाचन क्षेत्र में माधव सदाशिव गोलवलकर शताब्दी समारोह में भाग लिया था। -**पिनारयी विजयन,** सीएम केरल

### मेरा केरल पर फोकस




मेरा फोकस केरल चुनाव पर है। असम, बंगाल, तमिलनाडु में मेरे साथी कैंपेन कर रहे हैं। केरल में लोग बदलाव चाहते हैं। भाजपा राज्य में कोई अप्रासंगिक कारक नहीं है। असली लड़ाई यूडीएफ व एलडीएफ के बीच है। भाजपा को वोट देना बेकार है। यूडीएफ को वोट दें। -**शशि थरूर,** कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# रूस अपने मालवाहक जहाजों को सुरक्षा मुहैया कराएगा

रूस ने कहा है कि वह अपने मालवाहक जहाजों को नौसैनिक सुरक्षा प्रदान करेगा क्योंकि पश्चिमी देशों की नौसेनाओं द्वारा ऐसे जहाजों को रोकने की घटनाएं बढ़ रही हैं। रूस के मैरीटाइम बोर्ड ने बुधवार को एक बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर रूसी जहाजों की जब्ती या रोकथाम से निपटने के लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए। ये दिशा-निर्देश मुख्य रूप से अजोव-काला सागर क्षेत्र और बाल्टिक सागर पर लागू होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य क्षेत्रों में भी नौसैनिक सुरक्षा दी जाएगी या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब यूरोपीय देश रूस के तथाकथित शैडो फ्लीट को बाधित करने की कोशिशें तेज कर रहे हैं, जिनका उपयोग भारत और चीन जैसे पारंपरिक ग्राहकों तक हाइड्रोकार्बन पहुंचाने के लिए किया जाता है। बोर्ड के प्रमुख निकोलाई पत्रुशेव ने कहा, रूस के साथ काम करने वाले जहाज मालिकों को नौसेना के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं और रूसी मालवाहक जहाजों की निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए रूसी नौसेना उनकी निगरानी करेगी और नौवहन क्षेत्रों पर नजर रखेगी।



## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# परीक्षा परिणाम में छात्रों के साथ बड़ी गड़बड़ी: एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक कोर्ट में तलब



## सैकड़ों नर्सिंग छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, हाईकोर्ट ने डिजिटल मूल्यांकन एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी बुलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के परीक्षा परिणामों में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एम.एससी. नर्सिंग (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा में मेधावी छात्रों को शून्य या असाधारण रूप से कम अंक दिए जाने के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कड़ा रुख अपनाया है।

न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

**क्या है मुख्य मामला** यह याचिका एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के एक छात्र के द्वारा अधिवक्ता रितिक शर्मा के माध्यम से दायर की गई एवं पक्ष रखा गया है।

**रिट याचिका का आधार यह है कि: सही उत्तर पर भी जीरो अंक :** याचिकाकर्ता की उत्तरपुस्तिका में परीक्षक द्वारा उत्तरों को 'सही' मार्क किया गया है, लेकिन उसके बावजूद डिजिटल सिस्टम में उन्हें 0अंक प्रदान किए गए हैं।

### RTI में फर्जीवाड़ा

यूनिवर्सिटी ने पहले याचिकाकर्ता को किसी अन्य छात्र की उत्तरपुस्तिका भेज दी, जिसमें भारी गलतियां होने के बावजूद उसे भी याचिकाकर्ता के समान ही अंक दिए गए थे।

**अंकों में भारी अंतर :** छात्रा ने प्रैक्टिकल परीक्षा में 200 में से 174 अंक प्राप्त किए, जबकि थ्योरी में उसे मात्र 20 अंक देकर फेल कर दिया गया।

### कोर्ट ने मूल्यांकन एजेंसी को भी घेरा

यूनिवर्सिटी ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उनकी डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली फुल-प्रूफ है और इसमें मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है। हालांकि, उत्तरपुस्तिका एवं दस्तावेजों को देखने के बाद न्यायालय ने मूल्यांकन के लिए अनुबंधित निजी एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी अगली सुनवाई पर तलब किया है ताकि वह अंकों के निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट कर सके।

### अगली सुनवाई 8 अप्रैल को

उच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को नियत की है। इस आदेश के बाद नर्सिंग छात्रों के बीच न्याय की एक नई उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर गहरा संशय भी व्याप्त है और यह आशंका जताई जा रही है कि डिजिटल मूल्यांकन के नाम पर कई अन्य छात्रों के साथ भी इसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है।

## दोनों हाथों से लूट रही महाकाल कंपनी शहडोल की खनिज संपदा

**ब्यौहारी।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पौड़ी से चोरी छिपे महाकाल कंपनी द्वारा अवैध उत्पादन किया जा रहा है कंपनी द्वारा जिले की बसें कीमती खनिज को दोनों हाथों से लूटा जा रहा है एक तो कंपनी द्वारा अवेद्युत खनन किया जा रहा है दूसरा दूसरे जिले की टीवी से परिवहन किया जा रहा है और तीसरा ओवरलोडिंग के जरिए प्रत्येक हाईवे में तीन ट्रॉली रेट अतिरिक्त ढोई जा रही इसके लिए जिम्मेदार खनिज विभाग प्रशासनिक एवं पुलिस हमला उदासीन बना हुआ है पिछले दिनों भमरहा में चार अवैध हाईवा पकड़े गए थे जिनके पास अनूपपुर की टीपी थी उसे मामले में खनिज निरीक्षक समय लाल गुप्ता द्वारा अवैध को वैध बना दिया गया और हाईवे को छोड़ दिया गया इससे साबित होता है कि खनिज सर्वेयर को लंबी रकम मिल रही है क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री एवं कमिश्नर से अवैध खनन एवं ओवरलोड हाईवा पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

## जमीनी विवाद को लेकर दो चचेरे भाईयों में मारपीट, पुलिस ने दोनो पक्षों पर किया काऊंटर केस दर्ज

**शाहनगर।** थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत बोरी चौकी के समीप सुनपुरा गांव मे बुधवार की शायं 4बजे दो भाईयों पर जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की गई जानकारी के मुताबिक फरियादी शिवकुमार पिता रामचन्द्र यादव उम्र 40 वर्ष निवासी सुनपुरा ने बताया की मेरी खेती की जमीन बरूआबारन हार मे मेरे चचेरे भाई की जमीन से लगी है आज मे खेत के किनारे लगी सरकारी जमीन पर लगे झाड़ झंकार की सफाई मे लगा था तभी रामभाई यादव पिता बलिराम यादव उम्र 55 वर्ष निवासी सुनपुरा और उसका दोनों बेटा मुकेश यादव और सुखेन्द्र यादव आये और गाली गालौज करने लगे तभी रामभाई ने हाथ मे ली हूई कुल्हाडी मेरे सिर पर मुढाही की तरफ से मार दी तभी वहीं पास में मेरी धर्मपत्नी उमारानी यादव ने बीच बचाव किया उसके दोनों बेटों ने लाठी डन्डो से मारपीट की वही दूसरे पक्ष ने भी रामभाई पिता बलीराम यादव ने भी मारपीट का आरोप लगाया है पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के अधार दोनों पक्षों मे कांऊटर केश का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने घायलों को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ईलाज के लिये लाया गया जहा से प्राथमिक उपचार पश्चात रामभाई यादव और बलिराम यादव को कटनी। रेफर कर दिया गया।

## पुरानी समिति बर्खास्त, अब सरकारी शिकंजे में होगा मां का खजाना

# सिंहपुर काली मंदिर में आस्था पर निजी डकैती

### राजस्व न्यायालय के कड़े फैसले से निजी हित साधने वाले मठाधीशों में हडक़ंप

**शहडोल। जिले के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र मां काली मंदिर सिहपुर में वर्षों से चल रहे अंधेरगर्दी के खेल का पर्दाफाश हो गया है। श्रद्धा के नाम पर चढ़ावे की राशि से अपनी तिजोरियां भरने वाली कथित मंदिर समिति के पाप का घड़ा आखिरकार फूट गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास सोहागपुर ने एक ऐतिहासिक आदेश पारित करते हुए तत्कालीन समिति को तत्काल प्रभाव से समाप्त (बर्खास्त) कर दिया है। अब मां काली की सेवा और मंदिर का प्रबंधन किसी निजी गिरोह के हाथ में नहीं, बल्कि सीधे सरकारी नियंत्रण में होगा।**

### चढ़ावे से ऐश, हिसाब में शून्य

जांच प्रतिवेदन में जो खुलासे हुए हैं, वे चौकाने वाले हैं। मां काली के दरबार में भक्त हर साल 5 से 6 लाख रुपये का नकद चढ़ावा और भारी मात्रा में सोना-चांदी अर्पित करते हैं, लेकिन इस भारी-भरकम राशि का कोई हिसाब-किताब मंदिर के खाते में नहीं था। न्यायालय के आदेश में साफ कहा गया है कि श्रद्धालुओं द्वारा जो भी चढ़ावा दिया जाता था, उसका तत्कालीन समिति द्वारा निजी हित में उपयोग करना पाया गया है। 17 अक्टूबर 2023 से पूर्व का कैश बुक में कोई लेखा-जोखा ही नहीं मिला। यह सीधे तौर पर आस्था के साथ खिलवाड़ और सार्वजनिक धन की खुली लूट थी। भक्तों के पैसों से मंदिर का



विकास करने के बजाय समिति के सदस्य स्वयं के ऐश-ओ-आराम पर राशि खर्च कर रहे थे।

### जांच में खुली पोल: गायब मिले दस्तावेज

जब प्रशासन ने मंदिर की आय-व्यय का विवरण मांगा, तो समिति के हाथ-पांव फूल गए। कई बार समय देने के बावजूद वे ऑडिट रिपोर्ट और रसीद कट्टे पेश नहीं कर सके। जांच में पाया गया कि मंदिर की कीमती 5.645 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर भी कुछ लोग गिद्ध दृष्टि जमाए बैठे थे। पंचायत द्वारा लगाई गई आपत्तियों को भी न्यायालय ने निजी स्वार्थ से प्रेरित मानकर खारिज कर दिया है।

### अब लोक न्यास करेगा न्याय

प्रशासन ने अब सिंहपुर काली मंदिर को म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 के तहत पंजीकृत कर इसे सार्वजनिक ट्रस्ट घोषित कर दिया है। अब कलेक्टर शहडोल मंदिर के पदेन प्रबंधक होंगे। तहसीलदार सोहागपुर को मंदिर प्रबंधन का संपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अब मंदिर के नाम से संचालित खाते में ही पैसा जमा होगा। इस खाते पर कोई एटीएम जारी नहीं होगा, ताकि धन की निकासी में पारदर्शिता रहे।

### सोने-चांदी और नकदी का बड़ा भंडार

प्रशासनिक जांच के दौरान मंदिर के पास मौजूद चल-अचल संपत्ति का जो कच्चा चि_ा सामने आया है, वह किसी की भी आंखें खोल देने वाला है। नकदी व बैंक बैलेंस लगभग 1,55,000 रुपये से अधिक की राशि। सोना 99.620 ग्राम, चांदी 3 किलो 139 ग्राम, मां काली और भगवान श्री राम के मुकुट, छत्र, पायल और अंगूठी सहित दर्जनों कीमती गहने।

### नई कार्यकारिणी का गठन

मंदिर को अब एक सशक्त सरकारी टीम चलाएगी, जिसमें एसडीएम सोहागपुर (संरक्षक), एसडीओ पुलिस, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के अधिकारी सदस्य होंगे। साथ ही स्थानीय विधायक और सांसद के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल रहेंगे। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि कोई भी न्यासधारी मंदिर की संपत्ति का उपयोग अपने निजी हित के लिए नहीं करेगा। यदि किसी ने मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण किया या दान पेटी के पैसे में हेराफेरी की, तो उसके खिलाफ सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। अब मंदिर में क्यूआर कोड भी लगाया जाएगा ताकि भक्त सीधे मंदिर के खाते में राशि जमा कर सकें।

## चैक बाउंस के मामले में आरोपी को 6 माह का कारावास

**दमोह।** न्यायालय उत्कर्ष दिवाकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह द्वारा चैक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह का कारावास एवं क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने का दण्डादेश पारित किया गया है। अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया कि मामला परिवादी कैलाश शैलार पिता स्व.पीडी शैलार निवासी असाटी वार्ड 1 दमोह अनावेदक अर्जुन वर्मन पिता खिलान वर्मन निवासी ललित कालोनी तुलाराम चौक तहसील जबलपुर जिला जबलपुर परिवादी एवं अनादेवक के मध्य काफी लंबे समय से अच्छी जान पहचान एवं मधुर संबंध थे अनावेदक की मां दमोह मं रहती है एवं अनावेदक अर्जुन वर्मन पालीटेक्निक कालेज जबलपुर में भृत्य के पद पर कार्यरत है संबंधो के चलते अनावेदक अर्जुन वर्मन ने परिवादी कैलाश शैलार से माह अप्रैल 2019 में बताया कि मां का स्वास्थ्य बहुल ज्यादा खराब है इलाज हेतु बाहर ले जाना है इसलिये 5,50,000 परिवादी से संबंधो के आधार पर परिवादी ने अनावेदक को पैसे प्रदान कर दिये थे। परिवादी ने माह दिसंबर 2019 से अनावेदक से संपर्क कर उक्त राशि की मांग की तब उसने 15.12.2019 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा तुलाराम चौक जबलपुर का चैक क्रमांक 645186 राशि 5,50,000 रूपये का चैक आपने हस्ताक्षर करके दे दिया परिवादी ने दिनांक 26.12.2019 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा दमोह में खाता में जमा किया दिनांक 02.01.2020 को परिवादी को सूचना प्राप्त हुई कि अनावेदक के खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं है इसलिये पर्शित राशि का भुगतान हो पाना संभव नहीं है। उक्त चैक अनादृत हो गया है। तब परिवादी ने अपने अधिवक्ता मनीष चौबे के माध्यम से अनावेदक के पते पर नोटिस पहुंचाया और न्यायालय ने आवेदन स्वीकार करते हुए अभियुक्त को धारा 318 एनआई एक्ट के तहत दण्डित किये जाने का निवेदन किया। तब धारा 138 परक्राम्य लिखित अधि.1881 के अधीन दोषी पाते हुये 6 माह का साधारण कारावास एवं 7,50,000 रूपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश पारित किया।

## पुलिस ने पकड़ा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

धूमा पुलिस ने पकडा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरा ट्रक वाहन कार्यवाही जारी पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता द्वारा जिले में हो रहे अवैध गौ-वंश परिवहन के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 24.03.26 की रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बंजारी के पास हड्डी गोदाम के सामने जंगल तरफ से ट्रक क्रं. MP22H1353 में अवैध गौवंश क्रूरता पुर्वक भरकर नागपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये मौका की कार्यवाही हेतु थाना स्टाफ आर. 5.4 चन्द्रभान उड़के एवं गवाहान संजय पिता शंकरलाल झारिया को जरिये मोबाइल के सूचना देकर बुलाया एवं हमराह लेकर बंजारी के पास हड्डी गोदाम के सामने जंगल के पास में नाकाबन्दी की गई। जो ट्रक क्रं. MP22H1353 बंजारी के जंगल तरफ से आते हुआ दिखा जो उक्त ट्रक वाहन का चालक अपने ट्रक वाहन को तेज रफ्तार में चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ के स्टापर लगाकर बमुसकिल रोका गया। जो ट्रक क्रं. MP22H1353 के चालक एवं उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर ट्रक छोडकर भाग गये। ट्रक वाहन जिसका डाला के पीछे पटिया व रस्सी से बंधा हुआ था जिसे चेक करने पर गौवंश मवेशी रस्सी से क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। ट्रक वाहन में मौके पर ट्रक के डाला की पटिया हटवाकर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई ट्रक वाहन में ।। नग गाय, 05 नग बैल, 03 नग नाटे व 03 नग बछिया एवं 01 नग मृत बछिया कुल 23 नग गौवंश मवेशी क्रूरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु पाये गये। जिनको रस्सीयों से क्रूरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना क्रय विक्रय के दस्तावेजो डाक्टरी रिर्पोट के ले जाते हुये पाये गये। ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक के. MP22H1353 की कीमत लगभग 5,00,000 रू की होगी जो हमराह स्टाफ के मौके की कार्यवाही कर ट्रक वाहन के डाला में पाई गई गौवंश मवेशी एवं ट्रक वाहन को बिना दस्तावेजो के जप्ती किया। गौवंश मवेशीयो को नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाकर पावती प्राप्त की गई। अज्ञात आरोपीगणो के द्वारा गौवंश मवेशी का क्रुरतापुर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र.- 94/2026 धारा 4,6,9 गौवंश, 6(ग), 7.10क्. पशु परि.अधि., 11(1)(घ) पशु के प्रति. क्रूर. निवा. अधि 66/192 माया जप्ती ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक क्रं. MP22H1353 की कीमत लगभग 5,00,000/-1 उक्त कार्यवाही मे निरी० डोमन सिंह मरावी, सउनि जयराम ठाकुर, सउनि कन्हैयालाल धुर्वे, आर. 489 अरूण पटेल, आर. 500 रवि यादव, आर. 636 भैय्यन अंसारी, आर. 54 चन्द्रभान शाह उड़के एवं डायल 112 पायलेट गजेन्द्र एवं राजेन्द्र का सराहनी योगदान रहा।

## दो सिलेंडरों में विस्फोट, 3 मकान स्वाहा

**पांढुर्णा ।** कल बुधवार रात लगभग साढे दस बजे यहां शासकीय अस्पताल के करीब सिविल लाइन के एक मकान में रसोई गैस के दो सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। गैस सिलेंडरों के इस जबरदस्त विस्फोट के चलते लगी भीषण आग में



लक्ष्मण बिंझाडे, लाजवंती मोहबे और ललिता हापसे के 3 अलग-अलग मकान स्वाहा हो गए। इस दुर्घटना के कारण बिजली विभाग के सतर्कता बरतते हुए शहर के कुछ हिस्सों में बिजली कई घंटे तक बंद रखी। खुशी की बात है कि विस्फोट से किसी प्रकार की कोई जनहानी नहीं हुई। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में एक घंटे का वक्त लगा। जिस घर में विस्फोट हुआ वहां के लोग जरूरी कार्य से बाजार गए थे, इसलिए किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। बुधवार की रात में तीनों मकानों के सदस्यों को अपने परिचितों के यहां रात गुजारनी पडी। एक दुर्घटना प्रभावित परिवार के सदस्य लक्ष्मण बिंझाडे के अनुसार उन्हें उनके घर में साजिश के तहत आग लगाए जाने का शक है। इनका कहना है कि वे गन्ने का रस बेचने का काम करते है, रात्रि में वे अपनी गन्ना मशीन के लिए डिजल खरीदने पेट्रोल पंप पर गए थे। पंप पर किसी ने उन्हें विस्फोट और आग लगने की मोबाइल पर सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में एक एक्टिवा स्कूटी, मकान में रखे सोने के जेवर, कपडे, अनाज एवं किराना सामान के अलावा सभी चीजे राख हो गई।

## एनसीएल की जयंत परियोजना ने एक दिन में 1.21 लाख टन कोयला प्रेषण कर बनाया रिकॉर्ड

**परासिया।** वैश्विक ऊर्जा संकट और अनिश्चितताओं के वर्तमान दौर में देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) का योगदान निरंतर उल्लेखनीय बना हुआ है। कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख अनुषंगी कंपनी एनसीएल द्वारा कोयला मं त्रालय के निर्देशों के अनुरूप निर्बाध कोयला उत्पादन एवं प्रेषण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिल रही है। इसी क्रम में बुधवार को एनसीएल की सबसे बड़ी परियोजना जयंत परियोजना ने एक दिन में सर्वाधिक कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस दौरान परियोजना द्वारा देश के विभिन्न ताप विद्युत गृहों एवं उद्योगों को कुल 1.21 लाख टन कोयले का प्रेषण किया गया। इसमें भारतीय रेल के माध्यम से 17 रैक्स, पिटहेड पावर प्लांट्स को एमजीआर के माध्यम से 20 रैक्स तथा सड़क मार्ग से 278 ट्रक शामिल रहे।इस वर्ष जयंत परियोजना द्वारा सामान्यतः रेल माध्यम से औसतन 11 रैक्स तथा एमजीआर के माध्यम से औसतन 12 रैक्स का प्रेषण किया गया है। इस औसत की तुलना में बुधवार का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।यदि एनसीएल के समग्र प्रदर्शन की बात करें, तो कंपनी का वार्षिक औसत प्रतिदिन 45 रेल रैक्स तथा 55 एमजीआर रैक्स (पिटहेड प्लांट्स हेतु) का है, जबकि बुधवार को कंपनी ने 52 रेल रैक्स और 55 एमजीआर रैक्स का प्रेषण कर बेहतर प्रदर्शन किया। देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में टीम एनसीएल का यह उत्कृष्ट योगदान 'कोयला है तो भरोसा है' की संकल्पना को साकार करता है।

## पति बना हैवान: 24 घंटे में सुलझी पेंच नदी कांड की गुत्थी

### नागपुर ले जाकर रास्ते में की हत्या, शव सिंगोड़ी पुल से नदी में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

पेंच नदी पुल के नीचे मंगलवार को मिले अज्ञात महिला के शव की गुत्थी सिंगोड़ी पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा ली। इस सनसनीखेज मामले में महिला के पति को ही उसका हत्यारा पाया गया, जिसने वारदात को अंजाम देने के बाद शव को महाराष्ट्र से लाकर नदी में फेंक दिया।चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं एसडीओपी श्रीमती कल्याणी वरकड़े के निर्देशन तथा थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। मामला महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा जाएगा पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। चूंकि घटनास्थल सेलू थाना, जिला वर्धा (महाराष्ट्र) के अंतर्गत आता है, इसलिए मर्ग डायरी जांच के बाद प्रकरण संबंधित थाना को भेजा जाएगा।



### ऐसे खुला हत्या का राज

24 मार्च को सूचना मिली थी कि पेंच नदी पुल के नीचे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। जांच के दौरान महाराष्ट्र के वर्धा जिले के सेलू थाना पुलिस के साथ रोशन चक्रे (27) सिंगोड़ी पहुंचे। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी बहन प्रणिता अपने पति अक्षय चौरपगार के साथ 23 मार्च को नागपुर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

### पति ने कबूला जुर्म

सेलू थाना पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी अक्षय चौरपगार ने स्वीकार किया कि उसने रास्ते में पत्नी प्रणिता के साथ विवाद के बाद कार में ही उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद ग्राम सेलू के पास दोबारा गला दबाकर उसकी मौत सुनिश्चित की। हत्या के बाद आरोपी शव को लेकर नागपुर होते हुए रात करीब 10 बजे सिंगोड़ी स्थित पेंच नदी पुल पहुंचा और शव को नीचे पानी में फेंक दिया, ताकि पहचान छुपाई जा सके।

## 112 वर्ष की जगौतिया बाई साहू का होगा सम्मान, साहू समाज लेगा आशीर्वाद



**मैहर।** साहू समाज द्वारा माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 15 अप्रैल 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में समाज द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए अपने बुजुर्गों का सम्मान कर उनके आशीर्वाद प्राप्त करने की परंपरा की शुरुआत की जा रही है।इस पहल के तहत साहू समाज की 112 वर्षीया परदादी जगौतिया बाई साहू (पत्नी स्वर्गीय मंजू साहू) का सम्मान समारोह 29 मार्च 2026 को मैहर जिले के ग्राम धनवाही में जैतराम साहू के निवास स्थान पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल एक बुजुर्ग के सम्मान का अवसर होगा, बल्कि समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का भी संदेश देगा।ग्राम ईटौरा की निवासी जगौतिया बाई साहू अपने लंबे जीवन अनुभव और सरल, संतुलित जीवनशैली के लिए समाज में विशेष पहचान रखती हैं। उनके परिवार में दो पुत्र सुखलाल साहू और श्यामलाल साहू तथा सात पुत्रियां हैं। वर्तमान में उनके परिवार में नाती-पोते, बहू-बेटियों सहित लगभग 70 सदस्य हैं, जो एक बड़े संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहकर पारिवारिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं।कार्यक्रम में आसपास के गांवों एवं क्षेत्रों से साहू समाज के लगभग 200 से अधिक लोग शामिल होकर 112 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुकीं जगौतिया बाई साहू का सम्मान करेंगे और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपने संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।इस अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गांव की कुलदेवी मढ़िया दाई की पूजा-अर्चना से होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### भारत समेत दुनिया भर में एक्स डाउन, यूजर्स परेशान



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स गुरुवार को एक बार फिर डाउन हो गया, जिससे यूजर्स को काफी परेशानी उठानी पड़ी। अचानक आई इस दिक्कत के चलते न तो नई पोस्ट्स दिखाई दे रही थीं और न ही फीड ठीक से रिफ्रेश हो रहा था। कई यूजर्स एप और वेबसाइट दोनों पर प्लेटफॉर्म एक्सेस करने में भी असमर्थ रहे। इस समस्या की पुष्टि आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउन डिक्टेटर ने भी की।

### मप्र के स्कूलों में डेढ़ महीने की छुट्टियों का ऐलान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छुट्टियों का आधिकारिक कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार इस बार भी गर्मियों में बच्चों को लंबा ब्रेक मिलेगा, जिससे वे आराम के साथ-साथ अपनी छुट्टियों की बेहतर प्लानिंग कर सकेंगे। ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 तक रहेगा।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच होर्मुज से भारत के लिए खुशखबर

# भारत सहित पांच देशों के लिए ईरान ने खोला होर्मुज स्ट्रेट, ऊर्जा संकट कम होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ मुंबई



अब्बास अराघची

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अब साथी देशों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देगा। इन देशों में भारत भी शामिल है, साथ में चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान का नाम भी लिया गया है। इसका मतलब है कि भारत के जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित गुजरने दिया जाएगा। हालांकि, एक शर्त रखी गई है कि जहाजों को पहले ईरान के अधिकारियों से समन्वय करना होगा। इसी बीच, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि होर्मुज मार्ग के बंद रहने से तेल, गैस और खाद की सप्लाई रुक रही है, जिससे दुनिया भर में असर पड़ रहा है- खासकर खेती के समय। गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें, क्योंकि इससे आम लोगों की हालत खराब हो रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ रहा है। साथ ही उन्होंने ईरान से भी कहा कि वह अपने पड़ोसी देशों पर हमले बंद करे।

*ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के अनुसार ईरान ने अपने मित्र देशों के जहाजों को होर्मुज से निर्बाध आने-जाने की अनुमति दी है*

**भारत के साथ चीन, रूस इराक और पाकिस्तान को भी राहत**



न्यू मेंगलोर पोर्ट में पहुंचा जहाज

- **गुजरने से पहले जहाजों को पहले ईरान के अधिकारियों से समन्वय करना होगा**
- **गुटेरेस ने अमेरिका और इजराइल से अपील की कि वे युद्ध को जल्द खत्म करें**

### एलपीजी से भरा एक और टैंकर होर्मुज पार करके पहुंचा भारत

इधर, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते एलपीजी से भरा एक और टैंकर भारत आया है। इसका नाम अपोलो ओशन है। ये टैंकर न्यू मेंगलोर पोर्ट पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि अपोलो ओशन नाम के इस टैंकर में 17,600 मीट्रिक टन एलपीजी भरी है। इसकी सप्लाई इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को की जाएगी। इसके अलावा कई और एलपीजी से भरे टैंकर भारत पहुंचने वाले हैं। इनमें जग वसंत नाम का टैंकर देर रात तक पहुंच जाएगा। ये गुजरात के वाडीनार बंदरगाह पर आएगा। ये टैंकर 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते एक और एलपीजी से भरा टैंकर भारत आ रहा है। टैंकर के शुक्रवार की सुबह न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचने की उम्मीद है। इसमें 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई है।

*सरकार बोली: पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं*

### देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद

मोदी सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। भारत के पास कुल 74 दिनों की भंडारण क्षमता है और फिलहाल करीब 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा कि हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने किसी तरह की कमी से इनकार किया है।

विमान में तकनीकी खराबी कारण

# एयर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट सात घंटे बाद दिल्ली लौटी

- ***उड़ान के दौरान विमान के अंदर कुछ आवाजें सुनी गईं***
- ***विमान में कितने यात्री सवार थे नहीं बताया गया***




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया से जुड़ी एक और चिंता वाली खबर सामने आई है। गुरुवार दोपहर को एयर इंडिया की दिल्ली से लंदन के हीथ्रो जाने वाली उड़ान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के घंटों बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना से यात्रियों को न केवल अप्रत्याशित असुविधा का सामना करना पड़ा बल्कि एयरलाइन के बेड़े में हाल ही में शामिल किए गए आधुनिक विमानों की हालत पर भी सवाल खड़े हो गए। वापसी की यात्रा को मिलाकर, यह विमान कुल सात घंटे तक हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित वापस उतर गया।

उड़ान के दौरान विमान के अंदर कुछ आवाजें सुनी गई थीं, जिसके बाद यह मार्ग बदलने का फैसला किया गया। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान की वापसी का फैसला ऐहतियात के तौर पर लिया गया। एक संदिग्ध तकनीकी खराबी सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि विमान सुरक्षित उतर गया है और एयर इंडिया के उच्च सुरक्षा मानकों के तहत इसकी विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

### ए 350-900 विमानों पर सवाल

*एयर इंडिया ने इसी साल जनवरी 2024 से इन नए ए 350-900 विमानों का संचालन शुरू किया है। जिस विमान (वीटी-जेआरएफ) के साथ यह घटना हुई, उसका तकनीकी समस्याओं का पिछला रिकॉर्ड भी सामने आया है। 15 मार्च को भी इसी विमान में तकनीकी खराबी आई थी। उस समय यह विमान न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहा था और तकनीकी समस्या के कारण इसे आयरलैंड के शैनन शहर की ओर डायवर्ट करना पड़ा था।*

पांच माह से था केंद्रीय कारागार में

# सीएएफ के बर्खास्त जवान ने दो बार जिला के बाद तीसरी बार सेंट्रल जेल की फांदी दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



सेंट्रल जेल से सीएएफ का बर्खास्त जवान व सजायाफ्ता बंदी बुधवार की शाम उंची दीवार को फांद कर फरार हो गया। बंदी के दीवार फांदकर फरार होने की खबर मिलते ही जेल विभाग में हड़कंप मच गया। इसकी खबर तत्काल कोतवाली थाना में दी गई। जिसके बाद उसे खोजने के लिए जेल व पुलिस विभाग सक्रिय हो चुका है और उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्रीय जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी ने फोन पर कैदी के फरार होने की जानकारी दी। इसके बाद आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आरोपी कैदी की तलाश शुरू कर दी गई है। देर रात तक पुलिस जवान जेल के आसपास के इलाके में खोजबीन करते रहे लेकिन उसका सुराग नहीं लग पाया। फरार कैदी की पहचान महेंद्र दीवान 32 वर्ष के रूप में हुई है जो कांकेर का निवासी बताया जा रहा है। वह चोरी के मामले में पिछले एक साल से जगदलपुर केंद्रीय कारागार में बंद था। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी दंतेवाड़ा व कांकेर जिला जेल से फरार हो चुका है चोरी के मामले में उसे पांच साल की सजा हुई थी और 4 जनवरी 2026 को उसे जिला जेल दंतेवाड़ा से केन्द्रीय जेल जगदलपुर ट्रांसफर किया गया था।

बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# श्योपुर तहसीलदार अमिता सिंह तोमर हुईं 'गिरफ्तार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

**सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, केबीसी में जीती थी 50 लाख**



वर्ष 2021 के चर्चित बाढ़ राहत घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने श्योपुर की तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को बड़ौदा थाना पुलिस ने उन्हें ग्वालियर स्थित उनके निवास से हिरासत में लिया। इसके बाद उन्हें श्योपुर लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में महिला जेल शिवपुरी भेजने के आदेश दिए। अमिता सिंह तोमर उस समय बड़ौदा तहसील में पदस्थ थीं, जब बाढ़ प्रभावितों को राहत राशि वितरण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। जांच में खुलासा हुआ कि मुआवजा वितरण के दौरान काल्पनिक और अपात्र नामों को भुगतान किया गया, जबकि वास्तविक पीड़ितों को राहत से वंचित रखा गया। इस पूरे प्रकरण में सरकारी खजाने को करीब ढाई करोड़ रुपए की क्षति पहुंचने का अनुमान है। पुलिस ने उनके खिलाफ बड़ौदा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया था। अमिता सिंह तोमर वर्तमान में श्योपुर जिले के विजयपुर में तहसीलदार पद पर पदस्थ थीं। गिरफ्तारी से एक दिन पहले ही उन्हें पद से हटा दिया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में जमानत याचिकाएं दायर की थीं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली।

दिग्विजय ने अयोध्या में किए रामलला के दर्शन

# कहा-हम धर्म का उपयोग व्यवसाय और 'राजनीति' के लिए नहीं करते

*मैंने राम मंदिर का विरोध नहीं किया*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह पहली बार अयोध्या पहुंचे और उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद कहा- कांग्रेस में हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। हम धर्म का दुरुपयोग न तो व्यवसाय के लिए करते हैं न राजनीति के लिए करते हैं। कोई किसी भी धर्म का व्यक्ति क्यों न हो चाहे हिंदू हो, मुसलमान हो, सिख हो, चाहे पारसी हो या ईसाई हो, हर व्यक्ति अपनी आस्था के अनुसार धर्म का पालन करता है। लेकिन उसका राजनैतिक दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। धर्म का दुरुपयोग व्यवसाय के लिए नहीं करना चाहिए। जब प्रभु का बुलावा आता है तो हर व्यक्ति आ जाता है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में किया हनुमान लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण

पांढुर्णा जिले को दी 362 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

# हनुमान लोक का लोकार्पण रामराज्य की स्थापना के प्रति आस्था का प्रकटीकरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में 3 साल पहले बाबा महाकाल का महालोक बना। उसके बाद प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थलों को धाम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। गुरुवार को चैत्र नवरात्रि में पांढुर्णा के जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक सहित 362 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन अद्भुत अवसर है। श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में राम राज्य की स्थापना के प्रति सरकार की आस्था को प्रकट करता है। डॉ. यादव छिंदवाड़ा के पांढुर्णा स्थित जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री एवं पांढुर्णा जिले के प्रभारी प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी भी मौजूद थे।



श्री हनुमान लोक में पूजन करते सीएम

### आज से भोपाल से ओरछा के लिए पीएमश्री हेलिकॉप्टर सेवा का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए 10 बिस्तर का छोटा अस्पताल भी बनाया जाएगा। श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल से राजा रामचंद्र धाम ओरछा के लिए पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। डॉ. यादव ने 111 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और 251 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 33 विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।*



पांढुर्णा में श्री हनुमान लोक का लोकार्पण करते हुए

### पांढुर्णा जिले के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव गठित पांढुर्णा जिले में लंबे समय से कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय की आवश्यकता थी। इसकी पूर्ति करते हुए अब पांढुर्णा को जिला पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालय के भवन की सौगात भी मिल रही है। पांढुर्णा में 10 एकड़ भूमि पर इंडोर और आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। जिले में महिला पुलिस थाना बनाया जाएगा। सौंसर में कृषि विकास केंद्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

गृह विभाग का आदेश

# आपत्तिजनक फोटो वायरल ईपीएस डांगी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

### पीएचक्यू में किया गया अटैच

फिलहाल आईपीएस रतन लाल डांगी को निलंबित कर विभागीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान रतन लाल डांगी का मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

राज्य सरकार ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईपीएस रतन लाल डांगी को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई है। इसका आदेश गृह (पुलिस) विभाग ने जारी किया है। प्रारंभिक तौर पर यह पाया गया है कि आईपीएस रतन लाल डांगी ने अपने पद की गरिमा के अनुरूप आचरण नहीं किया और ऐसा व्यवहार किया जो नैतिकता और सेवा नियमों के खिलाफ है। उन पर पद के प्रभाव का दुरुपयोग करने और स्थापित सामाजिक मानकों का उल्लंघन करने के आरोप लगे हैं। आदेश में कहागया है कि उनकी गतिविधियां सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं, जिससे पुलिस विभाग की छवि पर नकारात्मक असर पड़ा। इस आधार पर उनके खिलाफ अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम 1968 के तहत कार्रवाई की गई है।

केरल में मोदी और ईसीआई का अपमान

# 'मानहानि' वाली वीडियो को लेकर एक्स के खिलाफ केस

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई से निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। वीडियो में कथित तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को भ्रामक और मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है।पुलिस ने एक बयान में कहा कि कथित मानहानिकारक सामग्री को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उसके संज्ञान में लाया गया था।



### जनता को गुमराह किया गया: पुलिस

केरल पुलिस ने कहा कि जांच में पाया गया कि एआई से बनेवीडियो में जनता को गुमराह करने, निकायों की विश्वसनीयता को कमजोर करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की क्षमता है।

## पेंटहाउस विवाद में पिता-पुत्र ने कार चढ़ाई

पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज

# महिला आईटी इंजीनियर की मौत.. दो घायल पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। पेंटहाउस को लेकर चल रहे तनाव के बीच पिता-पुत्र ने भीड़ पर तेज रफ्तार कार चढ़ा दी, जिससे एक महिला इंजीनियर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना एमआर-11 स्थित सागर टाउनशिप के समृद्धि एन्क्लेव में देर रात हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान शंपा



सीसीटीवी फुटेज में कार के नीचे महिला इंजीनियर

पाठक (पांडे) के रूप में हुई है, जो आईटी सेक्टर में कार्यरत थीं और इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर काम कर रही थीं। उनके पति भी आईटी क्षेत्र से जुड़े हैं। परिवार हाल ही में इसी महीने सोसाइटी में शिफ्ट हुआ था। उनके दो छोटे बच्चे हैं। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक, सोसाइटी निवासी कुलदीप चौधरी ने पेंटहाउस खरीदकर उसे किराए पर देना शुरू कर दिया था। बाहरी लोगों की लगातार आवाजाही से परेशान रहवासी इसका विरोध कर रहे थे। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान रहवासियों ने पेंटहाउस की बिजली बंद कर दी, जिसके बाद कुलदीप अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा और अन्य फ्लैट्स की लाइट बंद कर दी। इसी बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

### गुस्से में चढ़ाई कार, कई लोग चपेट में आए

तनाव बढ़ने पर आरोपी के बेटे ने गुस्से में कार भीड़ की ओर दौड़ा दी। इस दौरान एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक चौकीदार की पत्नी भी हादसे में जख्मी हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जनप्रतिनिधियों ने दोनों पक्षों में सुलह कराने की कोशिश भी की थी, लेकिन विवाद सुलझ नहीं पाया।

आज से उत्तरी हिस्से में तेज हवाओं के साथ कुछ जगह बारिश, गर्मी बढ़ी

# नर्मदापुरम में 'दिन का पारा' 41.6 डिग्री पर पहुंच गया

**दो दिन तापमान में बढ़त के बाद बारिश से गिरेगा प्रदेशभर में दिन का तापमान**

**भोपाल।** प्रदेशभर में शुक्रवार से मौसम बदलने की शुरूआत होगी। पहले प्रदेश के उत्तरी हिस्से के कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच आंधी-बारिश का दौर रहेगा। इससे पहले गुरुवार को नर्मदापुरम में दिन का पारा 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री पर पहुंच गया। इससे यहां तेज गर्मी रही। नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मार्च को सक्रिय होने से 29 से 2 अप्रैल के बीच प्रदेश के अलग अलग जिलों में बारिश, बादल और आंधी का असर रहेगा। शुक्रवार और शनिवार को ज्यादातर जिलों में दिन के तापमान में बढ़त होगी। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत दिन का पारा 37 डिग्री रहा। प्रदेश में सबसे अधिक दिन का तापमान नर्मदापुरम में 2.8 डिग्री बढ़कर 41.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 4.6 डिग्री अधिक है। भोपाल में 1.6 डिग्री बढ़कर 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक रहा है।

### कार ने स्कूटी सवारों को रौंदा, मासूम की मौत



**मंदसौर।** जिले में महू-नीमच फोरलेन हाईवे पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां के सामने 3 साल के मासूम की मौत हो गई। वहीं मां समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मामला फतेहगढ़ गांव का है। मृतक की पहचान जियान के रूप में की गई है। घायलों में शानू (30), नायरा (25) और 3 माह की बच्ची हानिया शामिल हैं। नायरा के सिर, पैर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं शानू के पैर, सिर, मुंह और हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में कराई नकल, गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल कराने के लिए जाली दिव्यांगता प्रमाण पत्र का इस्तेमाल करने और पेशेवर 'सॉल्वर' (प्रश्न पत्र हल करने वालों) के जरिए परीक्षा दिलवाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### मप्र में 54% डिलीवरी पार्टनर का ईवी पर जोर



**भोपाल।** फ्लिपकार्ट ने 'द लास्ट माईल लीपः एम्पॉवरिंग डिलीवरी फ्लीट्स टू एक्सेलरेट इंडियाज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ट्रांजिशन'' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के लिए भारत के लगभग 6,000 डिलीवरी पार्टनर्स का सर्वे किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यदेश के डिलीवरी पार्टनर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बहुत ज्यादा रुचि रखते हैं। सर्वे में शामिल 54 प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर्स ने ईवी अपनाने को लेकर इच्छा प्रकट की।

### श्रुति व मुरली बने अधिरा एंड अप्पा के ब्रांड एंबेसडर



**हैदराबाद।** अधिरा एंड अप्पा कॉफी ने अभिनेताओं श्रुति हासन और मुरली शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह ग्रुप अब क्यूएसआर और पेय पदार्थ उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की योजना बना रहा है, लेकिन संधारणीयता और परंपरा के साथ जुड़े रह कर। यह भारत के शहरों में दक्षिण भारत के असली फिल्टर कॉफ़ी का जायका पहुंचाने का लक्ष्य रखता है।

### एथर एनर्जी का सर्विस नेटवर्क दोगुना हुआ

**नई दिल्ली।** एथर एनर्जी लिमिटेड का सर्विस नेटवर्क भारत में 500 अधिकृत सेंटर्स तक पहुंच चुका है। एथर ने शुरू से ही उन सभी शहरों में सर्विस सपोर्ट देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, जहां कंपनी अपने स्कूटर बेचती है।

## आरोप कंपनियां हर दूसरे, तीसरे दिन लागू कर रहीं नियम

# गैस सिलेंडर संकट गहराया, डबल सिलेंडर वालों के लिए बड़ा झटका

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए एक बार फिर नियमों में बदलाव कर दिया गया है, जिससे अब राहत के बजाय परेशानी बढ़ गई है। नए आदेश के तहत जिन उपभोक्ताओं के पास दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें अब अगली बुकिंग के लिए 35 दिन का इंतजार करना होगा। पहले यह अवधि 25 दिन थी, जिसे बढ़ाकर सीधे 10 दिन और कर दिया गया है।

एलपीजी डीलरों का आरोप हैं कि कंपनियां हर दूसरे-तीसरे दिन वितरण नीति में बदलाव कर रही हैं जिससे डीलर्स की परेशानी बढ़ रही है तो आम उपभोक्ता पैनिक हो रहा है। कहा जा रहा है कि नई व्यवस्था में उपभोक्ताओं की श्रेणी के अनुसार बुकिंग का समय तय किया गया है। सिंगल सिलेंडर वाले उपभोक्ताओं के लिए अभी भी 25 दिन का नियम लागू रहेगा, जबकि उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग की अनुमति मिलेगी। वहीं 10 किलो के कम्पोजिट सिलेंडर के लिए यह अवधि करीब 18 दिन रखी गई है।




### छोटे सिलेंडरों पर भी लागू बदलाव

सिर्फ बड़े सिलेंडर ही नहीं, छोटे सिलेंडरों के लिए भी नई समय सीमा तय की गई है। 5 किलो वाले सिलेंडर के लिए 9 से 16 दिन और 10 किलो वाले के लिए 18 से 32 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। घरेलू गैस के साथ-साथ कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई भी दबाव में है। फिलहाल इन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सेवाओं और शिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। हालांकि आवंटन बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं, फिर भी बाजार में स्थिति सामान्य नहीं हो पाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि गैस की बढ़ती मांग और सप्लाई प्रबंधन को संतुलित करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### डिलीवरी की तारीख से गिना जाएगा समय

इस बार सबसे अहम बदलाव यह किया गया है कि बुकिंग का अंतराल अब पिछली डिलीवरी की तारीख से तय होगा। यानी अगर किसी उपभोक्ता ने जल्दी बुकिंग करने की कोशिश की, तो सिस्टम उसे स्वतः ही अस्वीकार कर देगा। इससे समय से पहले गैस मंगवाने की सुविधा पूरी तरह खत्म हो गई है। इस फैसले का सबसे ज्यादा असर शहरों में रहने वाले उन परिवारों पर पड़ेगा, जो डबल सिलेंडर कनेक्शन पर निर्भर हैं। पहले जहां एक सिलेंडर खत्म होते ही दूसरा उपलब्ध हो जाता था और बुकिंग भी समय पर हो जाती थी, अब गैस खत्म होने की स्थिति में इंतजार करना पड़ सकता है।

### रामनवमी भंडारे के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं : भटेजा

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने कहा कि आज सनातनियों का त्यौहार रामनवमी है रामनवमी के पर्व पर जगह-जगह भंडारों की व्यवस्था सनातनियों द्वारा की जाती है। भंडारे के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध है परंतु सिलेंडर की व्यवस्था न होने से भंडारे का आयोजन करने वाले काफी चिंतित है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल मध्यप्रदेश शासन से मांग की है कि भंडारे के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था कराई जाए।

# व्यापारियों से बकाया वसूली के लिए सीधे बैंकों को भेजे जा रहे नोटिस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मार्च माह में वाणिज्य कर विभाग द्वारा वसूली की कार्यवाही जारी है,राज्य सरकार अधिक से अधिक राजस्व मार्च माह में प्राप्त करना चाहती है इस कारण जीएसटी डिपार्मेंट के अधिकारी अवकाश के दिनों में भी कार्य कर रहे हैं एवं बकाया वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं, उनके द्वारा व्यापारियों से बकाया वसूली के लिए सीधे बैंकों को नोटिस भेजे जा रहे हैं साथ ही व्यापारियों से संपर्क कर बकाया मांगों को जमा करने के लिए कहा जा रहा है। विभाग प्रोफेशनल टैक्स की वसूली पर भी ध्यान दे रहा है जिस पर अभी तक विभाग का ध्यान नहीं था, जीएसटी के पूर्व वेट के अंतर्गत प्रत्येक व्यवसायी का कर निर्धारण होता था एवं उस समय अधिकारी प्रोफेशनल टैक्स जमा करवा लेते थे लेकिन जीएसटी आने के बाद बहुत कम व्यवसाइयों के कर निर्धारण होते हैं इस कारण व्यवसायी भी प्रोफेशनल टैक्स नहीं जमा कर रहे हैं जिस कारण सरकार को राजस्व प्राप्ति नहीं हो रही है। भोपाल संभाग एक की संयुक्त आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों को प्रोफेशनल टैक्स की वसूली करने एवं व्यापारियों को इसे जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य ने बताया कि प्रोफेशनल टैक्स जमा करने की आदत व्यापारियों से छूट गई है।

**कार्यालय नगर परिषद शहपुरा जिला - डिण्डौरी (म. प्र. )**
Phone-07640-230224 E-mail-cmoshahpuradidori@gmail.com

क./1499/न.प./2026/ शहपुरा. दिनांक - 26.03.2026

**दुकानों के अंतरण किये जाने की सूचना**

एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी स्वामित्व की मानस भवन वार्ड क.03 निर्मित दूकानें को अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 (संशोधन दिनांक 04.05.2021 एवं 28.03.2023) के प्रावधानों के अंतर्गत दुकान नीलामी हेतु ऑनलाइन निविदा विभागीय बेवसाइटhttp://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। पूर्व में उक्त निविदा समस्त दुकानों की ऑफलाइन निविदा के माध्यम से चार बार कॉल परिषद द्वारा की जा चुकी है एवं शेष बची हुई रिक्त दुकानों की निबिदा ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित है। निकाय द्वारा निर्धारित शर्तो पर 30 वर्षो की समयावधि के लिए दूकान नीलामी निविदा आंतत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.03.2026 को 06.00 से दिनांक 04.05.2026 को 6.00 तक कय किये जा सकते है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में कोई भी सूचना ऑनलाइन बेवसाइट पर कोरिजेन्डम के माध्यम से प्रकाशित होगी।

| क्रं. | ऑनलाइन निविदा | दूकान का विवरण | दूकान क्रमांक | आरक्षण की स्थिति | दूकान का साईज वर्ग मी. में | अमानत राशि | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_493803_1 | मानस भवन भू-तल दुकानें | 01 | अनु.जन.जा. | 12.96 | 13550.00 | 541680.00 | 1000.00 |
| 2 | 2026_UAD_493842_1 | | 07 | अनु.जन. | 12.96 | 13550.00 | 541680.00 | 1000.00 |
| 3 | 2026_UAD_493894_1 | मानस भवन प्रथमतल दुकानें | 26 | अनारक्षित | 12.96 | 5600.00 | 222704.00 | 1000.00 |

शर्ते- 1- निविदा दरें स्वीकृति का संपूर्ण अधिकार नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी को होगें। 2- दूकान नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटल एवं राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवलोकन की जा सकती है। 3- अन्य शर्ते टेण्डर डाक्युमेंट में उल्लेखित शर्तो के अनुसार रहेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शहपुरा
जिला - डिण्डौरी (म. प्र. )

# उद्योग मंत्री गोयल ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की 200 करोड़ रु. की सीएसआर पहल का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर ) के तहत 200 करोड़ रुपए के योगदान की घोषणा की। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उपस्थित रहे। इस सीएसआर पहल के तहत केंद्रीय मंत्री ने देशभर की 33,000 छात्राओं के लिए शैक्षणिक छात्रवृत्ति वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद, इंडिया ऑपरेशंस के प्रबंध निदेशक ओ. अशर, कार्यकारी निदेशक निशाद



एके और अब्दुल्ला इब्राहिम, केरल हाउस के रेजिडेंट कमिश्नर पुनीत कुमार (आईएएस), प्रथम के सीईओ रुक्मिणी बनर्जी और थानल के चेयरमैन डॉ. इदरीस सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट की पहलें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की बेटियों को सशक्त बनाने के विजन के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि "मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा सीएसआर के तहत 200 करोड़ रुपए आवंटित करने का निर्णय देश की प्रगति को और सुदृढ़ करेगा। मलाबार समूह के चेयरमैन एम.पी. अहमद ने कहा कि मानव संसाधन विकास राष्ट्रीय प्रगति की रीढ़ है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा का विकास अत्यंत आवश्यक है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों को शैक्षणिक सफलता हासिल करने और देश के विकास में योगदान देने में सक्षम बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि समूह दीर्घकालिक और स्थायी सामाजिक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2026-27 के दौरान 19 राज्यों के 3,000 से अधिक स्थानों पर 15 प्रमुख सीएसआर परियोजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे 2 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**कार्यालय नगर परिषद शहपुरा जिला - डिण्डौरी (म. प्र. )**
Phone-07640-230224 E-mail-cmoshahpuradidori@gmail.com

क./1498/न.प./2026/ शहपुरा. दिनांक - 26.03.2026

**दुकानों के अंतरण किये जाने की सूचना**

एतद द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी स्वामित्व की बस स्टैंड वार्ड क.03 निर्मित दूकानें को अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 (संशोधन दिनांक 04.05.2021 एवं 28.03.2023) के प्रावधानों के अंतर्गत दुकान नीलामी हेतु ऑनलाइन निविदा विभागीय बेवसाइटhttp://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। पूर्व में उक्त निविदा समस्त दुकानों की ऑफलाइन निविदा के माध्यम से चार बार कॉल परिषद द्वारा की जा चुकी है एवं शेष बची हुई रिक्त दुकानों की निबिदा ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित है। निकाय द्वारा निर्धारित शर्तो पर 30 वर्षो की समयावधि के लिए दूकान नीलामी निविदा आंतत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.03.2026 को 06.00 से दिनांक 04.05.2026 को 6.00 तक क्रय किये जा सकते है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में कोई भी सूचना ऑनलाइन बेवसाइट पर कोरिजेन्डम के माध्यम से प्रकाशित होगी।

| क्रं. | ऑनलाइन निविदा | दूकान का विवरण | दूकान क्रमांक | आरक्षण की स्थिति | दूकान का साईज वर्ग मी. में | अमानत राशि | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_493908_1 | बस स्टैंड भू-तल दुकानें | 05 | अनु.जन.जा. | 4.90m * 3m | 15500.00 | 612944.00 | 1000.00 |
| 2 | 2026_UAD_493915_1 | | 06 | अनु.जन.जा. | 4.90m * 3m | 15500.00 | 612944.00 | 1000.00 |
| 3 | 2026_UAD_493920_1 | | 09 | पिछड़ा वर्ग | 4.90m * 3m | 15500.00 | 612944.00 | 1000.00 |
| 4 | 2026_UAD_493922_1 | | 10 | अनारक्षित महिला | 4.90m * 3m | 15500.00 | 612944.00 | 1000.00 |
| 5 | 2026_UAD_493925_1 | | 11 | अनारक्षित महिला | 4.90m * 3m | 15500.00 | 612944.00 | 1000.00 |
| 6 | 2026_UAD_493930_1 | बस स्टैंड प्रथमतल दुकानें | 30 | अनारक्षित | 4.90m * 3m | 6500.00 | 258242.00 | 1000.00 |
| 7 | 2026_UAD_493933_1 | | 31 | अनारक्षित | 4.90m * 3m | 6500.00 | 258242.00 | 1000.00 |

शर्ते- 1- निविदा दरें स्वीकृति का संपूर्ण अधिकार नगर परिषद शहपुरा जिला डिण्डौरी को होगें। 2- दूकान नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पटल एवं राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवलोकन की जा सकती है। 3- अन्य शर्ते टेण्डर डाक्युमेंट में उल्लेखित शर्तो के अनुसार रहेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शहपुरा
जिला - डिण्डौरी (म. प्र. )

# अदाणी ने Youth4Jobs के साथ 'ग्लोबल एबिलिटी फोटोग्राफी चैलेंज 2026' के लिए साझेदारी की

**नई दिल्ली।** Youth4Jobs की पहल NotJustArt ने अदाणी GreenXTalks के साथ साझेदारी में ग्लोबल एबिलिटी फोटोग्राफी चैलेंज (GAPC) 2026 के 5वें संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतियोगिता दिव्यांगजनों के लिए भारत की सबसे बड़ी समावेशी फोटोग्राफी प्रतियोगिता मानी जाती है। यह प्रतियोगिता वैश्विक स्तर पर आयोजित की जा रही है, इसमें भाग लेना निःशुल्क है और यह सिर्फ दिव्यांग प्रतिभागियों के लिए है। पिछले चार संस्करण में ग्लोबल एबिलिटी फोटोग्राफी चैलेंज एक वैश्विक समावेशी मंच के रूप में तेजी से विकसित हुआ है। इस दौरान यह पहल 80 लाख से अधिक लोगों तक पहुंची, 50,000 से अधिक प्रतिभागियों को प्रेरित किया और 30 से अधिक देशों से एंट्रीज मिलीं। पिछले साल इस प्रदर्शनी आयोजन जापान और दुबई में भी किया गया था। ग्लोबल एबिलिटी फोटोग्राफी चैलेंज 2026 के तहत दिव्यांग फोटोग्राफर, चाहे वे शौकिया हों या पेशेवर, उन्हें अपनी तस्वीरों के माध्यम से अपने अनुभव, दृष्टिकोण और जीवन की कहानियों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इसका उद्देश्य इन कहानियों को मुख्यधारा में लाकर दिव्यांगता के प्रति सोच और दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाना है। Youth4Jobs फाउंडेशन की संस्थापक और सीईओ मीरा शेनॉय ने कहा, "ग्लोबल एबिलिटी फोटोग्राफी चैलेंज यह दर्शाता है कि जब दिव्यांगजनों को मंच मिलता है, तो वे केवल भागीदारी नहीं करते बल्कि अपनी अनूठी और प्रभावशाली दृष्टि के साथ नेतृत्व करते हैं। हमारे कई विजेता अनेक चुनौतियों को रचनात्मक तरीके से पार करते हुए अब नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।"

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**

Regional ROSARB Branch, Second Floor, Block- 10, JDA Building, Civic Centre, Jabalpur- 482001
Phone - +91-761-2409255, Email - sarjab@bankofbaroda.com

**E-AUCTION SALE NOTICE**

**SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES**

"APPENDIX- IV-A [See proviso to Rule 6 (2) & 8 (6)]

SCAN HERE For Detailed Terms & Conditions

E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 6 (2) & 8 (6) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower, Mortgagor (s) and Guarantor (s) that the below described immovable property mortgaged/charged to the Secured Creditor, possession of which has been taken by the **Authorised Officer of Bank of Baroda, Secured Creditor**, will be sold on **"As is where is", "As is what is", and "Whatever there is" and "Without legal recourse basis"** for recovery of dues in below mentioned account/s. The details of Borrower(s) / Mortgagor (s)/ Guarantor (s) /Secured Asset/s/Dues/Reserve Price/e-Auction date & Time, EMD and Bid Increase Amount are mentioned below-


| S. No. | Name of Branch | Name & address of Borrowers / Guarantors | Total Dues | Description of the immovable property with known encumbrances, if any name of Property Owner / Nature of Possession | Date & Time of E-auction | Reserve Price / EMD / Bid Increase amt. | Status of Posession Constructive/ Physical | Property Inspection Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ROSARB JABALPUR Base Branch Jabalpur Main Branch | 1. M/s Kanchan Medical Agencies Through Prop. Radhe Shyam Soni Address: - Shop No 9, Dawa Bazar, 2nd Floor Civic Center Marhatal Jabalpur (M.P.) 482003 2. Mr. Radhe Shyam Soni Address 1: Village Chawanpur NB 305, PC no 28, New Khasra no 9/3/1. Area 680 Sq.ft., Khinna Basti Kamla Nehru Nagar, Tehsil & Distt. Jabalpur (M.P.) 482003 Address 2: - 527, Single Story, Behind Manish Kirana, New Jagdamba Colony, Near Ukhri Road, Jay Prakash Narayan Ward, Teh & Distt. Jabalpur (M.P.) 482003 | Rs. 20,00,131/- (Rupees Twenty Lacs One Hundred Thirty One Only) + Interest + Other Charges | Equitable mortgage of open plot situated at Village Chawanpur NB 305, PH No 28/4, PC No 28, Khasra No 9/1(Old) and 9/3/1(New), Ward No 19, Khinna Basti, Kamla Nehru Nagar, Teh & Dist Jabalpur 482003 in the name of **Mr. Radhe Shyam Soni** **Boundaries:**- North - Jagannath Sahu property, South - Property of Rekha Sharma, East - Property of Kewat ji, West - Side Road | 30/04/2026 2.00 pm to 6.00 pm | Rs. 12,24,000/- Rs. 1,22,400/- Rs. 25,000/- | Physical | 20/04/2026 |

For detailed terms and conditions of sale, please refer to the link provided in **https://bankofbaroda.in/eauction.html and https://baanknet.com portal**. Also, prospective bidders may contact the authorized officer **Ph.No.: 0761-2409255, 9109440636.**

**Place: Jabalpur, Date: 27.03.2026**

**Authorised Officer, Bank Of Baroda**


## राशिफल


**मेष** ऊर्जा और आकर्षण बढ़ेगा, कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। खर्च पर नियंत्रण रखें, छोटी यात्रा के योग बनेंगे।


**वृष** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में स्थिरता रहेगी, लेकिन खर्च बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** नए अवसर मिलेंगे, करियर में प्रगति के योग हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा, प्रेम जीवन सुखद रहेगा। मानसिक थकान से बचें, यात्रा लाभकारी होगी।


**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें, कार्य में सावधानी जरूरी है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, प्रेम में संवाद बनाए रखें।


**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी, करियर में सफलता मिलेगी। परिवार में खुशियां रहेंगी, आर्थिक स्थिति सुधरेगी। आत्मविश्वास बनाए रखें, दिन शुभ रहेगा।


**कन्या** मेहनत का फल मिलेगा, कार्य में प्रगति होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा, आर्थिक लाभ संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, दिन सकारात्मक रहेगा।


**तुला** रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी, वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। धन लाभ के योग हैं। यात्रा लाभकारी हो सकती है, संतुलन बनाए रखें।


**वृश्चिक** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। कार्य में मेहनत जारी रखें, परिणाम धीरे मिलेंगे।स्वास्थ्य और रिश्तों में सावधानी जरूरी है। प्रेम संबंधों में सावधानी बरतें।


**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा, यात्रा के योग बनेंगे। आर्थिक लाभ संभव है।धार्मिक रुचि बढ़ेगी। दिन शुभ और ऊर्जावान रहेगा। सकारात्मक रहें।


**मकर** कार्य में सफलता मिलेगी, जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। व्यापार में लाभ होगा, परिवार में खुशियां रहेंगी। दिन व्यस्त लेकिन फलदायी रहेगा।



**कुंभ** नई योजनाएं सफल होंगी, मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्य-व्यापार में बढ़ोतरी होगी, भाग्य साथ देगा। दिन शुभ है, नई शुरुआत के लिए अच्छा समय है।


**मीन** मन प्रसन्न रहेगा, आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी, प्रेम मजबूत होगा। दिन शांत और सुखद रहेगा, छोटी यात्रा संभव है।

# एचएएफसीएल ने की मल्टी-डोमेन डिफेंस इकाई की घोषणा

**नई दिल्ली।** अग्रणी टेक्नोलॉजी एंटरप्राइस एचएफसीएल लिमिटेड ने उच्च मूल्य वाले एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स एवं रक्षा विनिर्माण में दीर्घकालीन वृद्धि को गति देने के लिए एक विस्तार योग्य प्लेटफॉर्म तैयार करते हुए अपने रक्षा कारोबार का रणनीतिक विस्तार एवं एकीकरण करने की घोषणा की। इस पहल से एयरोस्ट्रक्चर, एयरोनॉटिक्स, राडार सिस्टम्स और एडवांस्ड थर्मल वेपन साइट सॉल्यूशंस की पूरक क्षमताएं एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के नीचे आ जाएंगी,जिससे भारत के तेजी से उभरते रक्षा पारितंत्र में एचएफसीएल की स्थिति और मजबूत होगी। इस विस्तार की प्रमुख बातों में से एक करीब 1,570 करोड़ रुपये का पुष्ट निर्यात ऑर्डर है। इसका अनुशासित पूंजी आबंटन का ट्रैक रिकॉर्ड है।

## शब्द पहेली - 6177



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6176 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6187

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |



रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा

**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *



## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना

**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *



● छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,

मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1. मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2. न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3. चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *





**किताब:** आओ, नाटक खेलें, **लेखक:** उमा आनंद,
**अनुवादक:** बलराज पंडित, **मूल्य:** 55 रुपए,
**प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**ईशानी, बिलासपुर**



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी।फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।

### बेंगलुरु एफसी ने पेप मुनोज को मुख्य कोच नियुक्त किया



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को 2026-27 के सत्र के अंत तक के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। मुनोज के साथ फेरान बोर्रास भी बेंगलुरु की टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। मुनोज़ ने इससे पहले एफसी बार्सिलोना के युवा सेटअप में बारका अंडर-19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है। बेंगलुरु एफसी का मुख्य कोच बनने से पहले वह कंबोडिया में प्रेह खान रीच स्वे रींग के साथ यह भूमिका निभा रहे थे। कंबोडिया के क्लब के साथ उन्होंने दो साल का सफल कार्यकाल बिताया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार लीग कप जीता और इसके साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुंचा।

### गोल्फ चैंपियनशिप में सुनीत ने दर्ज की जीत



**पटना।** सुनीत चौरसिया ने डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई की चौथी प्रतियोगिता अल्फा स्पोर्ट्स एकेडमी गोल्फ चैंपियनशिप में एक शॉट से जीत दर्ज की। कोलकाता के चौरसिया (71-65-73) ने तीसरे और अंतिम दौर में 73 का स्कोर बनाकर अपना पहला खिताब जीता। उनका कुल स्कोर सात-अंडर 209 रहा। वह दिग्गज गोल्फर एसएसपी चौरसिया के भतीजे हैं। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत से 3,17,875 रुपये की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में 41वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। बिपिन मुखिया (68-75-67) ने आखिरी दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 बनाया और चार स्थान ऊपर चढ़कर छह-अंडर 210 के स्कोर के साथ उपविजेता रहे।

### ट्रांसजेंडर महिलाओं को ओलंपिक में भाग लेने की अनुमति नहीं

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की बृहस्पतिवार को जारी नयी पात्रता नीति के तहत ट्रांसजेंडर महिला खिलाड़ियों को अब ओलंपिक में खिलाड़ी के तौर पर भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। यह नीति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महिलाओं के खेलों पर कार्यकारी आदेश के अनुरूप है और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक से लागू होगी। आईओसी ने कहा, /"ओलंपिक खेलों या किसी अन्य ओलंपिक स्पर्धा में किसी भी महिला वर्ग की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए पात्रता अब केवल जैविक महिलाओं तक सीमित होगी। जिसे 'एसआरवाई जीन स्क्रीनिंग' के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।/" वर्तमान में यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी या कोई भी ट्रांसजेंडर महिला ओलंपिक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स: छग की अनुष्का को दूसरा पदक, वेटलिफ्टिंग में इसाक ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खास रहा। नीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीतने में सफल हुई। इसके साथ ही कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की।

वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है।

**निखिल ने कांस्य पदक जीता :** खेलो इंडिया ट्राइबल नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के पहले ही दिन भोई स्विमिंग एकेडमी के तैराक निखिल ने शानदार शुरुआत की है। उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में 1:11:77 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

## कर्नाटक ने स्वर्ण पदकों की लगाई हैट्रिक, वेटलिफ्टिंग में असम का शानदार प्रदर्शन




15 वर्षीय अंजलि बनीं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता

### चोट के बावजूद जीता गोल्ड

वेटलिफ्टिंग में असम की मोनिखा सोनोवाल और मिजोरम के इसाक मालसावम्तलुआंगा ने चोट से जूझते हुए शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीते। मोनिखा ने घुटने की चोट के बावजूद महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में 57 किग्रा स्नैच और 75 किग्रा क्लीन एंड जर्क के साथ कुल 132 किग्रा उठाकर स्वर्ण पदक जीता। ओडिशा की दीपा रानी मलिक (120 किग्रा) ने रजत और अंडमान-निकोबार की अलास्का अलीना (115 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया।

### कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ शीर्ष पर

कर्नाटक के तैराक मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत (2:59.33 सेकंड) ने रजत और ओडिशा की अंजलि मलिक (3:06.13 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। पदक तालिका में कर्नाटक छह स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि ओडिशा तीन स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## आईपीएल-2026 : पहला मैच बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच 28 को


# आईपीएल में आरसीबी ने खेले हैं 4 फाइनल मैच एक बार जीता खिताब, फिर चुनौती देने तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गत विजेता के रूप में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। आरसीबी ने अब तक आईपीएल के इतिहास में सिर्फ एक खिताब जीता है। हालांकि, ये टीम 3 बार उपविजेता भी रही है। हालांकि आईपीएल में आरसीबी ने यादगार पारियां खेलीं हैं और उसके फैंस को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी फिर विजेता का खिताब अपने नाम करेगी।

### 2009 में उपविजेता रही थी आरसीबी

आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था, जिसमें आरसीबी की टीम उपविजेता रही थी। जोहान्सबर्ग में हुए आईपीएल 2009 के फाइनल में पहले गेंदबाजी करते हुए आरसीबी ने डेक्कन चार्जर्स को सिर्फ 143/6 के स्कोर पर रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 137/9 का स्कोर ही बना सकी थी। उस सीजन में आरसीबी के कप्तान अनिल कुंबले थे।



### आरसीबी ने जीता ऐतिहासिक खिताब

आईपीएल 2025 में आरसीबी ने लीग स्टेज के 14 में से 9 मैच जीते और 4 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली थी। अंक तालिका में आरसीबी की टीम पीबीकेएस के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। आरसीबी ने क्वालीफायर-1 में पीबीकेएस को 8 विकेट से हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया था। फाइनल में आरसीबी ने पीबीकेएस को 6 रन से हराया था। पाटीदार ने टीम की कप्तानी करते हुए नया इतिहास लिखा था।

### 2011 में सीएसके के खिलाफ हारी थी आरसीबी

आईपीएल 2011 में डेनियल विटोरी की कप्तानी में आरसीबी ने लीग स्टेज के 9 मैच जीते और 4 में हार झेली थी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। फाइनल में माइकल हसी (63) और मुरली विजय (95) की उम्दा पारियों की बदौलत सीएसके ने 205/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी केवल 147/8 का स्कोर ही बना सकी थी।

### पिछले साल हुए हादसे के सम्मान में आईपीएल में नहीं होगी ओपनिंग सेरेमनी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले मैच से होनी है। इस बीच खबर है कि आगामी सीजन का उद्घाटन समारोह (ओपनिंग सेरेमनी) नहीं होगा। दरअसल, पिछले साल आरसीबी की विक्ट्री परेड के बाद हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। इन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बीसीसीआई ने फैसला किया है।

**समापन में होगा भव्य आयोजन**

मीडिया रिपोर्ट मुताबिक, बीसीसीआई ने भगदड़ में मरे हुए लोगों की याद में उद्घाटन समारोह को सादा रखने का फैसला किया। हालांकि, टूर्नामेंट के आखिर में समापन समारोह (क्लोजिंग सेरेमनी) के भव्य होने की उम्मीद है। इसके लिए बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल योजना बना रहे हैं। बता दें कि आईपीएल 2025 में भव्य उद्घाटन समारोह हुआ था, जिसमें शाहरुख खान, श्रेया घोषाल, करण औजला और दिशा पाटनी जैसी हस्तियों ने परफॉर्म किया था।

**देवजीत सैकिया ने दी जानकारी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने इस बारे में जानकारी दी। इस बारे में उन्होंने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना के कारण आईपीएल 2026 के शुरू होने वाले दिन (बेंगलुरु में) कोई औपचारिक समारोह नहीं होगा। उन दिवंगत आत्माओं के सम्मान में बीसीसीआई आगामी सीजन की शुरुआत पर किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है।

# टीम इंडिया इस साल 17 शहरों में खेलेगी 22 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले चार देशों की टीमें आएंगी खेलने

## एशिया कप में कंपाउंड तीरंदाजों का शानदार



एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखा तथा रजत चौहान और चिकिता तनिपार्थी की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित जोड़ी फाइनल में पहुंच गई, लेकिन रिकर्व तीरंदाजों को निराशा ही हाथ लगी। भारत के दो कांस्य पदक पहले ही पक्के हो चुके हैं, जबकि पांच खिलाड़ी फाइनल में हैं। इसके अलावा भारत दो और कांस्य पदकों के लिए दावेदार है, जिससे वह पिछले साल के आठ पदकों (पांच स्वर्ण, दो रजत, एक कांस्य) के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी होने के कारण क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाले चौहान और तनिपार्थी ने लगातार दो जीत हासिल करके अपनी उत्कृष्टता साबित की।

### चीन और कजाकिस्तान को हराया

भारत की मिश्रित टीम जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को 159-155 से हराया और फिर सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 157-153 से पराजित किया। दोनों मैचों में 32 तीरों के बीच संभावित 320 अंकों में से भारतीय जोड़ी ने केवल चार अंक गंवाए, जिससे उनके दबदबे का पता चलता है। इससे उन्होंने देश के लिए कुल मिलाकर छठा पदक पक्का कर दिया।

### महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रिधि फाइनल में

महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा की उभरती हुई तीरंदाज रिधि फोर फाइनल में पहुंच गई हैं और उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतना होगा। भारत ने बुधवार को दो कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी पुरुष कंपाउंड टीम तथा रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि की महिला रिकर्व टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था।

### पुरुषों की सेल्फ स्पर्धा में दो पदक पक्के

पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में देश का स्वर्ण और रजत पदक सुनिश्चित है, क्योंकि प्रथमेश जवकर और उदय कंबोज के बीच फाइनल होगा, जबकि रजत चौहान कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

क्रिकेट

# सीएसके ने जीते हैं पांच खिताब आरआर से 30 को होगी भिड़ंत



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपरकिंग्स सबसे सफल टीम है। दरअसल, सीएसके ने इस लीग में कुल 5 खिताब जीते हैं। उनके अलावा मुंबई इंडियंस भी 5 बार विजेता बनी है। आगामी सीजन में सीएसके रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेलते हुए अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से करेगी। सीएसके के यादगार मैच आज भी दर्शकों के दिलो-दिमाग में बसे हुए हैं।

### 2010 में पहली बार विजेता बनी थी सीएसके

सन 2008 में फाइनल हारने के बाद सीएसके की टीम पहली बार 2010 में विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराया था। उस सीजन के सेमीफाइनल में सीएसके ने डेक्कन चार्जर्स को 38 रन से करारी शिकस्त दी थी। 2010 के सीजन में सीएसके ने अपने लीग स्टेज के 14 में से 7 मैच जीते थे और इतने ही मुकाबले हारे थे।

### 2011 में लगातार दूसरी बार जीता था खिताब

सन 2011 में खेले गए संस्करण में भी सीएसके की टीम विजेता बनी थी। इसके साथ ही सीएसके लीग इतिहास की पहली ऐसी टीम बनी थी, जिसने लगातार 2 खिताब जीते हैं। सीएसके ने लीग स्टेज के 14 में से 9 मैच जीते और 5 में शिकस्त झेली थी। सीएसके को खिताब जिताने में माइक हसी की अहम भूमिका रही थी। उन्होंने 41.00 की औसत के साथ 492 रन बनाए थे। गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन ने 20 विकेट लिए थे।

### दो साल के प्रतिबंध के बाद जीता खिताब

सीएसके पर 2016 और 2017 के लिए 2 सालों का प्रतिबंध लगा था। इसके बाद 2018 में सीएसके ने खिताबी जीत के साथ वापसी की थी। उस संस्करण के फाइनल में सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया था। फाइनल में जीत के लिए मिले 179 के लक्ष्य को सीएसके ने हासिल किया था। खिताबी मैच में शेन वॉटसन ने शतक (117*) लगाया था।

### बेंगलुरु 10के में भारतीय एलीट वर्ग की अगुवाई करेंगे गुलवीर सिंह

**बेंगलुरु।** मौजूदा एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह रविवार को बेंगलुरु में होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) दौड़ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। गुलवीर इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया था, जहां उन्होंने 59:42 का समय लिया था, जो किसी भी भारतीय हाफ मैराथन धावक का सर्वश्रेष्ठ समय है। टीसीएस वर्ल्ड 10के की कुल पुरस्कार राशि 210,000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 26,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

# अतिका 'डब्ल्यूएसके' कार्टिंग में सर्वश्रेष्ठ महिला चालक बनीं

एजेंसी ▶▶ फ्रांसियाकोर्टा (इटली)

भारतीय रेसिंग प्रतिभा अतिका मीर ने 'डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर्स' कार्टिंग रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें चरण के फाइनल में 53 चालकों में से आठवां स्थान हासिल किया। इस परिणाम के साथ उन्होंने इस प्रमुख कार्टिंग श्रृंखला में सर्वश्रेष्ठ भारतीय चालक के साथ-साथ सबसे उच्च रैंक वाली महिला के रूप में अपना अभियान समाप्त किया।

पांच चरणों की सीरीज में उन्होंने एक पोडियम (शीर्ष तीन में स्थान), दो सबसे तेज लैप और आठ बार शीर्ष छह में जगह बनाई।



उन्होंने यहां अंतिम मुकाबले में 13वें स्थान से शुरूआत की और आठवां स्थान हासिल किया। यह उनकी दृढ़ता और तेज प्रदर्शन का स्पष्ट प्रमाण है। फ्रैंसियाकोर्टा चरण में उन्होंने पूरे सप्ताहांत में लगातार शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी प्रगति को दिखाया।

### जम्मू में पहले हाफ मैराथन के लिए 3600 ने किया पंजीकरण

**जम्मू।** पर्यटन को बढ़ावा देने और फिटनेस गतिविधियों में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहले जम्मू हाफ मैराथन का आयोजन रविवार 29 मार्च को होगा। इस मैराथन में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दौड़ स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'जम्मू मैराथन एक्सपो' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि इस आयोजन को केन्द्र शासित प्रदेश और उसके बाहर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, /"800 से अधिक प्रतिभागी जम्मू एवं कश्मीर के बाहर से आ रहे हैं, जबकि केन्द्र शासित प्रदेश से लगभग 2,800 पंजीकरण हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुल 3,558 घरेलू और 90 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी इस मैराथन में भाग लेंगे।

## चोट और अन्य कारणों से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए खिलाड़ी

# इस आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे कई दिग्गज खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होनी है, जिसमें कुल 10 टीमें हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। आगामी सीजन के शुरू होने से पहले सभी टीमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजरें बनाए हुए हैं। इसी क्रम में कुछ खिलाड़ी चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर दूसरे खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है। इस बीच 2026 सीजन से बाहर हुए प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

### हर्षित राणा (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण बाहर हो चुके हैं और उनकी जगह पर टीम ने नवदीप सैनी को शामिल किया है। राणा पिछले कुछ समय से केकेआर के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से टीम को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि राणा ने पिछले 2 सीजन में केकेआर से खेलते हुए कुल 34 विकेट लिए थे।





### सैम कर्रन (आरआर)

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के ऑलराउंडर सैम कर्रन भी आगामी सीजन में नहीं खेलते दिखेंगे। दरअसल, ग्रोइन इंजरी के चलते वह इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। आरआर ने उनकी जगह पर श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर दासुन शनाका को शामिल किया था। कर्रन अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में शनाका के पास अच्छा मौका होगा। बता दें कि शनाका को नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था।

### नाथन एलिस (सीएसके)

चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के पूरे 2026 सीजन में अपने स्टार ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस के बिना ही खेलना होगा। इस तेज गेंदबाज को सीएसके ने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस साल की नीलामी से पहले रिटेन किया गया था। एलिस ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 17 मैचों में 28.73 की औसत के साथ 19 विकेट लिए थे।

### आकाश दीप (केकेआर)

कोलकाता नाइट राइडर्स के आकाश दीप भी चोट के कारण आगामी सीजन से बाहर हो चुके हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पिछले सीजन में एलएसजी से 3 विकेट लिए थे। अपने आईपीएल करियर में उन्होंने कुल 10 विकेट लिए हैं। उनकी जगह पर केकेआर की टीम ने सौरभ दुबे को शामिल किया है। सौरभ एक बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जो घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं।




# अग्नि हादसों से दहला जबलपुर, 1 जिंदा जला

## 24 घंटे में 4 बड़े हादसे, लाखों का नुकसान

**जबलपुर। शहर में पिछले 24 घंटे आग की घटनाओं से दहशत का माहौल बना रहा। अधारताल के फर्नीचर शोरूम से लेकर बरगी के गेम जोन क्लब और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज तक तथा मेडिकल कालेज सहित 4 अलग-अलग स्थानों पर भीषण आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में जहां लाखों रुपये का नुकसान हुआ, वहीं एक स्थान पर जले हुए मलबे में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। ऐसा माना जा रहा है कि बरगी के मानेगांव में बने एडवेंचर पार्क में एक बेल्डर मिसिंग है नरकंकाल उसी का हो सकता है। फिलहाल पुलिस डीएनए टेस्ट कराने जा रही है।**

### फर्नीचर शोरूम में भीषण आग

गुरुवार सुबह-सुबह अधारताल क्षेत्र स्थित साहू और रियाज फर्नीचर शोरूम व गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, क्योंकि अंदर बड़ी मात्रा में लकड़ी और तैयार फर्नीचर रखा हुआ था। सूचना मिलते ही नगर निगम फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए एक के बाद एक करीब 10 दमकल वाहन बुलाने पड़े। थाना अधारताल और गोहलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आसपास की सब्जी मंडी और रहवासी क्षेत्र को एहतियातन खाली कराया गया। प्राथमिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में लाखों रुपये का फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।



### क्लब में आग के बाद मिला नर कंकाल

बरगी के मानेगांव-चूल्हा गोलाई क्षेत्र स्थित फडिंगो गेम जोन क्लब में बुधवार शाम अचानक आग लग गई थी। घंटों की मशक्कत के बाद रात करीब 2 बजे आग पर काबू पाया गया। जब देर रात पुलिस और एफएसएल टीम जांच के लिए अंदर पहुंची, तो जले हुए मलबे में एक युवक का नर कंकाल मिला। इससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक, वहां अशोक मरावी नामक वेल्डर के काम करने की जानकारी मिली है, जो घटना के बाद से लापता है। नर कंकाल की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। घटना के बाद से क्लब संचालक का मोबाइल फोन बंद बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। प्रारंभिक कारण यहां भी शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### लैब में धमाके के साथ आग

शहर के प्रतिष्ठित जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर कक्ष में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। पहले हल्की चिंगारी और आवाज आई, फिर तेज धमाका हुआ और कमरे में काला धुआं भर गया।

घटना के बाद कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।कंप्यूटर लैब में रखे कुछ उपकरणों के नुकसान की आशंका है, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यहां भी आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### लगातार शॉर्ट सर्किट प्रणाली पर उठ रहे सवाल

तीनों घटनाओं में प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट सामने आ रहा है। लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं ने शहर में फायर सेफ्टी इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नियमित इलेक्ट्रिकल जांच जरूरी है. फायर सेफ्टी उपकरणों की समय-समय पर जांच हो. भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आपातकालीन निकास की व्यवस्था दुरुस्त रहे।

### प्रशासन अलर्ट, जांच जारी

तीनों मामलों में पुलिस और प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। फायर विभाग ने भी संस्थानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी है। लगातार तीन बड़े अग्नि हादसों ने साफ कर दिया है कि लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल शहर में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा इंतजामों को लेकर चिंतित हैं।

# मेडिकल के बच्चा वार्ड के आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से पंखे में लगी आग!

**हरिभूमि, जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल की तीसरी मंजिल स्थित एनआईसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के चलते एक पंखे में अचानक आग भड़क उठी। घटना के समय वार्ड में मौजूद स्टाफ की सतर्कता और तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, आग के साथ फैले घने धुएं के कारण वार्ड के बाहर मौजूद परिजनों में अफरा-तफरी और भगदड़ जैसे हालात बन गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अचानक पंखे में स्पार्किंग के बाद आग लग गई, जिससे कुछ ही पलों में धुआं फैलने लगा। स्थिति को भांपते हुए मौके पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने बिना घबराए तुरंत अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। समय रहते उठाए गए इस कदम से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, आग से ज्यादा धुआं फैलने के कारण एनआईसीयू के बाहर खड़े परिजन घबरा गए और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो उठे। कुछ समय के लिए अस्पताल परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई, जिसे बाद में अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा कर्मियों ने संभाल लिया।

**स्टाफ की तत्परता से बड़ा हादसा टला, अग्निशमन यंत्र से पाया काबू, धुएं के कारण परिजनों में मची भगदड़**

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन सक्रिय हुआ और स्थिति का जायजा लिया गया। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। फिलहाल सभी नवजात सुरक्षित हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और विद्युत उपकरणों के नियमित मेंटेनेंस की आवश्यकता को उजागर कर दिया है।

# डाटा एंट्री का काम दिलाने के नाम पर साढ़े 5 लाख हड़पे

**जबलपुर।**

संजीवनी नगर थानांतर्गत तीन फर्जी ऑनलाइन कंपनियों ने एक युवक को डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी देने का झांसा देकर उसके क्यू आर कोड के माध्यम से उससे अलग-अलग बैंक खातों से पैसे मांगकर पांच लाख ४* हजार रुपये की चपत लगा दी। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि रॉयल स्कूल संजीवनी नगर निवासी उत्कर्ष सत्र नेटवर्किंग विजनेस बिलीवर्स का काम करता है। 2-3 महीने उसे इनफाईन सलुसन, सॉफटेक प्राइवेट लिमिटेड, टेक्नोटॉक्स कंपनियों ने सभी कंपनियों को एक बताकर डाटा एंट्री का काम करने का मैसेज भेजा था उत्कर्ष ने संपर्क करने कंपनियों से मैसेज का रिप्लाई किया तो कंपनियों ने उसकी डिटेल मांगी। और पेमेंट के लिए क्यू आर कोड मांगा। जिसके माध्यम से उसने 3685 रुपये उनके मोबाइल के माध्यम से डाल दियसा। इसी प्रकार से कई मोबाइल नंबरों से क्यूआर कोर्ड व बैंक खाते पर लगभग एक लाख 70 हजार रुपये भेजे फिर उसे जॉब दिलाने का लालच देकर बार-बार पैसे मांगता रहा। इस तरह अज्ञात व्यक्ति ने उसे डाटा एंट्री की नौकरी का लालच देकर धोखाधड़ी कर पांच बैंकों से पांच लाख 43 हजार रुपये लेकर हड़क लिए।

**क्यूआर कोड के जरिए अलग-अलग बैंक खातों से उड़ाई रकम**

### व्यापारी से एक लाख 35 हजार की ठगी

लार्डगंज थानांतर्गत यश मार्केट लार्डगंज निवासी मुकेश जैन के साथ किसी अज्ञात जालसाज ने डर या चोट पहुंचाने की धमकी देकर एक लाख 35 हजार रुपये हड़प लिए।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत तेवर ब्रिज के पास भोपाल रोड में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की उपचार दौरान मौत हो गई। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरीला हटीला थाना मझौली निवासी 18 वर्षीय राशिद शाह को गत 21 मार्च को दोपहर लगभग 1.30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिए हेल्थ सिटी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान गुरुवार की सुबह 4.10 बजे राशिद शाह की मौत हो गई। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

# बेलखेड़ा में वारदात, किसान के घर से 8 लाख व जेवर लूटे

## हथियारबंद लोगों ने किया हमला, 2 बेहोश

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत एक किसान के घर में हथियारबंद बदमाशों ने घुसकर न केवल जानलेवा हमला किया बल्कि घर पर रखे 7-8 नगद और मंगलसूत्र व हार भी लूटकर ले गए। हमले में घायल किसान के पिता और चाचा को बेहोशी की हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल घटना की वजह जो सामने आई उसके मुताबिक गत 25 मार्च को गुबराकला निवासी अनुभव बहुनिया अपनी मोटरसायकिल से खेत जा रहा था तभी उसे एक स्कार्पियों वाहन चालक ने ओवरटेक करते हुए तेज हॉर्न बजाकर निकल गया, उसके बाद दोनों में विवाद हुआ। स्कार्पियों चालक ने बोला कि अभी समय नहीं है तुम्हे देखता हूं कहते हुए चला गया। उसके बाद रात 11 बजे किसान के घर में हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया। एक बदमाश की पिस्टल भी किसान के घर पर गिर गई। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुबराकला निवासी 23 वर्षीय किसान अनुभव बहुनिया 25



मार्च की सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से खेत जा रहा था। इसी दौरान ऋषिकांत चौधरी अपनी स्कॉर्पियो से पीछे से हॉर्न बजाते हुए तेज रफ्तार में ओवरटेक कर आगे निकल गया। अनुभव उससे कहा कि थोड़ा संभलने का समय दें, जिस पर ऋषिकांत ने धमकी देते हुए कहा कि "अभी समय नहीं है, तुम्हें देखता हूं" और वहां से चला गया। इसके बाद करीब 11 बजे इंद्रकुमार चौधरी, उसका बेटा ऋषिकांत चौधरी, आकाश लोधी निवासी सुनाचर, अभिराज लोधी निवासी शहपुरा और 7–8 अन्य लोग फरसा, तलवार, लाठी-डंडा, रॉड और हसिया लेकर उसके घर पहुंचे और घर में घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। इंद्रकुमार चौधरी ने तलवार से हमला कर अनुभव के चाचा रामनारायण के सिर और आंख के ऊपर चोट पहुंचाई। वहीं ऋषिकांत ने फरसा से अनुभव के पिता रामनरेश के सिर पर वार किया, जिससे वे गिर पड़े। इसके बाद अभिराज और आकाश ने रॉड से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर अनुभव को भी हाथ और सिर में चोट आई।

आरोपियों ने अनुभव की मां अभिलाषा और दादी मानूबाई के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर हार, मंगलसूत्र और गोदरेज आलमारी में रखे करीब 7–8 लाख रुपये नगद लूट लिए। घटना के बाद घायल पिता और चाचा को सुविधा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वे बेहोश बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि मारपीट के दौरान आरोपियों में से एक के पास कट्टा/रिवॉल्वर घटना स्थल पर गिर गया।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 191(2), 191(3), 190, 333, 309(6), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ई-कोर्ट में पेश हुई साढ़े आठ माह की गर्भवती के बयान की रिकार्डिंग

**जबलपुर** । पूर्व निर्देश के पालन में गुरुवार को मप्र हाईकोर्ट के समक्ष साढ़े आठ माह की गर्भवती के बयान की रिकार्डिंग पेश की गई। इसे सुनने के बाद के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने पिता की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता सतना निवासी पिता का आरोप था कि उसकी पुत्री को जबरन बंधक बनाया गया है। लिहाजा, पुलिस मुक्त कराए। पुलिस की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता की बेटी दिल्ली में अपने पति के साथ रहती है और साढ़े आठ माह की गर्भवती है। जिसके कारण वह यात्रा करने में असमर्थ है। पुलिस ने गर्भवती के बयान की पेन ड्राइव हाई कोर्ट में पेश की। जिसमें उसने कहा कि स्वेच्छा से विवाह करने और बच्चे को जन्म देने के बाद पैतृक गांव आने की बात कही गई। कोर्ट ने महिला के बयान को सुनने के बाद याचिका का निराकरण कर दिया।

पिता द्वारा दिसम्बर, 2025 में दायर की गयी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया कि उसने घर के सामने रहने वाला युवक उसकी 22 वर्षीय बेटी को जबरदस्ती ले गया है। बेटी के लापता होने की रिपोर्ट उसने 19 मार्च, 2025 को थाने में की थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए नौ माह से अधिक का समय गुजर गया है, परंतु पुलिस अभी तक उसकी तलाश नहीं कर पाई है। जिसके कारण बंदी प्रत्यक्षीकरा याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट ने लापता युवती को पेश करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस के द्वारा पिछली सुनवाई के दौरान स्टेटस रिपोर्ट दायर करने समय प्रदान करने की राहत चाही गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस की तरफ से पेश स्टेट्स रिपोर्ट में बताया कि दोनो ने रोहिणी दिल्ली स्थित आर्य समाज मंदिर में 20 मार्च, 2025 को विवाह कर लिया था। पुलिस के द्वारा विवाह का सर्टिफिकेट भी पेश किया गया। पुलिस ने द्वारा मेडिकल रिपोर्ट पेष करते हुए बताया गया कि महिला के साढ़े आठ माह की गर्भवती है, जिसके कारण यात्रा करना जोखिमपूर्ण है। पुलिस के द्वारा पेन ड्राइव में रिकार्ड महिला के बयान को हाई कोर्ट में पेश किया गया। रिकार्डिंग सुनने के बाद याचिका का निराकरण कर दिया गया।

**पिता की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण**

# अधिवक्ता संघ सीधी के चुनाव का विवाद सुलझाने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला अधिवक्ता संघ सीधी के चुनाव का विवाद सुलझाने के लिए हाईकोर्ट बार जबलपुर के सचिव परितोष त्रिवेदी को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कोर्ट कमिश्नर को मामले का निराकरण कराने के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।दरअसल, सीधी जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित सचिव रविंद्र कुमार गौतम ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि चुनाव के बाद वहां के अध्यक्ष द्वारा उन्हें प्रभार नहीं सौंपा जा रहा है। दलील दी गई कि उनके कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। हाईकोर्ट ने श्री त्रिवेदी को कमिश्नर नियुक्त करते हुए उन्हें अधिकृत किया है कि वो 31 मार्च को सीधी अधिवक्ता संघ जाकर निर्वाचित सचिव को प्रभार और जरूरी दस्तावेज दिलाएं। कोर्ट ने संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिए कि वे कार्रवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर का पूरा सहयोग करें। परितोष त्रिवेदी ने कोर्ट के समक्ष स्वेच्छा से जाहिर किया कि वे इस पूरी प्रक्रिया के लिए कोई भी फीस नहीं लेंगे। कोर्ट ने उक्त निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

## मैहर कलेक्टर को हाईकोर्ट का अवमानना नोटिस

### पूर्व आदेश की नाफरमानी का मामला

मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी के रवैये पर कलेक्टर, मैहर रानी बाटड़ को अवमानना नोटिस जारी किया है। विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिए। अवमानना याचिकाकर्ता ग्राम तिलोरा, मैहर निवासी 80 वर्षीय विधवा तारा बाई पांडे की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अवमानना याचिकाकर्ता के पति त्रिभुवननाथ पांडे शासकीय सेवक थे। उनके निधन के बाद विधवा तारा बाई न्याय चाह रही हैं। पूर्व में दायर याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया गया था कि सेवानिवृत्ति भुगतानों संबंधी शिकायत 90 दिन के भीतर दूर कर दी जाए। हाई कोर्ट के आदेश सहित अभ्यावेदन देने के बावजूद कलेक्टर ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान छह माह बीत गए। लिहाजा, अवमानना याचिका दायर की गई। कोर्ट ने लापरवाही को गंभीरता से लेकर अवमानना नोटिस जारी कर दिया।

## हाईकोर्ट ने कैरोसिन डिपो की जमीन पर दुकानें बनाने पर मांगा जवाब

**जनहित याचिका : प्रमुख सचिव राजस्व व कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में कैरोसिन डिपों के लिये आवंटित जमीन पर दुकानों का निर्माण किए जाने के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, कलेक्टर निवाड़ी, तहसीलदार पृथ्वीपुर व श्याम बिहारी सिंह राठौर को नोटिस जारी किए गए हैं। अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद नियत की गई है। जनहित याचिकाकर्ता भोपाल बावरिया रोड रूद्राक्ष पार्क निवासी जितेन्द्र सिंह राठौर की ओर से दलील दी गई कि निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर नगर पालिका अंतर्गत करीब पांच हजार वर्गफीट जमीन शासन ने अनावेदक श्याम बिहारी सिंह राठौर को कैरोसिन डिपो के लिए आवंटित की थी।

द्वितीय पुण्यतिथि

स्मृति शेष अंकित मिश्रा की द्वितीय पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-न्यन्यानि संयाति नवानि देहि ॥

"जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नए वस्त्र धारण करता है, उसी प्रकार आत्मा पुराना शरीर त्याग कर नवीन भौतिक शरीर धारण करती है।"



स्व. अंकित मिश्रा

श्रद्धावनत

वत्सला मिश्रा-आलोक मिश्रा (मां-पिता)
छाया मिश्रा-आदित्य मिश्रा (चाचा-चाची)
साक्षी मिश्रा (पत्नी) अनन्या मिश्रा, आरवी मिश्रा (पुत्रियां)
सेजल मिश्रा-अर्पित मिश्रा (बहू-भाई)
अर्हा मिश्रा-आर्यन मिश्रा (भाई)
आन्यशा मिश्रा (भतीजी)
राजकुमारी पाण्डे-यू. के. पाण्डे (बुआ-फूफा)
संतोष तिवारी-अवधेश तिवारी (बुआ-फूफा)
वंदना मिश्रा-राजेन्द्र मिश्रा (बुआ-फूफा)
राजेश्वरी तिवारी-अभिलाष तिवारी (भाभी-भाई)
अपूर्वा पाण्डे-अभय पाण्डे (भाभी-भाई)
दीपा मिश्रा-सिद्धार्थ मिश्रा (बहू-भाई)

नायक परिवार, चंडोक परिवार, स्नेही स्वजन एवं अंकित मिश्रा मित्रमंडल।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240